आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 4 मार्च 2023 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष -12 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-334 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 5 मार्च 2023 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

पिकअप पलटा, 22 महिलाएं घायल

बालोद,4 मार्च। जिले में सड़क हादसे की खबर सामने आई है, यहां महिलाओं से भरी

पिकअप पलट गई। इस हादसे में 22 महिलाएं घायल हुई हैं, जिनमें से 6 की हालत गंभीर बताई जा रही है। दरअसल, ग्राम भेड़ी से नाहंदा जाने के लिए 22 महिलाएं पिकअप में सवार होकर निकली थीं, मगर रास्ते में ही हादसे का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि पिकअप बहुत तेज रफ्तार में था, जिसके कारण ड्राइवर उस पर नियंत्रण नहीं रख सका और वो पलट गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आस-पास मौजूद लोगों ने सभी महिलाओं को पिकअप से बाहर निकाला और पुलिस को भी इस घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही लोहारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हादसे में 22 महिलाएं घायल हुई हैं, जिनमें से 6 की हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने पिकअप को जब्त कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है। वहीं आरोपी पिकअप ड्राइवर फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

घर में बिना बताये दो बालक गायब

डोंगरगढ़,4 मार्च। नगर के वार्ड नं. 05 बीड़ी कालोनी से दो नाबालिक बालक घर से बिना बताये कहीं चले गए है जिसकी वजह से माता पिता सहित परिजनों ने आम लोगों से अपील की है कि ये बालक कहीं भी देखें जाए तो तत्काल 7389298836 व 9285596566 सहित थाना प्रभारी डोंगरगढ़ 9479192111 के नंबर पर सूचना देनें का कष्ट करें. परिजनों ने बताया कि शुभ कुमार धमगाये पिता

हरीश धमगाये उम्र 12 वर्ष व समक्ष सहारे पिता अजय सहारे उम्र 11 वर्ष निवासी बीड़ी कालोनी वार्ड 05 इंदिरा नगर जो कि 02 मार्च लगभग 3.00 से 4.00 बजे दोपहर से बिना बताए घर में बिना बताए कहीं चले गये है.

रिहायशी इलाके में भालू की आमद

कांकेर,4 मार्च। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के शहर से लगे डुमाली गांव में एक जंगली भालू रिहायशी इलाके में खुलेआम घूमता दिखा. भालू के दिखने से लोग दहशत में है. ग्रामीणों ने खुलेआम घुमते भालू का वीडियो भी बनाया है. जानकारी के अनुसार, आज सुबह कांकेर शहर से सटे डुमाली गांव में एक बार फिर भालू दिखा. इसके इलाके में हड़रुप मच गया है. जंगल से भालू भोजन-पानी के तलाश में

रिहायशी इलाकों तक पहुंच रहे हैं. गर्मी के चलते भालू लागतार रिहायशी में देखे जा रहे है. वहीं बीते रात कांकेर शहर से सटे मालगांव में मादा भालू व उसके नन्हे शावक को देखा गया. हालांकि, अभी तक क्षेत्र में भालू ने किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचाया है.

राज्यपाल के अभिभाषण पर अजय चंद्राकर बोले

17 दिसंबर के बाद करायेंगे गोबर खरीदी की जांच, कई जेल जाएंगे

रायपुर,4 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़

विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर ने विपक्ष की ओर से मोर्चा संभाला. उन्होंने कहा कि सुराजी गांव योजना, ये योजना क्या काम करती है, क्या मापदंड है, ये बताए कांग्रेस. नरवा, गरुवा, घुरुवा और बारी योजना के लिए बड़ी बातें हुई, पर इसमें क्या हुआ. मुख्यमंत्री की फ्लेगशिप योजना के लिए बजट तक नहीं है. यह योजना किस विभाग की योजना है? 17 दिसंबर के बाद हम गोबर के सच्चाई की जांच कराएंगे और लोग जेल जाएंगे. अजय चंद्राकर ने कहा कि भाजपा विधायक चंद्राकर ने कहा कि वहीं रोका-छेका अभियान पर सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि केवल दो-तीन डंडा कलेक्टर को पकड़ा देने से रोका-छेका अभियान नहीं हो जाता. सरकार ने आदिवासी नृत्य कराया. रामायण कराया. कांग्रेस के नेता की एजेंसी को नौ करोड़ रुपये का भुगतान किया गया. पेसा कानून लागू करने का श्रेय सरकार ले रही है. पेसा का क्या हाल है? इस पर खुली चर्चा करा ली जाये. आदिवासियों से षड़यंत्र का आरोप लगाते हुए कहा कि सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा में आदिवासी लड़कियों से शादी कर बाहरी लोगों के जमीन खरीद रहे हैं. इस पर सरकार जांच करा ले. इसके साथ पेसा के तहत ग्रामीणों को दिए गए अधिकार पर सरकार से सवाल किया.

इसके पहले अजय चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस अधिवेशन के समय 20 क्विंटल जो गुलाब बिछा था. वह व्यक्ति पूजन के लिए था. यह सरकार पूर्ण तरीके से दिवालिया हो गई है. इस पर आसंदी ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण की जगह आप अधिवेशन पर ही चर्चा कर लें. चंद्राकर ने कहा कि सरकार कोदो, कुटकी, रागी के समर्थन मूल्य घोषित करने की बात करती है, लेकिन केंद्र सरकार पहले ही इसका समर्थन मूल्य घोषित कर चुकी है. सीएम भूपेश बघेल ने अजय चंद्राकर के भाषण की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज बिना बहके सही दृष्टि से बात रख रहे हैं.

केंद्र सरकार केवल रागी को ही समर्थन मूल्य दे रही है, जबकि कोदो-कुटकी के समर्थन मूल्य की मांग हमने केंद्र सरकार से की है. असली बोनस का लाभ सरकार के लोगो को मिल रहा. अजय चंद्राकर ने कहा कि राजीव मितान क्लब के नाम पर बड़ा खेला हो गया है. छत्तीसगढ़ ओलम्पिक में खेलते-खेलते तीन खिलाड़ियों की मौत हो गई. लेकिन आयोजन किसने कराया ये मालूम नहीं. खेलो इंडिया, छत्तीसगढ़ ओलंपिक में खेला होबे हुआ. छत्तीसगढ़ की भावना को सरकार ने मजाक बनाकर रख दिया है. इसके साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ में भाजपा कार्यकाल के साथ-साथ कांग्रेस के कार्यकाल में हुए वृक्षारोपण की सोशल ऑडिट कराने की मांग की. उन्होंने कहा कि जितने पौधे लगाए गये हैं, उतने से राज्य में 100 प्रतिशत वन हो जाता.

भाजपा विधायक ने सरकार पर हमला जारी रखते हुए कहा कि रोग जल रहा था या जलाया गया. इसे लेकर इतिहासकारों में विवाद है, लेकिन यहाँ आपके आनंद के लिये छत्तीसगढ़ को जलाया जा रहा है. भानुप्रतापपुर में एक कार जल गई. उसमे बैठे चार लोग अब तक गायब है, लेकिन ये किसी को नहीं मालूम कहा चले गये. आत्मानंद स्कूल खोला गया. एक भी नई बिल्डिंग नहीं बनी. पुरानी बिल्डिंग में किस-किस मद से राशि खर्च की गई? रेनोवेशन के नाम पर घोटाला हुआ. सरकार क्या इसकी जाँच कराएगी?

चर्चा के दौरान विधानसभा में स्पीकर की अनुमति लेकर बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने केंद्रीय एजेंसियों पर बड़ा आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि बीजापुर में कई केंद्रीय एजेंसियाँ काम कर रही है. एजेंसी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को धमका रही है. एजेंसी डरा रही है. आईबी के अधिकारी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को डरा रहे हैं. इस मामले की जाँच कराई जाये.

मुख्यमंत्री ने भाजपा पर कसा तंज

रायपुर,4 मार्च। कर्नाटक में भाजपा विधायक के बेटे के ठिकानों में छापेमारी के दौरान करोड़ों रुपए बरामद हुए हैं. इस पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर भाजपा पर तंज कसते हुए छत्तीसगढ़ में प्रति व्यक्ति आय बढ़ने के साथ बेरोजगारी कम होने का उदाहरण दिया है. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कर्नाटक में हुई कार्रवाई और छत्तीसगढ़ विधानसभा में पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण की खबरों को अटैच करते हुए ट्वीट किया है. उन्होंने पूछा कि छत्तीसगढ़ में क्या हो रहा है? प्रति व्यक्ति आय बढ़ रही है, बेरोजगारी दर देश से कम है, जीडीपी देश से ज्यादा है. वहीं भाजपा शासित राज्यों में क्या हो रहा है? 40 प्रतिशत कमीशनखोर सरकार चल रही है, विधायकों से करोड़ों रुपए मिल रहे हैं. नतीजा छत्तीसगढ़ में ईडी, आईटीआ रही है, वहां चुनावी तैयारी है.

मोदी से मुलाकात के बाद बोले बिल गेट्स

भारत की प्रगति को लेकर पहले से कहीं अधिक आशावादी

नई दिल्ली,4 मार्च। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक और परोपकारी बिल गेट्स ने 3 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। उन्होंने स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अभिनव कार्य पर विस्तार से चर्चा की। अपने आधिकारिक ब्लॉग के लिए लिखते हुए बिल गेट्स ने कहा, ÷ऐसे समय में जब दुनिया में इतनी सारी चुनौतियाँ हैं, भारत जैसी गतिशील और रचनात्मक जगह की यात्रा करना प्रेरणादायक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी बैठक का जिक्र करते हुए बिल गेट्स ने कहा कि मेरी यात्रा का एक मुख्य आकर्षण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शुक्रवार की बैठक थी। वह अपने समय के साथ उदार थे, क्योंकि हमने इस बारे में बात की थी कि कैसे विज्ञान और नवाचार दुनिया भर में और भारत में असमानताओं को कम करने में मदद कर सकते हैं। गेट्स ने कहा कि हालांकि मैंने महामारी के कारण पिछले तीन वर्षों में ज्यादा यात्रा नहीं की, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी और मैं संपर्क में रहे, खासकर कोविड-19 के टीके विकसित करने और भारत की स्वास्थ्य प्रणालियों में निवेश को लेकर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शनिवार को ट्विटर का सहारा लिया और कहा कि वह बिल गेट्स से मिलकर और प्रमुख मुद्दों पर व्यापक चर्चा करके खुश हैं। बिल गेट्स ने स्वास्थ्य, विकास और जलवायु जैसे क्षेत्रों में भारत की प्रगति की सराहना की और कहा कि देश दिखा रहा है कि जब नवाचार में निवेश किया जाता है तो क्या संभव है।

कपिल सिब्बल ने भारत में 'अन्याय' से लड़ने के लिए नये मंच की घोषणा की

नयी दिल्ली,4 मार्च। राज्यसभा के सदस्य एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-नीत केंद्र सरकार के कार्यकाल में देश में मौजूद 'अन्याय' से लड़ने के लिए शनिवार को एक नये मंच की घोषणा की और इस काम में गैर-भाजपाई मुख्यमंत्रियों एवं नेताओं समेत सभी से उनका सहयोग करने की अपील की। सिब्बल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह न्याय के खिलाफ लड़ाई में लोगों की मदद करने के लिए 'इंसाफ' मंच और 'इंसाफ का सिपाही' नामक वेबसाइट शुरू कर रहे है और इस पहल में वकील अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

फ्रेंचायजी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी का खुलासा

दुर्ग,4 मार्च। फ्रेंचायजी दिलाने के नाम पर लाखों रूपए की हुई ठगी का दुर्ग पुलिस ने खुलासा किया है। प्रार्थी को केएफसी की फ्रेंचायजी दिलाने का झांसा देकर करीब 9.50 लाख रूपये ठग लिये थे। पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को नवादा बिहार से गिरफ्तार कर लिया है। वहीं फरार आरोपी की पतासाजी की जा रही है। पुलिस ने बताया कि ठगो ने GoDaddy वेब होस्टिंग साईट का उपयोग कर 250 से ज्यादा कंपनियों का फेक वेब पेज बनाया था। ठगी के लिये कई हाई टेक टूल्स का इस्तेमाल करते थे। आरोपियों के द्वारा छत्तीसगढ़ के अलावा भारत के 17 प्रांत के लोगों के साथ धोखाधड़ी की घटना को अंजाम दिया गया है। आरोपियों द्वारा देश के विभिन्न राज्यों के हजारों लोगों से ठगी की कोशिश की गई थी। 100 से ज्यादा लोगों से ठगी करने में सफल हूए थे, तकरीबन 5 करोड़ से अधिक राशि की ठगी की गयी है। सायबर ठगों से 16 फोन, 1 टैबलेट, 1 लैपटॉप, 3 एटीएम, 1 पेन कार्ड, आधार कार्ड, 05 बैंक खातों की जमा पर्ची, वेबसाईटों के एडमिन पेज ऐड्रेस एवं नगदी रकम 4,67,150 रूपये बरामद कर किया गया है।

फुंसी के इलाज के लिए काट दी छात्रा के हाथ की नस

एसडीएम ने दवाखाना किया सील

बलौदाबाजार,4 मार्च। जिले से एक बड़ा मामला सामने आया है. यहां स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा के हाथ में हुए फुंसी को नीम हकीम डाक्टर ने चीरा लगाकर उसका नस ही काट दिया और महीनों उसका इलाज करता रहा. इस घटना के सामने आने के बाद एसडीएम बलौदाबाजार ने नीम हकीम डाक्टर के दवाखाना को सील कर दिया है. वहीं मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है. जानकारी के मुताबिक, यह मामला तब सामने आया जब स्कूल के प्रधानाध्यापक सुनील तिवारी ने छात्रा के हाथ से खून बहते देखा और कारण पूछा तब छात्रा ने बलौदाबाजार के बंगाली डाक्टर से इलाज की बात बताई. तब

प्रधानाध्यापक छात्रा को जिला अस्पताल लेकर गए. जहां उसके हाथ का छोटा आपरेशन किया गया, फिलहाल छात्रा अभी स्वस्थ है. इस घटना के संबंध में एसडीएम रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधान पाठक ने शिकायत दर्ज कराई थी. जिसके बाद बलौदाबाजार के जूबी हर्बल दवाखाना में छापा मारा गया. जहां इलाज कर रहे कथित डाक्टर के पास कोई डिग्री नहीं है तथा वह फर्जी तरीके से बोर्ड में एमबीबीएस की डिग्री लिखकर इलाज कर रहा था. वहीं बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाइयां भी मिली है, जिन्हें जब्त किया गया है. जिसके बाद दवाखाना को सील कर दिया गया है और मामले में जांच कर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी.

एथलेटिक्स : बांस कूद (पोलवाल्ट) में निरंतर बनता विश्व कीर्तिमान

अलग दृष्टिकोण खेलकूद में दिलायेगा सम्मान

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

एथलेटिक्स एक ऐसा खेल है जिसे हम सभी खेलों का साथी या गुरु कह सकते हैं। एथलेटिक्स में दौड़ने, कूदने, भागने तथा उछलने के मुकाबले होते हैं। आधुनिक ओलंपिक खेलों में सम्मिलित प्रतियोगिताओं की बात की जाए तो एथलेटिक्स ही एक ऐसा खेल है जिसमें एक खिलाड़ी को तैयार करने के लिए कम से कम खेल सामग्री की आवश्यकता होती है। अर्थात् कम खर्च में इस खेल के विभिन्न इवेंट सम्पन्न हो जाते हैं। समय के परिवर्तन के साथ एथलेटिक्स स्पर्धा अब छत के नीचे याने इंडोर तथा खुले आसमान के नीचे अर्थात् आउटडोर स्टेडियम में सम्पन्न होती है। कम व्यय, कम जगह का खेल होने के कारण यह पूरी दुनिया के सभी देशों में लोकप्रिय है। फिलहाल इंटरनेशनल एसोसिएशन आफ एथलेटिक्स फेडरेशन जिसे अब वर्ल्ड एथलेटिक्स के नाम से जाना जाता है। यह फेडरेशन विश्व में एथलेटिक्स चैंपियनशिप के आयोजन, एथलेटिक्स खेल के उन्नयन,खिलाड़ी व संबंधित अन्य लोगों के हित का पक्षधर है। इस फेडरेशन में आज की स्थिति में संसार के 215 देशों को मान्यता दी है। एथलेटिक्स के अंतर्गत 2020 के टोक्यो ओलंपिक में पुरुष वर्ग के 24 जबकि महिला वर्ग के 23 इवेंट हुए। इनमें पोलवाल्ट एक इवेंट शामिल है। पोलवाल्ट अर्थात् बांसकूद को आधुनिक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में शुरुआत 1896 से लगातार पुरुष वर्ग में जबकि सन् 2000 सिडनी ओलंपिक से अब तक शामिल किया गया है। यह खेल बहुत ही लोकप्रिय है। 2020 के टोक्यो ओलंपिक में इसे स्वीडन के आरमांड ड्यूपलेंटिस ने 6.02 मीटर की ऊंचाई तक छलांग लगाकर जीता था। आरमांड ही एक मात्र ऐसे पोल वाल्टर हैं जो कि पिछले कई दिनों से निरंतर बांसकूद में विश्व कीर्तिमान स्थापित करते जा रहे हैं। वैसे इस खेल के इतिहास पर नजर डालने से पता चलता है कि 8 जून 1912 को पहली विश्व प्रतियोगिता हुई थी उस समय संयुक्त राज्य अमेरिका के मार्क राइट ने 4.02 मीटर ऊंचाई तक छलांग लागकर स्वर्ण पदक जीता था। उसके पश्चात 77 बार विश्व रिकार्ड दर्ज किया गया है। अंतिम 25 फरवरी 2023 को स्वीडन के आरमंड ड्यूप्लांटिस ने 6.22 मीटर की ऊंचाई को पोलवाल्ट से पास किया। इस तरह यह खेल बहुत ही रोचक और साहस का परिचायक है। पहले सोवियत संघ-यूक्रेन की ओर से खेलने वाले सर्जेई बुबका ऐसे एथलीट हैं जिन्होंने पोलवाल्ट की लोकप्रियता में चार चांद लगाये। उन्होंने अपने खेल युग में मई 26, 1984 से लेकर 31 जुलाई 1994 तक 17 बार विश्व कीर्तिमान को ध्वस्त किया। अब स्वीडन के पोलवाल्ट के नये सितारे सिर्फ 23 वर्षीय आरमंड का पदार्पण हुआ है जो कि 8 फरवरी 2020 से 25 फरवरी 2023 तक 6 विश्व कीर्तिमान स्थापित कर चुके हैं। यह बहुत ही गौरव की बात है। पोलवाल्ट के खेल को भारत के साथ ही छत्तीसगढ़ में भी बढ़ावा देना चाहिए। यह खेल कम खर्च में कहीं पर भी खेला जा सकता है। विश्व मानचित्र पर भारत को लाने के लिए ऐसे खेलों की ओर विशेष ध्यान देना पड़ेगा। जिस तरह नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में भारत का नाम रोशन किया है। बांसकूद सही पूर्वानुमान, धैर्य की परीक्षा लेता है। हालांकि आउटडोर स्पर्धा में वातावरण, माहौल, मौसम का परिणाम में फर्क पड़ता है। हवा के तेज बहाव और तेज गर्मी, ठंड से एथलीट अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे पाते हैं। छत्तीसगढ़ में ऐसे खेल के लायक ग्रामीण वनांचल में बहुत युवा मिल सकेंगे अतः कोशिश जारी रखनी चाहिए।

बिलासपुर में खुलेगा छग का दूसरा एम्स, केंद्र से मंजूरी

■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर,4 मार्च। जल्द ही छत्तीसगढ़ को एक नया एम्स मिलने वाला हैं। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने इसकी जानकारी दी है। टीएस सिंहदेव ने ट्वीट कर बताया कि समस्त प्रदेशवासियों को अत्यंत संतोष से सूचित करना चाहता हूं कि बिलासपुर में एम्स खोले जाने के प्रस्ताव पर सहमति प्राप्त हो गई है। प्रदेश में एक नए एम्स की स्थापना से स्वस्थ्य व्यवस्था को एक अभूतपूर्व मजबूती प्राप्त होगी। बता दें कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन बिलासपुर में एम्स खोलने का मुद्दा सदन में उठा था।कांग्रेस विधायक शैलेष पांडेय ने बिलासपुर में एम्स खोलने का मुद्दा उठाया था और कहा- जब भी एम्स खोला जाए, बिलासपुर में ही खोला जाए। बीजेपी विधायक धरमलाल कौशिक ने भी समर्थन किया। विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा क्या इस सदन ने एक शासकीय संकल्प भेजा जाएगा? नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा राज्य की ओर से जब भी पहल की जाए, एम्स बिलासपुर में खोला जाए, इस दिशा में प्रयास किया जाना चाहिए। जवाब में स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा बिलासपुर में एम्स खोलने राज्य शासन ने एक अर्ध शासकीय पत्र केंद्र को लिखा है। देश के कई राज्यों में एम्स पहले नहीं होते थे। आज भी कई राज्य ऐसे हैं जहां एम्स नहीं है। हाल ही में मीडिया रिपोर्ट आई है कि केंद्र हर राज्य में कम से कम एक एम्स खोला जाएगा। मुख्यमंत्री से भी मैंने राज्य में दूसरे एम्स खोले जाने के संदर्भ में चर्चा की थी। राज्य में पाँच संभाग है, इनमें सबसे बड़ा

संभाग बिलासपुर है. जनसंख्या के अनुपात में, माँग के आधार पर और औचित्य के आधार पर भी बिलासपुर में खोले जाने पर मेरी सहमति है। मैंने केंद्रीय मंत्री को इस बारे में पत्र लिखा है। उनका जवाब भी आया है कि उन्हें पत्र मिल गया है। रायपुर एम्स में भी अब बिस्तरों की कमी हो रही है।

ब्रिस्बेन के हिंदू मंदिर में तोड़फोड़

मेलबर्न,4 मार्च। ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तान समर्थकों ने एक बार फिर से हिंदू मंदिर को निशाना बनाया है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में एक मंदिर में तोड़फोड़ की गई। इसके साथ ही दीवारों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पिछेल दो महीने में ऑस्ट्रेलिया में किसी मंदिर से जुड़ी यह चौथी घटना है। तोड़फोड़ की घटना शनिवार की सुबह उस समय देखने को मिली जब श्रद्धालु सुबह की पूजा के लिए आए। ऑस्ट्रेलिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार ब्रिस्बेन के दक्षिण में बरवैक उपनगर में स्थित, ब्रिस्बेन में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर को कथित तौर पर खालिस्तानी समर्थकों द्वारा तोड़ दिया गया।



भाजपा नेता के घर जमीन के अंदर मिली बुद्ध प्रतिमा

धरसीवां,4 मार्च। क्षेत्र के सोण्डरा गांव में भाजपा नेता के घर जमीन से भगवान निकलने की खबर से गांव में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है. बीजेपी नेता दिलेंद्र बंछोर के घर मिट्टी से सनी खंडित प्रतिमा जमीन के अंदर से निकली है. यह प्रतिमा जैन तीर्थंकर भगवान की है या अन्य भगवान की, यह अभी स्पष्ट नहीं हुआ है. इसकी जानकारी मिलते ही आसपास के लोग भाजपा नेता बंछोर के घर भगवान के दर्शनार्थ पहुंच रहे हैं.

तीन मकानों में आग

भिलाई,4 मार्च। पाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दैमार में आज जगन्नाथ ठाकुर घर में गैस सिलेंडर फटने से आग लग गई। आग देखते ही देखते आसपास के 3 घर को और अपनी चपेट में ले लिया। अभी तक किसी प्रकार की जनहानि की तो सूचना नहीं मिली है लेकिन बताया जा रहा है कि इस घटना में घर पर रखे कीमती सामान एवं धान भी पूरी तरह से जल गया है। घटना की खबर मिलते ही पाटन पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है। साथ ही साथ फायर ब्रिगेड की गाडी को भी बुलाया गया है। इसके अलावा स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है।

एक नजर

चंदूलाल चंद्राकर चिकित्सा महाविद्यालय का अधिग्रहण, 150 करोड़ रुपये स्वीकृत

भिलाई, 4 मार्च। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए प्रस्तुत 4 हजार 143 करोड़ 60 लाख, 71 हजार 652 रुपए का तृतीय अनुपूरक बजट पारित कर दिया गया। जिसमें भिलाई के चंदूलाल चंद्राकर चिकित्सा महाविद्यालय के अधिग्रहण के लिए 150 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सदन में तृतीय अनुपूरक बजट में किए प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि जिला चिकित्सालयों में दवाइयां तथा अन्य सामग्री की आपूर्ति के लिये 210 करोड़ रूपए और चंदूलाल चंद्राकर चिकित्सा महाविद्यालय, दुर्ग के अधिग्रहण के लिए 150 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इस राशि से महाविद्यालय के भवन एवं चिकित्सा उपकरणों की राशि की प्रतिपूर्ति की जायेगी।

6 को अखिल भारतीय हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन का आयोजन

भिलाई, 4 मार्च। भिलाई इस्पात सयंत्र के क्रीड़ा सांस्कृतिक व नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा होली की पूर्व संध्या पर महात्मा गाँधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में आगामी 6 मार्च (सोमवार) को अखिल भारतीय हास्य व्यंग कवि सम्मलेन का आयोजन संध्या 7.30 बजे से किया जा रहा है। आयोजन में राष्टीय स्तर की काव्य प्रतिभाएं हास्य व व्यंग की धारा प्रवाहित करेंगे। हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन में नई दिल्ली के अंतर्राष्ट्रीय हास्य एवं व्यंग्य कवि पद्मश्री डॉ अशोक चक्रधर विशेष आकर्षण के केंद्र होंगे। अपनी अद्भुत हास्य व्यंग्य शैली से वे इस सम्मेलन को नया आयाम प्रदान करेंगे। आयोजन में हास्य के नए रंग बिखेरने इंदौर के हास्य कवि संदीप शर्मा सम्मिलित हो रहें हैं। भिलाई नगर के हास्य व्यंग्य कवि गजराज दास महंत अपने चिर परिचित अंदाज में इस संध्या को सार्थकता प्रदान करेंगे। साथ ही भिलाई नगर की श्रृंगार रस की कवियत्री श्रीमती निशा तिवारी भी अपनी प्रतिभा का परिचय देंगी। इस आयोजन में सभी कला व साहित्य प्रेमी सादर आमंत्रित है तथा कार्यक्रम मे प्रवेश पूर्णतया निशुल्क है।

सीसीएम मेडिकल कॉलेज के संस्थापक एमपी चन्द्राकर पंचतत्व में विलीन

भिलाई, 4 मार्च। चंदूलाल चंद्राकर हॉस्पिटल एवं मेडिकल कॉलेज की स्थापना करने वाले इसके संस्थापक डॉ. एमपी चंद्राकर अब इस दुनिया में नहीं रहे। तबीयत बिगड़ने के कारण उनका इलाज चंदूलाल चंद्राकर अस्पताल में चल रहा था। देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर ग्रीन कॉरिडोर बनाकर उन्हें रायपुर के रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। ज्ञातव्य हो कि डॉ. चंद्राकर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के फाउंडर डायरेक्टर थे। इन्होंने चंदूलाल चंद्राकर अस्पताल और मेडिकल कॉलेज की स्थापना सन् 1996 में की और सन 2000 में अस्पताल का निर्माण पूरा हुआ। डॉ. चंद्राकर पिछले कुछ सालों से स्वास्थ्य खराब रहने के कारण अस्पताल नहीं आ पा रहे थे। इनके द्वारा स्थापित चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज को छत्तीसगढ़ शासन ने अधिग्रहित कर किया। डॉ. एम पी चंद्राकर की पिछले कई दिनों से स्वास्थ्य खराब चल रहा था जिससे उनका इलाज उनके अस्पताल चंदूलाल चंद्राकर अस्पताल नेहरू नगर में चल रहा था। अचानक उनको खून की उल्टियां होने लगी उसके तुरंत बाद ग्रीन कॉरिडोर तैयार कर उन्हें रायपुर के रामकृष्ण केयर अस्पताल ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान उनका निधन हुआ। डॉ. चंद्राकर का अंतिम संस्कार शनिवार को किया गया।

कांग्रेस नेताओं की मांग पर पैदल पार सड़क का रेलवे ने किया निर्माण

भिलाई, 3 मार्च। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन पर दिव्यांगों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्लेटफार्म एक नंबर से अन्य दूसरे प्लेटफार्म में व्हीलचेयर से आने जाने के लिए पैदल पा`मार्ग सड़क का निर्माण किया गया था जिसे रेल पटरी के संधारण करते समय लगभग 1 वर्ष पूर्व तोड़ दिया गया था जिसके कारण दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस संदर्भ में कांग्रेस के नेताओं ने रेलवे अधिकारियों को ज्ञापन भेजकर पुनर्निर्माण की मांग की गई और इस संबंध में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू को भी ज्ञापन भेजकर हो रही परेशानियों से अवगत कराया गया था और इन्होंने ज्ञापन को तत्काल संज्ञान में लेते हुए डी .आर .एम .दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर को पत्र लिख कर शीघ्र ही उक्त समस्याओं को दूर करने का अनुरोध किया था फलस्वरूप 26 फरवरी को रेलवे द्वारा पैदल पार मार्ग सड़क का निर्माण कराया गया तब जाकर दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के व्हीलचेयर को एक प्लेटफार्म से अन्य दोनों प्लेटफार्म तक आना-जाना प्रारंभ हो सका है।

महापौर एवं आयुक्त ने किया मॉडल टाउन का दौरा, आवेदनों का ऑन द स्पॉट निपटारा

भिलाई, 4 मार्च। निगम तुहर द्वार के तहत महापौर नीरज पाल लगातार अलग-अलग वार्डों का दौरा कर रहे हैं, इस दौरान वे लोगो की समस्याओं से रूबरू हो रहे हैं, वहीं त्वरित समाधान योग्य प्रकरणों का स्पॉट पर ही निराकरण करा रहे हैं। इसी के तहत हितग्राही मधु शर्मा को महापौर ने श्रम कार्ड प्रदान किया। निगम तुहर द्वार के शहर सरकार खुद चलकर लोगो तक पहुँच रही है। इसी कड़ी में तीसरे दिन महापौर नीरज पाल ने वार्ड क्रं. 03 मॉडल टाउन का निगम आयुक्त रोहित व्यास तथा अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर वार्ड की प्रमुख समस्याओं का जायजा लिया। सर्व प्रथम महापौर नीरज पाल ने चौपाल लगाकर लोगों की समस्यायें सुनी तथा शिविर का निरीक्षण करते हुए उन्होंने योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ हितग्राहियों को दिलाने के निर्देश दिये। चौपाल में लोगों की समस्याओं से अवगत होने के बाद उन्होंने वार्ड वासियों के साथ मॉडल टाउन वार्ड का दौरा किया। उन्होंने मॉडल टाउन में सामुदायिक भवन की सौगात देते हुये, भवन को लोगों की सुविधाओं के लिए पूर्ण कराकर शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये। मॉडल टाउन के निवासियों को शीघ्र ही सामुदायिक भवन मिल जायेगा और विभिन्न आयोजन यहाँ किये जा सकेंगे। शिविर में हर्बल गुलाल एवं महिलाओं के द्वारा बनाए गए उत्पाद आकर्षण का केंद्र रहा तथा इसकी जमकर खरीदी हुई, महापौर ने भी यहां से जरूरी प्रोडक्ट खरीदे। वार्ड भ्रमण के दौरान सभापति गिरवर बंटी साहू, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, स्थानीय पार्षद हरिओम तिवारी, जोन आयुक्त राजेन्द्र नायक, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, सहायक अभियंता आलोक पसीने, महापौर के निज सचिव वसीम खान तथा उप अभियंता अर्पित बंजारे आदि मौजूद रहे।मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना भी शिविर में दे रहा सेवाएं, महापौर नीरज पाल भी अपना परीक्षण कराकर अन्य लोगों को किए प्रेरित शिविर में तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य शिविर का लाभ भी शिविर स्थल में मिल रहा है। इस स्वास्थ्य शिविर में महापौर नीरज पाल ने भी अपना परीक्षण कराया, उन्होने अपने ब्लड प्रेशर की जांच करायी और अन्य लोगों को स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

पावर हाउस बस स्टैंड फिर होगा प्रारंभ महापौर एवं निगम आयुक्त ने ली बैठक

भिलाई, 4 मार्च। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत पावर हाउस बस स्टैंड फिर से चालू होगा और इसकी रौनकता फिर से लौटेगी। बस स्टैंड को चालू करने के लिए आज महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के साथ बैठक की। बैठक में पावर हाउस बस स्टैंड को फिर से चालू करने को लेकर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने अपनी सहमति प्रदान की है, शीघ्र ही बसे अब बस स्टैंड से होकर गुजरने लगेंगी। इसके लिए समय सारणी भी तैयार की जाएगी, बसों के यहां रुकने के मुताबिक टाइम फिक्स होंगे। पावर हाउस बस स्टैंड को पुनः व्यवस्थित तरीके से चालू करने को लेकर निगम और ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने बैठक में चर्चा की। यात्री सुविधाओं पर भी ध्यान दिया जाएगा। बसों को बस स्टैंड में ठहराने के एवज में ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन इसकी राशि भी निगम को अदा करेगा। पावर हाउस बस स्टैंड स्थित कार्यालय के अतिरिक्त कक्ष में रेस्टोरेंट आदि की सुविधाएं भी यात्रियों को मिलेंगी, इसके लिए भिलाई निगम निविदा जारी करेगा तथा इसे किराए पर देकर राजस्व वसूली में बढ़ोतरी करेगा। पावर हाउस बस स्टैंड के चालू होने से इसकी रौनकता फिर से आ जाएगी इसके साथ ही यात्रियों को एक सुविधा युक्त बस स्टैंड मिल पाएगा, प्रतिदिन यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को इसके चलते राहत मिलेगी।

सर्व ब्राह्मण समाज युवक-युवती सम्मेलन पंजीयन का समय बढ़ाया गया

भिलाई, 4 मार्च। राष्टीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा 5 मार्च को सतनाम भवन आश्रम साई द्वार सिविल लाइन दुर्ग में प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन एवं विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा वैवाहिक परिचय सम्मेलन में युवक-युवती दिव्यांग विधवा विधुर परित्यक्ता सभी के रिश्ते तय करने का प्रयास समाज द्वारा किया जाएगा वैवाहिक परिचय में शामिल होने के लिए पंजीयन की तिथि 2 मार्च तक थी उसे बढ़ाकर 5 मार्च सुबह 11 बजे तक कर दिया गया है। सम्मेलन को सफल बनाने हेतु सर्व ब्राह्मण समाज के राष्टीय अध्यक्ष ललित मिश्रा राष्टीय महासचिव शशिकांत तिवारी प्रदेश उपाध्यक्ष लेख मणि पांडे महिला समाज की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन पांडे दुर्ग जिला अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा कार्यक्रम प्रभारी अभिषेक पाण्डेय, शहर अध्यक्ष हेमंत तिवारी कार्यक्रम संयोजक सुमित शर्मा, पंडित अशोक शर्मा, महिला मंच जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रीति अजय बेहरा, शहर अध्यक्ष श्रीमती मंजरी दुबे, जितेंद्र तिवारी, चंद्र शेखर पांडे, नंदकिशोर शर्मा, शिवाकांत तिवारी, अविनाश तिवारी, राकेश दुबे, दीपेंद्र तिवारी, बृजमोहन तिवारी, विक्की मिश्रा, राहुल भट्ट, विश्वनाथ पाणिग्रही, महेश दुबे, अरुण मिश्रा, किशोर तिवारी, रितेश शर्मा, एनडी तिवारी, राकेश शर्मा, ब्रह्मा तिवारी, अनिल शुक्ला, शिवम शुक्ला, हनुमान शर्मा, विमल तिवारी, राजेश वडलियारकर सेल किरण शुक्ला, नमिता शर्मा, संध्या तिवारी, वंदना शर्मा, लीना दुबे, सुमन शर्मा, मंजू पांडे, तूलिका तिवारी, योगिता शर्मा, पिंकी झा, मृदुला शुक्ला, ज्योति शर्मा, सरिता शर्मा, भिलाई से डॉक्टर रतन तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी, राकेश शुक्ला, आशीष त्रिपाठी, पीके मिश्रा, दीपक मिश्रा, मनोज तिवारी, ओम प्रकाश मिश्रा, अरुण कुंडा, आशुतोष मिश्रा, आरके मिश्रा, शशिकांत दुबे, विवेक दुबे सहित समाज के सभी पदाधिकारी कार्यक्रम की तैयारी में दिन-रात जुटे हुए हैं।

दूरसंचार विभाग में सुरक्षा प्रोत्साहन सप्ताह का आयोजन

भिलाई, 4 मार्च। भिलाई इस्पात संयंत्र के दूरसंचार विभाग में सुरक्षा झंडे का ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलित कर सुरक्षा प्रोत्साहन सप्ताह का शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक (विद्युत) ए शंकर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। विभागीय सुरक्षा अधिकारी, एस भट्टाचार्य ने सभी को सुरक्षा शपथ दिलाई और विभागीय सुरक्षा प्रतिवेदन वर्ष 2022-23 में सुरक्षा संबंधित कार्यों का उल्लेख किया। संदीप यादव द्वारा सुरक्षा प्रोत्साहन सप्ताह में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं की जानकारी भी दी गयी। सुरक्षा प्रोत्साहन सप्ताह में क्विज, पोस्टर, स्लोगन, कविता और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं और नियर मिस केस संबंधित जानकारियाँ एवं अग्निशामक यंत्रों के प्रदर्शन इत्यादि पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। सुरक्षा प्रोत्साहन सप्ताह का समापन समारोह दिनांक 25 फरवरी 2023 को संपन्न हुआ। सुरक्षा प्रोत्साहन सप्ताह में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समापन कार्यक्रम में श्री गिरधारी लाल पाण्डेय द्वारा सुरक्षा जागरूकता के उद्देश्य से एक सुरक्षा संबंधित पैरोडी गीत और लघु नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मृदुल श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में पीपीई (पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट) के महत्व को बताया और कहा की संयंत्र में कार्यरत कार्मिकों के लिए पीपीई की कमी नहीं है। उन्होंने सुरक्षा को अपने व्यवहार में शामिल करने की भी सभी से अपील की। कार्यक्रम के मार्गदर्शक एच आर सिरमौर ने कहा कि दूरसंचार विभाग का कार्यक्षेत्र काफी वृहद है। अध्यक्ष प्रकाश ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि दूरसंचार विभाग ने अभी तक लगभग 7000 दिनों तक रिपोंटेबल एक्सीडेंट फ्री कार्य किया है और आने वाले समय में भी इसे आगे बढ़ाना है। उन्होंने विभाग के कार्मिकों को अपने साथ-साथ अपने सभी साथियों को सुरक्षित रखने कि बात की एवं कहा कि संयंत्र की सुरक्षा में दूरसंचार यंत्रों का बहुत महत्त्व है। कार्यक्रम का संचालन एम एल शर्मा एवं संदीप यादव तथा धन्यवाद ज्ञापन शिव कुमार देवांगन द्वारा किया गया।

शैक्षणिक भ्रमण

भिलाई। वैशाली नगर के अर्थशास्त्र तथा राजनीतिशास्त्र विभागों के स्नातकोत्तर छात्रों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण किया। वर्तमान में विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है। छात्रों ने विधानसभा में प्रश्नकाल तथा शून्यकाल की कार्यवाही देखी।सत्र के दौरान सामूहिक उत्तरदायित्व का उल्लेख होने पर प्राध्यापकों द्वारा विस्तार से छात्रों को इस सिद्धांत को समझाया गया। छात्रों के अनुसार इस शैक्षणिक भ्रमण से उन्हें अत्यंत लाभ हुआ और उन्हें व्यवहारिक ज्ञान की प्राप्ति हुई और उन्होंने इस प्रकार के और शैक्षणिक भ्रमण करने का समर्थन किया। यह आयोजन डॉ भूमिराज पटेल के विशेष प्रयासों से पूर्ण हो पाया। शैक्षणिक भ्रमण में अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो सुशीला शर्मा, राजनीति शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ किरण रामटेके , प्रो अमृतेष शुक्ला, प्रो महेश अलेंद्र, डॉ चांदनी मरकाम , कृष्ण कांत यादव, कृतेश साहू , सत सागर तथा विभाग के सभी स्नातकोत्तर छात्र शामिल रहे। इस भ्रमण के सफलता के लिए प्राध्यापकों ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ श्रीमती अलका मेश्राम को धन्यवाद दिया है।

प्लेट मिल में कर्म एवं पाली शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

भिलाई, 4 मार्च। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल विभाग में शिरोमणि पुरस्कार योजना के अंतर्गत अक्टूबर 2022 से दिसम्बर 2022 हेतु प्लेट मिल के सभागार में कर्म एवं पाली शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्लेट मिल के महाप्रबंधक (विद्युत) एस के वर्मा, महाप्रबंधक (यांत्रिकी अनुरक्षण) संजय कुमार, महाप्रबंधक (यांत्रिकी अनुरक्षण) जे सुधाकर, महाप्रबंधक (प्रचालन) डी राय, महाप्रबंधक (प्रचालन) एच के बहुरूपी तथा सहायक महाप्रबंधक (यांत्रिकी अनुरक्षण) नवनीत कुमार शाह उपस्थित थे। महाप्रबंधक (विद्युत) प्लेट मिल एस के वर्मा ने समारोह में उपस्थित सभी अधिकारीगण एवं कार्मिकों का धन्यवाद किया। तत्पश्चात् उन्होंने शिरोमणि पुरस्कार समिति द्वारा अनुशंसित प्लेट मिल में कार्यरत कर्मचारियों को माह अक्टूबर से दिसम्बर -2022 में विभाग में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए कर्म एवं पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया। भीम कुमार बघेल, मास्टर ऑपरेटर (प्रचालन अनुभाग) को माह अक्टूबर-2022, जयंत कुमार मुसले, ओसीटी (यांत्रिकी अनुरक्षण अनुभाग) को माह नवम्बर 2022 एवं प्रेम लाल पिपरिया मास्टर ऑपरेटर (प्रचालन अनुभाग) को माह दिसम्बर-2022 के लिये कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया एवं सहायक प्रबंधक (प्रचालन अनुभाग) धनसिंग लहरे को अक्टूबर से दिसम्बर 2022 हेतु पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित कर शिरोमणि पुरस्कार का प्रमाण पत्र एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक मिल्स् जोन-3) सुश्री अंजली पिल्ले ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्मिक मिल्स् जोन-3 से सुखचन्द्र, अति श्रम कल्याण अधिकारी, श्यामल बैनर्जी, श्रीमति मीनू चौहान, श्रीमती नीता सरवरे, के वेंकटेश्वरलू का विशेष योगदान रहा।

युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए दुर्ग के आदित्य और यादवेंद्र, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से किया सीधा संवाद

उतई,4 मार्च। युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशन पर नेहरू युवा केन्द्र संगठन छग ने रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में वाई20 कार्यक्रम अंतर्गत युवा संवाद भारत एट 2047 कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सूचना प्रसारण, युवा कार्यक्रम व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर मौजूद रहे। उन्होंने भारत को जी 20 की अध्यक्षता करने को देश का गौरव बताते हुए कहा आजादी के 75वें वर्ष बाद भारत को गी20 की अध्यक्षता करने का अवसर मिला है यह सम्पूर्ण देशवासियों के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने मोदी सरकार के प्रयासों को बताते हुए कहा पहले देश स्टार्टअप के मामले में बहुत पीछे हुआ करता था लेकिन मोदी जी के कार्यकाल में स्टार्टअप को नया पंख मिला जिससे अब युवा जॉब सीकर न होकर जॉब गिवर बन रहे हैं। भारत के युवा वैश्विक स्तर पर अपने कौशल और आइडिया से अलग पहचान बना रहे हैं।

साथ ही छग के विभिन्न क्षेत्रों से आये युवाओं के साथ सीधा संवाद करते हुए उनके प्रश्नों का उत्तर दिया। नेहरू युवा केंद्र दुर्ग से संबद्ध शौर्य युवा संगठन आदर्श ग्राम कोडिया के सचिव व रुंगटा कालेज के सहायक प्राध्यापक आदित्य भारत एवं एनवाईवी यादवेंद्र साहू ने केंद्रीय मंत्री से सीधा संवाद करते हुए प्रश्न भी पूछे।दुर्ग के युवा आदित्य भारद्वाज ने युवाओं को खेल के क्षेत्र में रोजगार को लेकर पूछे सवाल के जवाब में कहा भारत सरकार खेलों इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत देशभर में एक हजार से ज्यादा ट्रेनिग सेंटर खोले जा रहे है जिसमें पूर्व खिलाड़ियों को प्रशिक्षक व सम्बन्धित स्टॉफ के रूप में रोजगार देने की योजना है। यादवेंद्र ने जी20 से भारत की आर्थिक ढांचे पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर सवाल किया जिसके जवाब में बताया कि जी20 में विश्व के अनेक देशों के लोग भारत आएंगे जिससे देश में विदेशी निवेश में वॉद्धि होगी साथ ही पर्यटन व संस्कृति के प्रसार को बढ़ावा मिलेगा।कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर लोकसभा सांसद सुनील सोनी, पूर्व मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, पद्मश्री फुलबासन बाई यादव, पद्मश्री अजय मंडावी, रावतपुरा सरकार विश्विद्यालय के कुलाधिपति हर्ष गौतम, कुलपति एस के सिंह, नेहरू युवा केन्द्र संगठन छग के राज्य निदेशक श्रीकांत पांडेय सहित नेहरू युवा केन्द्र के अधिकारीगण भी मौजूद रहे।कार्यक्रम में युवा संवाद के साथ साथ विभिन्न जिलों के युवा मण्डलों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई।कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा के निर्देशन में शौर्य युवा संगठन के आदित्य भारद्वाज, यादवेंद्र साहू, पूर्णिमा यादव, मीनाक्षी निषाद, खेमिन निषाद, कर्मवीर युवा संगठन कातरो के जितेंद्र सोनी, युवा शक्ति सामाजिक संगठन रिसामा उमेन्द्र विश्वकर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता जागेश्वर साहू सहित दुर्ग जिले के अनेक युवा मंडल के सदस्यों ने हिस्सा लिया।

भिलाई निगम से चार कर्मचारी हुए सेवानिवृत, किया गया सम्मानित

भिलाई, 4 मार्च। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आज 4 सेवानिवृत कर्मचारियों को भावभीनी विदाई सभागार में दी गई। इसके साथ ही सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य तथा दीर्घायु जीवन की कामना की गई। सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों में मीना मानकर आत्मज सीताराम मानकर डाटा एंट्री ऑपरेटर, यशवंत कुमार वैद्य आत्मज भाऊराव वैद्य फील्ड वर्कर, आन सिंह आत्मज बिशौहा सफाई कामगार तथा ईश्वर राव आत्मज अपन्ना राव सफाई कामगार शामिल है। भिलाई निगम में यह सभी कर्मचारी 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत हुए हैं। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने इनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की है। सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र आदि देकर उनका सम्मान किया गया, इस अवसर पर सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों के परिजन भी मौजूद रहे। विदाई समारोह में प्रमुख रूप से स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, बसंत देवांगन, संजय शर्मा, शरद दुबे, जय जैन आदि मौजूद रहे।

बांके बिहारी फाउंडेशन का रक्तदान शिविर 5 को

भिलाई, 4 मार्च। श्री बांके बिहारी फाउंडेशन भिलाई नगर द्वारा वार्ड क्रमांक 50 दुर्गा मंच खुर्सीपार क्षेत्र में स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन 5 मार्च रविवार को सुबह 11 बजे से किया जा रहा है। जिसके मुख्य अतिथि विधायक भिलाई विधानसभा देवेंद्र यादव रहेंगे। नागरिकों से अनुरोध किया है कि शिविर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर शिविर का लाभ उठाएं।

एमआईसी में निर्णय, नेवई थाने की मरम्मत कराएगा रिसाली निगम

रिसाली। चार दशक पहले बने नेवई थाना का मरम्मत नगर पालिक निगम रिसाली जल्द कराएगा। गुरुवार को महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता में महापौर परिषद की हुई बैठक में निर्णय लिया गया। परिषद के सदस्यों ने गर्मी के दिनों में पानी की किल्लत को दूर करने बनी योजना पर भी मुहर लगाई। महापौर परिषद में चर्चा की शुरुआत नेवई थाना से हुई। एजेंडे में शामिल विषय पर लोक निर्माण विभाग प्रभारी अनूप डे ने कानून व्यवस्था के लिए बने नेवई थाना के जर्जर भवन को ठीक कराने चर्चा की। उन्होंने कहा कि थाना का वास्ता प्रत्येक व्यक्ति से होता है। चार दशक पहले बने थाना भवन वर्तमान समय में जर्जर हो चुका है। कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। ऐसे में हमे थाना मरम्मत कराने अभिनव पहल करनी चाहिए। चर्चा उपरांत सभी पार्षद सदस्यों ने मरम्मत कराने एक स्वर में अपनी स्वीकृति दी। एमआईसी बैठक में सभापति केशव बंछोर, चन्द्रभान ठाकुर, अनुप डे, गोविन्द चतुर्वेदी, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, सोनिया देवांगन, सनीर साहू, ईश्वरी साहू, परमेश्वर कुमार समेत सहायक अभियंता आर.के. जैन व विभाग प्रमुख उपस्थित थे। महापौर परिषद के सद्स्यों ने गर्मी में पेयजल संकट को दूर करने पाइप लाइन विस्तारीकरण योजना को शीघ्र पूरा करने का प्रस्ताव पारित कर दर अनुमोदन की। बैठक में स्टेशन मरोदा में यश साहू घर से मनोज साहू घर तक पाइप लाइन विस्तारी कार्य 49.15 लाख एवं जोरातराई बागपारा सुरेन्द्र नायक घर से लक्ष्मी साहू घर तक 48.94 लाख से पाइप लाइन बिछाने प्रस्ताव रखा गया था।

मुख्यमंत्री ने की पवन दीवान के नाम से राज्य अलंकरण पुरस्कार की घोषणा

छत्तीसगढ़ की माटी से संत कवि पवन दीवान का था गहरा लगाव

रायपुर, 4 मार्च। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज शाम राजधानी रायपुर के समता कॉलोनी स्थित विप्र भवन में विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति द्वारा आयोजित 'संत कवि पवन दीवान' श्रद्धांजलि सभा एवं सम्मान समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सम्मान में संत कवि श्री पवन दीवान के नाम से कविता लेखन के क्षेत्र में राज्य अलंकरण पुरस्कार प्रदाय करने की महत्वपूर्ण घोषणा की। यह पुरस्कार आगामी राज्य अलंकरण समारोह से प्रतिवर्ष प्रदाय किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर साहित्य तथा कविता लेखन के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए छत्तीसगढ़ के कवि तथा साहित्यकारों को सम्मानित भी किया गया। इनमें

पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे को विप्रकुल गौरव शिखर सम्मान-2023 से नवाजा गया। इसी तरह श्री अरूण कुमार निगम को तथा श्री काशीपुरी कुन्दन को संत कवि पवन दीवान स्मृति अस्मिता सम्मान से पुरस्कृत किया गया। प्रत्येक को पुरस्कार स्वरूप 21-21 हजार रूपए की राशि और शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने इस मौके पर विप्र योग पत्रिका तथा विप्र महाविद्यालय के मासिक बुलेटिन का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि संत कवि पवन दीवान का छत्तीसगढ़ की माटी से गहरा लगाव था। इनके लेखन में समाज के तत्कालीन दशा का बहुत ही सुन्दर और सहज चित्रण मिलता है, जो हर वर्ग और हर समाज के लोगों की भावनाओं से जुड़ी होती थी। यह वजह है कि बहुमुखी प्रतिभा के धनी श्री दीवान जन-जन में काफी लोकप्रिय थे। उन्होंने कहा कि संत कवि श्री दीवान को याद करना हमारे पुरखों द्वारा देखे गए छत्तीसगढ़ के स्वप्न को याद करने के जैसा है। उनकी कविता में बार-बार छत्तीसगढ़ के माटी का उल्लेख हुआ है। वे कवि हृदय बहुत भावुक, बहुत अच्छे कथावाचक और पूर्णतः निःस्वार्थ व निश्छल मन के व्यक्ति थे। उन्होंने समाज के मौजूदा स्थितियों को बड़ी ही सहजता से अपनी रचनाओं में पिरोया।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में वर्तमान सरकार की जितनी भी योजनाएं है, वे हमारे पुरखों के छत्तीसगढ़ के लिए देखे गए सपना को पूरा कर रही है। आज विकास के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ का डंका देश और दुनिया में बज रहा है। यहां लागू की गई योजनाओं को अन्य राज्यों के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना की जा रही है। उन्होंने अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ में गरीब, मजदूर और व्यापारी तथा किसानों सहित सभी वर्ग के लोगों की स्थिति में काफी सुधार आया है। यहां धान बेचने वाले किसानों की संख्या और धान का उत्पादन पिछले वर्षों की तुलना में कई गुना बढ़ गया है। कार्यक्रम को कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे तथा मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री प्रदीप शर्मा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन श्री राकेश चतुर्वेदी ने किया। इस अवसर पर रायपुर नगर निगम के महापौर श्री एजाज ढेबर, छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष श्री ज्ञानेश शर्मा, श्री सुरेन्द्र शर्मा, श्री नरेन्द्र तिवारी, सुश्री विभा तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

एक नजर

होली त्यौहार के मद्देनजर चौकी चिखली पुलिस की कार्रवाई

राजनांदगांव 4 मार्च। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में चौकी चिखली प्रभारी निरीक्षक शशांक पौराणिक एवं थाना स्टाफ के चौकी चिखली क्षेत्र में आगामी होली त्यौहार को शांति पूर्ण मनाने हेतु अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान् मुखबीर से सूचना प्राप्त कर अलग-अलग जगहो पर रेड कार्यवाही किया गया । ग्राम बोईरडीह खार के पास षेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाला आरोपी 01. विनोद कुमार पारधी पिता स्व0 लल्ला राम पारधी उम्र 39 साल साकिन बोईरडीह पुलिस चौकी चिखली जिला राज0 को पकड़े जिसके कब्जे से 31 पौवा देषी मदिरा प्लेन शराब कीमती 2480 रूपये मिला एवं बाजार चौक आम जगह बोईरडीह के पास आरोपी 02. अनील पारधी पिता स्व0 आत्माराम पारधी उम्र 37 साल सा0 महात्मा गांधी नगर कैम्प 2 भिलाई हाल ग्राम बोईरडीह को पकड़े जिसके कब्जे से 34 पौवा देषी मदिरा प्लेन शराब कीमती 2720 रूपये मिला उक्त शराब को समक्ष गवाह के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है। आरोपियो के विरूद्ध प्रकरण धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत् अपराध पंजीबध्द कर ज्युडिषियल रिमाण्ड हेतु माननीय न्यायालय पेष किया गया । उपरोक्त कार्यवाही मे चौकी चिखली प्रभारी निरीक्षक शशांक पौराणिक, प्र0आर0 526 संतोष मिश्रा, प्र0आर0 727 सुनील वर्मा, आर0 03 बीरबल राजपूत, आर0 1602 बिरेन्द्र मण्डावी का कार्य महत्वपूर्ण एवं सराहनीय रहा ।

होली पर फिजाओं में उड़ेगा बिहान का हर्बल गुलाल

राजनांदगांव 4 मार्च। इस बरस होली के खुशनुमा पर्व पर फिजाओं में घुलेंगे हर्बल गुलाल के रंग। जिले में बिहान समूह की महिलाओं ने इस बार होली के लिए तैयार किए हैं खास रंग, जिनमें है फूल-पत्तियों की खुश्बू और माधुर्य। कहीं गुलाल की लालिमा तो कहीं, पलास की नारंगी, कहीं गेंदे के पीले और नीम की हरीतिमा संजोएं ये रंग होली की खुशियों को दुगुना कर देंगे। बिहान के हर्बल गुलाल पूरी तरह से इको फ्रेंडली एवं स्किन फ्रेंडली है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि होली के पर्व पर रासायनिक रंगों के दुष्प्रभाव से दूर रहते हुए अपने मित्र, परिजनों एवं स्वजनों के साथ हर्बल गुलाल के साथ होली खेलें। रासायनिक रंगों से आंखों एवं त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है। हर्बल गुलाल प्राकृतिक रंग है जो ईको फ्रेंडली है, इनका अधिक से अधिक उपयोग करें। जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार ने बताया कि जिले में व्यापक पैमाने पर बिहान हर्बल गुलाल का निर्माण किया जा रहा है। छुरिया विकासखंड के गुलाब स्वसहायता समूह, डोंगरगढ़ विकासखंड के जय सेवा जय बुढ़देव, राजनांदगांव विकासखंड के स्वधारा स्वसहायता समूह, डोंगरगांव विकासखंड के गनेरी स्वसहायता समूह तथा अंजोरा गौठान में हर्बल गुलाल तैयार किये जा रहे हैं। बिहान हर्बल गुलाल बिक्री के लिए सी-मार्ट एवं स्थानीय बाजार में उपलब्ध है।

सभापति ने तालाब पार पर स्मार्ट टायलेट बनाने किया भूमिपूजन

रायपुर 4 मार्च। आज नगर पालिक निगम रायपुर के सभापति, जोन 4 के पदेन अध्यक्ष, पण्डित भगवती चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 57 के पार्षद प्रमोद दुबे ने रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 4 के तहत पण्डित भगवती चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 57 के क्षेत्र में संत कंवर राम स्कूल कटोरा तालाब के प्रांगण में पहुंचकर प्रसाधन की आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नवीन स्मार्ट टायलेट परिसर के नवीन विकास और निर्माण कार्य का फल फोड़कर एवं कुदाल चलाकर वार्ड नम्बर 57 के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि बाकर अब्बास एवं वार्ड वासी गणमान्य जनों, संत कंवर राम स्कूल कटोरा तालाब की प्राचार्य, शिक्षक - शिक्षिकाओं सहित मिलकर भूमिपूजन करते हुए कार्यारम्भ करवाया. सभापति एवं वार्ड नम्बर 57 के पार्षद प्रमोद दुबे ने सम्बंधित एजेंसी ग्रेसफुल मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों को स्मार्ट टायलेट का कार्य योजना के तहत राजधानी रायपुर शहर के कुल विभिन्न 18 स्थानों पर चयन के तत्काल पश्चात बनाकर आमजनों को प्रसाधन की आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित स्मार्ट टायलेट शीघ्र उच्च स्तरीय गुणवत्ता के साथ प्राथमिकता के साथ बनवाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया है. सभापति प्रमोद दुबे ने रायपुर नगर पालिक निगम मुख्यालय नगर निवेश विभाग के उप अभियन्ता विकास साहू को स्मार्ट टायलेट योजना से सम्बंधित निर्माण और विकास कार्यो की श्रेष्ठ गुणवत्ता सुनिश्चित करवाने सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये है। योजना के तहत रायपुर शहर के विभिन्न 18 स्थानों पर स्मार्ट टायलेट बनाया जाना प्रस्तावित है. इसमें 6 स्थानों पर स्मार्ट टायलेट का लोकार्पण हो चुका है. इसके अतिरिक्त 6 अन्य स्थानों पर स्मार्ट टायलेट का विकास कार्य तेजी के साथ पूर्णता की अग्रसर है. शेष 6 स्थानों में शीघ्र स्मार्ट टायलेट बनाने स्थलों का चयन किया जाना प्रस्तावित है. योजना में अनुबंधित एजेंसी मेसर्स ग्रेसफुल मीडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा राजधानी रायपुर में विभिन्न 18 स्थानों पर स्थलों तय होने पर वहाँ निःशुल्क जन उपयोग हेतु स्मार्ट टायलेट का विकास किया जायेगा. जिसमें आम जनों को एसी, टीवी आदि जनसुविधा का निःशुल्क उपयोग करने की व्यवस्था दी जायेगी, एजेंसी द्वारा 10 वर्षों तक स्मार्ट टायलेट का संधारण किया जायेगा।

आयुक्त ने निगम टीएल की बैठक में की विभागवार समीक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 4 मार्च। नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने आज नगर निगम सभाकक्ष में अधिकारियों व कर्मचारियों की टाईम लिमिट (समय सीमा) की बैठक लेकर विभागवार समीक्षा की एवं मुख्यमंत्री घोषणा, कलेक्टर टी.एल. जनदर्शन व जन चौपाल सहित योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की जानकारी लेकर कार्य में तेजी लाकर समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। साथ ही ग्रीष्म ऋतु में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने आवश्यक व्यवस्था करने निर्देशित किये। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने निर्माण कार्यों की समीक्षा में कहा कि जिन वार्डो में विकास कार्य के लिये भूमिपूजन हो चुका है वहा अतिशीघ्र कार्य प्रारंभ कराये। वार्डों में चल रहे योजना या अन्य काम की प्रतिदिन मानिटरिंग करे एवं गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य पूर्ण कराये। कायदिश उपरांत कार्य प्रारंभ नहीं करने व समय सीमा में कार्य नहीं करने वाले संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करे। नोटिस उपरांत कार्य प्रारंभ नही करने एवं अधुरे कार्य पूर्ण नहीं करने पर निविदा निरस्तीकरण की कार्यवाही करे। पूर्ण कार्यो की उपयोंगिता प्रमाण पत्र भेजा जाना सुनिश्चि करे, ताकि शासन से शेष राशि प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा के कार्यो को प्राथमिकता देकर क्रियान्वयन करे। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने सस्ती दवा योजना के संबंध में जानकारी लेते हुये धनवंतरी

मेडिकल स्टोर में दवा उपलब्धता एवं बिक्री बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारी से संबंधित दवा रखे तथा दवा एवं ओआरएस व ल्यूकोज आदि का कीट तैयार रखे, व्यापक प्रचार प्रसार करे। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत चल रहे चारों मोबाईल मेडिकल यूनिट का वार्डो में नियमित संचालन करे। लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण कार्य में प्रगति लावे, मौसमी बिमारी एवं आगामी माह में चलने वाली लू से बचाव के संबंध में लोगों को जानकारी देवे एवं आवश्यक दवाई देना सुनिश्चित करे। मितान योजना के क्रियान्वयन में तेजी लावे, लोगों को अधिक से अधिक योजना का लाभ देवे। गो धन न्याय योजना के संबंध में उन्होंने कहा कि प्रभारी अधिकारी गोबर खरीदी, गोबर से खाद निर्माण के कार्य में गति लावे। इसके अलावा शीड बाल तैयार करे, ताकि पौधा लगाया जा सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर हितग्राहियों को किस्त की राशि उपलब्ध कराये। ए.एच.पी. के तहत बने आवासों में नियमानुसार व्यवस्थापन कर आबंटन की प्रक्रिया करे। ए.एच.पी. के शेष यूनिट अतिशीघ्र पूर्ण कराये, कार्य की धीमी गति पर संबंधितों को नोटिस जारी करे। भवन अनुज्ञा समय सीमा में देवे। इसी प्रकार भवन पूर्णता के प्रकरणों का भी समय सीमा में निराकरण करे। रेन वाटर हार्वेस्टिंग रुफ की जॉच कर पूर्णता देवें। उन्होंने कहा कि सभी सहायक अभियंता अपने अपने प्रभारित वार्डों में अवैध निर्माण की जानकारी लेकर नियमितीकरण करावे, जो नियम विरूद्ध निर्माण हुये है चाहे वह मकान या दुकान जो भी हो उन्हें नोटिस जारी करे, नियमितीकरण कराने अपील करे। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने ग्रीष्म ऋतु में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किये। नदी में पानी की उपलब्धता की जानकारी लिये, कम पानी आने,गंदा पानी आने की शिकायत का निराकरण करे, फिटकरी, ब्लीचिंग आदि का पर्याप्त भंडारण रखे। अमृत मिशन के शेष कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करे। पार्षदों से जानकारी लेकर शेष नल कनेक्शन लगाना सुनिश्चित करे। उन्होंने सफाई व्यवस्था के संबंध में कहा कि प्रतिदिन साफ सफाई कर कचरा उठावे, नाली नालो की नियमित सफाई करे, यूजर चार्ज एवं डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में तेजी लावे।

बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं से बकाया राजस्व वसूलने अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव, 4 मार्च। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं से बकाया राजस्व वसूली के लिए व्यापक स्तर पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में राजनांदगांव संभाग के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मॉस डिस्कनेक्शन के लिए गठित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीमों द्वारा राजनांदगांव पश्चिम जोन, पूर्वी जोन, बोरी उपसंभाग, सोमनी उपसंभाग एवं ग्रामीण उपसंभाग के 5489 बकायादार उपभोक्ताओं से 3 करोड़ 23 लाख रूपए की राशि की वसूली की गई तथा समझाइश के बाद भी बिजली बिल का भुगतान नही करने वाले 2545 बकायादारों के विद्युत कनेक्शन काटी दी गई है। विदित हो कि बिजली कंपनी द्वारा बिजली बिल देयकों के भुगतान में विलंब होने पर उपभोक्ताओं का लगातार ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है, जिससे वे बिजली बिल समय पर जमा कर देवें। मैदानी अधिकारी एवं उनकी टीम बकायेदार उपभोक्ताओं के पास

स्वयं पहुंचकर बिजली बिल पटाने के लिए अनुरोध भी कर रहे हैं।

राजनांदगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता श्री आलोक कुमार दुबे ने बताया कि वर्तमान में गैर घरेलू एवं औद्योगिक कनेक्शनों के बकायेदारों के साथ ही घरेलू श्रेणी के बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेदन एवं बकाया राशि वसुली की कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान के तहत राजनांदगांव संभाग के 2545 उपभोक्ताओं के कनेक्शन जिन पर 2 करोड़ 34 लाख रूपए की राशि बकाया था, ऐसे बकायदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन बकाया भुगतान नहीं किये जाने पर काट दिए गये हैं। इस अभियान के दौरान मीटर रीडिंग के लिए अनुबंधित मीटर रीडरों के द्वारा संपादित किये जा मीटर वाचन के कार्यो का भी निरीक्षण किया जा रहा है। विद्युत कंपनी द्वारा बकायदार उपभोक्ताओं पर की जा रही कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। उन्होने बकायादार उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि विद्युत देयकों का भुगतान नियमित रूप से करें ताकि विच्छेदन की कार्यवाही से होने वाली असुविधा से बचा जा सके। बिजली बिल का नियमित भुगतान नहीं करने पर उपभोक्ताओं को राज्य सरकार की बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ भी नही मिल पायेगा। क्योंकि बिजली का नियमित भुगतान नहीं होने से वे स्वतः अपात्र हो जायेंगें।

चोरी के प्रकरण का चंद घंटो में पुलिस ने किया खुलासा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 4 फरवरी। प्रार्थीयॉ फुलेश्वरी गोश्वामी ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 02.03.2023 के दोपहर 01:30 बजे कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बंद दरवाजे का ताला तोडकर पर्स हेंड बैंग में रखे चांदी के जेवरात पायल 01 जोडी 02 बिछिया 01 नग चांदी का सिक्का चोरी कर ले गया जिसकी अनुमानित वजन 20 तोला व नगदी रकम 1000/- रू0 जुमला कीमती 12000/- रू0 चोरी कर ले गया है। जिसकी रिपोर्ट पर थाना कोतवाली राजनांदगांव में अपराध क्रमाक 168/23 धारा 454,380 भा0द0वि0 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। चोरी की घटना को गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री अभिषेक मीणा, के निर्देश एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल राजनादगांव के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कोतवाली श्री भोला सिंह राजपुत के नेतृत्तव में टीम गठित कर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया जो त्वरित कार्यवाही पुलिस द्वारा कड़ी मशक्कत एंव मुखबिर सूचना के आधार पर संदेही महिला श्रीमति हेमाबाई साहू पति दीपक साहू उम्र 30 साल साकिन संतोषी नगर मुरूम खदान अटल आवास लखोली राजनांदगांव से पूछताछ किया जिसने दिनांक 02.03.2023 के दोपहर 01:30 बजे से 02:30 बजे के मध्य प्रार्थीयों फुलेश्वरी गोश्वामी के घर के सामने का दरवाजा के ताले को तोडकर कमरे में रखे पर्स से चोरी गयी मशरूका चांदी के जेवरात पायल 01 जोडी 02 बिछिया 01 नग चांदी का सिक्का चोरी कर ले गया जिसकी अनुमति वजन 20 तोला व नगदी रकम 1000/- रू0 जुमला कीमती 12000/- रू0 चोरी कर लेना स्वीकार किया नगदी रकम 1000/- रू0 को खर्च करना स्वीकार करने पर मौके पर ही आरोपियों के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

बिना अनुमति विदेश यात्रा करने वालों पर विभाग मेहरबान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

अम्बागढ़ चौकी 4 मार्च। राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारीयों के निजी कारणों से विदेश यात्रा करने के संबंध में दिशा निर्देश जारी किया है लेकिन शिक्षा विभाग में इसकी कोई अहमियत नही है। जब कोई सरकारी कर्मचारी निजी दौरे पर विदेश जाने के लिए छुट्टी के लिए आवेदन करता है, तो ऐसी यात्रा के लिए अलग से सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति भी आवश्यक होती है। बिना सक्षम अधिकारी के अनुमति लिए विदेश घूमना, छ. ग. सिविल सेवा नियम 1965 का उल्लंघन है। जानकार बताते है कि शिक्षा विभाग में ज्यादातर आपसी यह व्यवस्था बना कर रखा गया है कि सिर्फ एक कोरे कागज में संस्था प्रमुख को आवेदन या सूचनार्थ देकर विदेश यात्रा में जा सकते है, लेकिन इसके लिए यात्री को मोटी रकम चुकानी पड़ती है, बाकी विभाग में बैठे अधिकारी और कक्ष प्रभारी सब संभाल लेते है जबकि नियम यह कहता है कि विदेश यात्रा हेतु आवेदन कर देने मात्र को ही विदेश यात्रा अनुमति का आधार नहीं माना जाए, बिना सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति लिए मुख्यालय नही छोड़ना है और यह भी लिखा है कि विदेश यात्रा कार्यक्रम इस प्रकार बनाया जाए कि उनकी यात्रा से शिक्षण कार्य/पदीय दायित्वों में व्यवधान पैदा ना हो लेकिन शिक्षा विभाग में यह नियम निर्देश सब कागजों में ही रह जाते है और विदेश घूमने वाला, बिना पूर्व अनुमति लिए विदेश यात्रा कर आता है।

जैसे अंबागढ़ चौकी प्राथमिक स्कूल की प्रधान पाठिका श्रीमति मायादेवी निकोसे ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अंबागढ़ चौकी श्याम कुमार धीवर को सिर्फ एक कोरे कागज में सूचनार्थ देकर थाईलैंड यात्रा चले गई जब मामला उगाजर हुआ तो अब डिलिंग क्लर्क को कारण बताओं नोटिस थमा दिया गया है जबकि इसकी पूरी जिम्मेदारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी की होती है क्योंकि आवेदन तो उन्हे ही दिया था, उस आवेदन को तत्काल उच्च कार्यालय अग्रेसित करना था जो नही किया गया, अब लीतापोती का दौर चल रहा है, और बचने और बचाने की पूरी प्रक्रिया की जा रही है।

इस मामले को लेकर छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन ने भी दोषीयों को तत्काल निलंबित करने की मांग की है, और राज्य सरकार, संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखे गए है। जानकार बता रहे है कि इस मामले में बीईओ पूर्णतः उत्तरदायी है और उन पर गाज गिरना तय माना जा रहा है।

राहुल का संदेश 'साथ चलेंगे और साथ लड़ेंगे' को लेकर कांग्रेस की यात्रा निरंतर आगे बढ़ रही है : कुलबीर

राजनांदगांव 4 मार्च। बढ़ती हुई महंगाई से पूरे देश में हाहाकार मचा हुआ है । जरूरी वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं। पेट्रोल-डीजल व गैस सिलेण्डर की कीमत आश्चर्यजनक ढंग से बढ़ी है। लेकिन केन्द्र की मोदी सरकार इस बढ़ती हुई महंगाई पर खामोश बैठी है और चंद पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए भ्रष्टाचार और महंगाई बढ़ाए जा रही है इस पर न तो भाजपा सांसद न ही भाजपा नेता कुछ बोल पा रहे है। जिसको लेकर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई जिसको आमजन को साझा करने कांग्रेसजन हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के माध्यम से घर-घर पहुंचकर यात्रा का संदेश साझा कर रहे है। यात्रा बुध क्रमांक 17, 103 व 106 में निकली। यात्रा में पार्षद संतोष पिल्ले, बुथ अध्यक्ष राहुल गजभिये, प्रियेश मेश्राम, शिवम गढ़पावले, नीशांत राजपूत, राहुल गनवीर, हिमांशु यदु, सचिन पात्रे, रमा यादव, अमन साहू की अहम भूमिका रही। आज की यात्रा लगभग 8 किमी तक चली।

उत्तर ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी श्रीमती शारदा तिवारी ने गृहणी बहनों से चर्चा करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार की नीति और नियत आज साफ दिखाई दे रही है तीन राज्य के चुनाव संपन्न होते हुए गैस सिलेण्डर के दाम बढ़ा दिए।

चौक-चौराहों में घुमंतू एवं बैठे मवेशियों को पकड़ने कार्रवाई

मवेशियों के धर-पकड़ अभियान के तहत पकड़े 19 मवेशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 4 मार्च। घुमंतु मवेशियों की धर पकड के तहत नगर निगम का मवेशी धर-पकड़ अभियान में नगर निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक चौराहो में घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। शासन की निदान 1100 के तहत प्राप्त शिकायत के आधार पर भी मवेशी पकड निराकरण किया जा रहा है। इसी कडी में आज शहर के बाह्य प्रमुख मार्गो व चौक चौराहो से 19 घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड की गयी। उल्लेखनीय है कि कई पशु मालिकों द्वारा अपने मवेशियों को खुला छोड देते है, जिससे मवेशी चौक चौराहों में घुमते एवं बैठे रहते है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओ के लिये भी खतरनाक है। निगम द्वारा अब लापरवाह पशु पालकों के विरूद्ध पशुपालक पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही की जावेगी। शासन द्वारा भी रोका छेका अभियान के तहत घुमन्तु पशुओं को पकड़ने एवं पशु मालिकों को अपना मवेशी घर में बांध कर रखने समझाईस देने के निर्देश दिये गये है। निर्देश के अनुक्रम में निगम द्वारा धर-पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने

घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने टीम गठित किये है, गठित टीम चौक चौराहो से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज बाह्य प्रमुख मार्गो व चौक चौराहो पाताल भैरवी चौक से 3, आम्बेडकर चौक से 2, नया बस स्टैण्ड से 3, लालबाग से 5, सर्किट हाउस के सामने से 2 एवं जय स्तम्भ चौक से 4 इस प्रकार घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड के तहत 19 घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ा गया। इसी कडी में शासन के निदान 1100 में लेबर कालोनी मे मवेशी बैठने की शिकायत का निराकरण के तहत 2 गाय उठाया गया। उन्होंने बताया कि मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में रखा जाता है एवं उन्हें छोडने पर 570-570 रूपये संबंधित से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोडा जाता है। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने दुर्घटना से बचने मवेशी मालिक अपने जानवर को निर्धारित स्थल में बांध कर रखने तथा चौक-चौराहों व सड़कों पर घुमने पशुओं को खुला न छोड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि चौक-चौराहों व सड़कों पर खुला घुमते पाये जाने पर पशुओं को नगर निगम के अमला द्वारा पकड़कर कांजी हाऊस में बंद कर नियमानुसार शुल्क व जुर्माना भुगतान करने के उपरांत ही मुक्त कर संबंधित पशु पालकों को सौपा जायेगा।

5 प्रतिशत महंगाई राहत पेंशनरों को देने मंजूरी दे भूपेश सरकार : वीरेन्द्र नामदेव

रायपुर 4 मार्च। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त पेंशनर्स फेडरेशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और मुख्य सचिव अमिताभ जैन को ट्वीट कर रंग उत्सव होली के अवसर पर बकाया 5त्न प्रतिशत महंगाई राहत की किश्त का तुरन्त भुगतान करने हेतु आदेश जारी कर होली को बुजुर्ग पेंशनरों के जीवन में रंगीन बनाने की मांग की है। जारी विज्ञप्ति में उन्होंने आगे बताया है कि मध्यप्रदेश शासन के द्वारा 30 जनवरी 23 को छत्तीसगढ़ शासन को प्रस्ताव प्रेषित कर जिसमें दोनों राज्य के पेंशनरों को बकाया 5त्न महंगाई राहत की राशि की किश्त देने हेतु सहमति मांगा है ताकि दोनों राज्य के पेंशनरों को केंद्र के बराबर 38त्न प्रतिशत महंगाई राहत का भुगतान हो सके परंतु छत्तीसगढ़ राज्य सरकार उस प्रस्ताव पर सहमति देने में विलम्ब कर दोनों राज्य के पेंशनरों के साथ अन्याय कर रही हैं। इससे दोनों राज्य के पेंशनरों में भूपेश सरकार के प्रति रोष व्याप्त है। उन्होंने आगे बताया हैं कि दिन-प्रदेश में लगातार दिन-प्रतिदिन महंगाई बढ़ती ही जा रही है।पेट्रोल-डीजल के साथ हर जरूरत की वस्तु की कीमत आसमान छू रही है, जिसके कारण आम जनता की तरह राज्य के पेन्शनर भी त्रस्त है और यह बात राज्य की भूपेश सरकार को अच्छी तरह पता है, परन्तु फिर भी पेंशनरों की उपेक्षा करते हुये केन्द्र के समान 38त्न प्रतिशत महंगाई राहत से वंचित रखा हुआ है जबकि राज्य के खजाने से भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी केन्द्र के समान पूरा 38त्न प्रतिशत महंगाई भत्ता ले रहे हैं।

ग्रामीण महिलाओं ने की रोजगार सहायक को हटाने की मांग

नगरी 4 मार्च। आदिवासी विकासखंड नगरी के ग्राम पंचायत बिलभदर में पदस्थ रोजगार सहायक सुभाष नेताम का ग्रामीण मजदूरों से बदसलूकी कर दुर्व्यवहार करने की मामले को लेकर करीब 2 दर्जन महिलाओं ने जनपद पहुंचकर रोजगार सहायक को हटाने की मांग की महिलाओं ने बताया कि रोजगार सहायक के द्वारा मजदूरों को धमका कर कहता है कि काम करना है तो करो नहीं तो अपने घर जाओ इस संबंध में 2 मार्च को ग्रामीणों की बैठक रखा गया जिसमें ग्राम के समस्त महिला एवं पुरुष एकत्रित हुए और समस्त ग्राम वासियों के द्वारा रोजगार सहायक सुभाष नेताम के व्यवहार से ग्रामीणों ने रोष व्यक्त किया है, जिस पर समस्त ग्रामवासीयों ने एक राय होकर निर्णय लिया गया है कि ग्राम पंचायत में पदस्थ रोजगार सहायक को तत्काल हटाया कर अन्य रोजगार सहायक की नियुक्ति किया जाए वर्तमान में ग्राम पंचायत बिलभदर में तालाब गहरीकरण कार्य चल रहा है जो पिछले 3 दिनों से बन्द है ज्ञापन सौंपने वाले ग्रामीण महिलाओं में जया बाई मीराबाई शरद बाई उमा बाई परमेश्वरी सावित्री योगेश्वरी गीताबाई सरस्वती बाई सीताबाई मीणा मालवी बाई कलिंदरी कालिंद्री दिनेश्वरी दीपिका मोहनी बाई दीपका मोहनीसंध्या चित्रलेखा राम कुमारी नवली गणिता भाई हेमलता बुजेश्वरी सोनिया भाई कुंती शकुंतला पुष्प लता उस्मा हेमपुष्पा आसीन ईश्वरी सुमित्रा हेमलता कलेश्वरी भाई कुमारी सुशीला धनेश लक्ष्मी शांति बाई हेमंत भाई सुमन सिंह अर्जुन लोकेश्वरी रचना विजय लताबाई त्रिवेणी महेश्वरी अनुराधा दुलारी एवं समस्त ग्रामवासी के द्वारा जनपद पंचायत नगरी में ज्ञापन सौंपा गया जनपद पंचायत सीईओ अशोक ठाकुर द्वारा बताया गया कि जांच कर रोजगार सहायक के खिलाफ उचित कार्यवाही किया जाएगा जनपद पंचायत अध्यक्ष नगरी द

संपादकीय

कांग्रेस तीन राज्यों में फिर चुनाव हारी

राजनीति में हार-जीत होती रहती है, रानीतिक दल जीतने के बार हारते भी है और जीतते भी हैं। कोई राजनीतिक दल जब ज्यादा हारे और कम चुनाव जीते तो समस्या उसमें होती है। हार के कारण पार्टी में होते हैं। वह अपनी हार का कारण पता नहीं कर पाती है और दूसरे राजनीतिक दलों को दोष देती है तो यह उम्मीद नहीं की जा कसती कि वह चुनाव के बाद चुनाव जीत जएगी। चुनाव तो वही दल जीतता है जो अपनी गलतियों से सबक लेता है। हार के बाद भी निरंतर जीतने की कोशिश करता है। जीत की योजना बनाती है,उसेक लिए मेहनत करती है। कांग्रेस ऐसी ही पार्टी है जो अपनी हार से कभी सबक नहीं लेती है। उसके नेता भी अपनी गलितियों से सबक नहीं लेते हैं।मीडिया आगाह करता रहता है कि कांग्रेस नेता चुनाव के पहले पीएम मोदी के खिलाफ कुछ भी ऐसा न कहे जिससे देश में बवाल हो लेकिन हर चुनाव के पहले कांग्रेस नेता ऐसा जरूर कुछ कहते हैं जिससे कांग्रेस को नुकसान होता है। गुजरात चुनाव के पहले एक कांग्रेस नेता ने पीएम मोदी को औकात बताने की बात कही तो एक नेता ने सौ मुंह वाला रावण कहा। इसका खामियाजा कांग्रेस को गुजरात में ऐतिहासिक हार के रूप में भुगतना पड़ा। इससे कांग्रेस व उसके नेताओं ने कोई सबक नहीं लिया। पूर्वोत्तर के तीन राज्यों के चुनाव पहले पवन खेड़ा ने पीएम मोदी के पिता का अपमान किया। पवन खेड़ा की गिरफ्तारी हुई तो कांग्रेसियों ने हवाई अड्डे पर बैठकर नारे लगाए कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी। कांग्रेस सोच नहीं सकी इससे उसको कितना नुकसान होगा। पीएम मोदी ने इसे चुनाव में उठाकर फायदा उठा लिया। तीनों राज्यों में भाजापा की सरकार बनी है। दो में दलों के साथ तथा त्रिपुरा में अकेल दम पर । माना जा सकता है कि कांग्रेस की हार का कारण मोदी के पिता का अपमान करना नहीं हो सकता लेकिन यह तो माना जा सकता है कि हार का एक कारण है। कांग्रेस की दूसरी गलती अपने बड़े नेता तथा आदिवासी क्षेत्र में प्रभाव रखने वाले प्रद्योत विक्रम माणिक्य देव वर्मा की उपेक्षा करना तथा वाम दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ना। इससे भाजपा की त्रिपुरा में वापसी तय हो गई। कांग्रेस के हेमंत विश्वा शर्मा के पार्टी छोड़कर जाने से असम में कांग्रेस को जैसा नुकसान हुआ था, वैसा ही नुकसान माणिक्य देव वर्मा के कांग्रेस छोड़ने से त्रिपुरा में हुआ है। यही दो राज्य पूवोत्तर के बड़े राज्य है और कांग्रेस ने अपने अहंकार के कारण गंवा दिया है। वह चुनाव जिताने वाले नेताओं की कदर नहीं करती है, इसलिए चुनाव के बाद चुनाव उन्हीं नेताओं के कारण हारती है। वह कहती है कि कांग्रेस से नेताओं के जाने से कोई फर्क नहीं पड़ता है लेकिन फर्क तो पड़ता है, हेमंत विश्वा शर्मा के जाने से असम गया, पूर्वोत्तर गया, एमडी वमा के जाने से त्रिपुरा गया और कांग्रस इतनी कमजोर हो गई है कि उसके सत्ता मे लौटने की कोई उम्मीद नहीं है। कांग्रस हमेशा पीएम मोदी को कम आंकती है, हर चुनाव के बाद पता चलता है कि कांग्रेस पीएम मोदी की चालों का समझ ही नहीं पाती है। पीएम मोदी ने पचास बार पूवोत्तर जाकर राज्यों को ऐहसास दिलाया कि वह उनके साथ हैं कांग्रेस इस बात को समझ नहीं पाई और उसके नेताओं ने पूवोत्तर का मत्तव नहीं दिया और चुनाव परिणामोंं से साप है कि पूवोत्तर ने भी कांग्रेस को महत्व नहीं दिया। भाजपा वहां चुनाव जीताने वाले दल को चुनाव कर ली और कांग्रेस ऐसा कुछ नहीं कर सकी और चुनाव बुरी तरह हार गई। यह बुरी हार तो नहीं तो क्या है कि 179 सीटों में कांग्रेस 8 सीट जीत सकी है। उसका वोट प्रतिशत भी कम हुआ है तथा उसके पास अब कोई चुनाव जिताने वाला बड़ा नेता भी नहीं बचा है। जो बचे हैं वह अगले पांच साल में भाजपा और टीएमसी में चले जाएंगे। पीएम मोदी ने कांग्रस मुक्त भारत का नारा दिया था । भारत भले ही कांग्रेस मुक्त नहीं हुआ है लेकिन पीएम मोदी ने आठ साल में पूर्वोत्तर को कांग्रेस मुक्त जरूर कर दिया है। कांग्रेस को भारत को कैसे नेता या पार्टी से जोड़ने है यह पीएम मोदी से सीखना चाहिए। पीएम मोदी ने देश के उन तमाम सीमावर्ती राज्यों को देश से जोड़ा है जहां कभी अलगाववाद व आतंकवाद का बोलबाला हुआ करता था। पीएम मोदी ने जम्मू कश्मीर को धारा370 हटाकर भारत से पूरी तरह जोड़ दिया है। इसी तरह पूर्वोत्तर के राज्यों को आठ सालो में वहां जाकर लोगों को यह एहसास कराकर देश से जोड़ा है कि दिल्ली दूर है लेकिन दिल से दूर नहीं है। पीएम मोदी पचास बार पूर्वोत्तर के राज्यों में गए और बताया कि देश को आपका पूरा ख्याल है। यह राज्यों को भारत व अपनी पार्टी से जोड़ने का एक तरीका है। तीन राज्य त्रिपुरा, मेघालय व नगालैंड की जीत तो अहम है, उससे अहम बात यह है कि अब देश के लोगों को भी पता चलता है कि यह हमारे देश के राज्य हैं।यह एक अहम बदलाव है।

आज का राशिफल

मेष : (लू, ले, लो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)-आपकी नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी। जिससे आपको कुछ नया सिखने को मिलेगा। आप फिजूल के खर्च को कम करने का प्रयास करेंगे। आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा। वकीलों के लिए आज का दिन बेहतरीन रहेगा। आपकी पुराने केस में जीत होगी। साथ ही नए केस मिल सकते हैं। आप जीवनसाथी से अपनी टेंशन शेयर करेंगे और भावनात्मक रुप से थोड़े हल्के भी हो जाएंगे।

वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)-आर्थिक स्थिति सामान्य बनी रहेगी। बिजनेस करने वालों के लिए दिन सामान्य रहेगा। आप सामने आयी चुनौतियों को आसानी से निपटा लेंगे। आपके सुगम व्यवहार से लोग खुश रहेंगे। आप किसी दोस्त की मदद कर सकते हैं। किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचें। छात्रों को अपनी पढ़ाई में कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

मिथुन : (का, की, कु, कृ, के, को, हा)-आपका दिन पहले की अपेक्षा काफी अच्छा रहने वाला है। इस राशि वालों के लिए दिन उनके अनुकूल रहेंगे। आप जो भी चाहेंगे वो सारे काम आपके मन-मुताबिक पूरे होंगे। नौकरीपेशा वाले लोगों के लिए दिन ऑफर भी आ सकता है। आप बच्चों के साथ कहीं पिकनिक पर जा सकते हैं।

कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)-आज आपका दिन बहुत महत्वपूर्ण रहने वाला है। आप किसी बड़ी योजना को शुरू कर सकते हैं। जिसका फायदा उन्हें आगे चलकर जरूर मिलेगा। आप नये वस्त्रों पर धन व्यय कर सकते हैं। आप अपने जीवनसाथी के साथ समय बिताने के लिए कहीं बाहर घूमने जा सकते हैं। कारोबार में आपको उम्मीद के मुताबिक थोड़े ही लाभ की प्राप्ति होगी।

सिंह: (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)-आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। आपके रूके हुए कामों में आपके मित्र आपकी मदद करेंगे। आपके दुश्मन आपसे दूरियां बनाये रहेंगे। आपको किसी अपनों से खुशखबरी मिल सकती है। छात्र वर्ग किसी से बहस न करें, पढ़ाई के प्रति आपकी रूझान बनी रहेगी। आपके पास कुछ नयी जिम्मेदारियां भी आ सकती हैं।

कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)-आज का दिन आपके लिए बेहद खुशनुमा रहेगा। आप रिलेक्स महसूस करेंगे। आपको किसी मामले में बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है। आपकी आर्थिक स्थिति में पहले की अपेक्षा सुधार आएगा। प्यार के मामले में थोड़ी निगेटिविटि फील हो सकती है। अपने साथी के साथ समय बिताये। जो चीजें आपके लिए रूकावट बन रहीं हो उसे नजर अंदाज कर दें।

तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)-आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। लोगों के सामने आपकी इमेज अच्छी बनी रहेगी। आप किसी ऐसे काम में रिस्क नहीं लेंगे जिसका नेगेटिव असर आपकी इमेज पर पड़ता हो। साथ ही पैसों की स्थिति को लेकर मानसिक उथल-पुथल होने के भी योग बन रहे हैं। इस राशि के जो लोग बिजनेस करते है उन्हें किसी न किसी तरह से फायदा हो सकता है। बिजनेस में किसी और की गलती का फायदा आपको मिल सकता है।

वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)-आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। बिजनेस से संबंधित किसी बड़े फैसले के लिए दिन अच्छा है। किसी महत्वपूर्ण कार्य में बदलाव कर सकते हैं। इस राशि के जो लोग बेरोजगार बैठे है उन्हें किसी अच्छी कंपनी से जॉब का ऑफर आ सकता है। किसी नये व्यवसाय में पैसा लगाने से आपको दोगुना धनलाभ हो सकता है।

धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)-दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लेकर आएगा। यह परिणाम व्यवसाय से जुड़ा हो सकता है। अगर आप नयी जमीन लेने की सोच रहे हैं तो शुभ महूर्त जरूर देख लें, इससे आपको भविष्य में फायदा जरूर होगा। ऑफिस के किसी जरूरी काम को पूरा करने के लिये पिछली कम्पनी का अनुभव आपके काम आ सकता है ।

मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खे, खो, गा, गी)-आज अधिकारी आपके कामकाज से खुश हो सकते हैं। लोगों पर आपका अच्छा प्रभाव जमेगा।अपने स्वभाव को पूरी तरह लचीला रखें। परिवार से मधुर सम्बन्ध बनाए रखें। मन की बातों को अपने किसी करीबी को शेयर करे। ऐसा करने से आपको अच्छा महसूस होगा। भावनात्मक उतार-चढ़ाव पर कंट्रोल करना होगा। प्रॉपर्टी से जुड़े बड़े और खास मामले आपके सामने आ सकते हैं।

कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)-आज आपका दिन आपके लिए उत्तम है। सभी काम आपके मन के मुताबिक पूरे होंगे। ऑफिस में सहकर्मी आपके काम की तारीफ करेंगे। आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उग्हार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं। आपकी मुलाकात किसी पुराने मित्र से हो सकती है। जो आगे चलकर आपके लिए फायदेमंद होगी।

मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)-आपका दिन सामान्य रहेगा। आप परिवार के सदस्यों से मधुर व्यवहार बनाएँ रखें। ऑफिस में अपनी कड़ी मेहनत के कारण पदोन्नत किया जा सकता है। फिजूल खर्च से बचें। आप अपनी किसी मीठी यादों को याद करके आनन्द की अनुभूति कर सकते हैं। आज व्यापार में उम्मीद से ज्यादा फायदा हो सकता है। आपको थोड़ी परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है।

सरकारी बजट की हमें जरूरत नहीं!

प्रासंगिक

डॉ सूर्यकांत मिश्रा

केंद्र सरकार के बजट के बाद अब हमारी नजर प्रदेश सरकार के बजट पर होगी। स्वाभाविक है कि हर वर्ग सरकार से यह उम्मीद रखेगा कि उसे राहत मिलेगी और महंगाई पर नियंत्रण वाला बजट उसे सुकून देगा । लगातार बढ़ती महंगाई के दौर में इस तरह की उम्मीद आम जनों को तकलीफ दे सकती है । अब वह दौर आ चुका है जब सरकार से मूल्य नियंत्रण की उम्मीद दिवास्वप्न मानी जा सकती है । जब इस तरह की स्थिति ने स्थाई रूप ले लिया हो , तो जनता को ही अपने कष्टों को कम करने के लिए जतन करना होगा । इसका सबसे अच्छा उपाय हम खुद ही तलाश सकते हैं । आधुनिकता की चकाचौंध वाली जीवन शैली के चलते ही हम अपनी चादर से बाहर पैर फैलाने के आदी हो गए हैं ! यदि हम अपनी इस आदत को सुधार लें , तो शायद सरकारी बजट की खामी पर ध्यान देने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी । सरकार का बजट कभी भी आम जनता को राहत देने वाला नहीं हो सकता है ! कारण यह कि सरकार की विकास से लेकर हर तरह की गतिविधि जनता से प्राप्त राजस्व पर ही टिकी होती है । तब क्या किया जाए कि बजट की ओर हमारी निगाह ना जाए ? आज के दौर में सबसे जरूरी है कि प्रत्येक परिवार में हर माह अपना बजट जरूर बनाया जाए । आवश्यक खर्चों से इतर हम बहुत से खर्च नाहक ही कर डालते हैं । उसे रोकने प्रयास करें और सरकारी बजट से उम्मीद छोड़ दें । पेट्रोल , डीजल , घरेलू रसोई गैस , के दामों ने आम जन - जीवन को त्रस्त कर रखा है । ईंधन के मूल्य वृद्धि के कारण हर वस्तु के दाम बढ़ रहे हैं । इन दिनों सामान्य खाद्य पदार्थ अर्थात दाल , चावल , गेहूं , किराना सामान के दाम लगातार आसमान छू रहे हैं । ऐसे में सवाल उठता है कि आम - जन इस विकट कठिनाई के दौर में कैसे दो वक्त की रोटी जुगाड़ करे ? कैसे बच्चों की पर परवरिश करे ? कैसे भविष्य की आपातकालीन स्थिति के लिए कुछ बचत करे ? इन सारे सवालों का जवाब और इनका समाधान हमारे पास है ।

इस सच्चाई से इनकार नहीं किया जा सकता है कि सुरसा की तरह मुंह फाड़े महंगाई हमारी ओर लगातार बढ़ती आ रही है । जहां तक मैं समझता हूं महंगाई थमने के आसार दूर-दूर तक दिखाई नहीं पड़ रहे हैं । ऐसे में महंगाई के साथ तालमेल बैठाना ही हमारी समस्या का समाधान हो सकता है । इस हेतु बजट की ओर ताकने से अच्छा है कि हम अपने परिवार का बजट खुद बनाएं और उसके अनुसार ही जरूरतों को पूरा करते हुए महंगाई को अंगूठा दिखाएं । इसके लिए सबसे पहले एक परिवार में रह रहे पति पत्नी को आपसी तालमेल के साथ बजट बनाने की तैयारी शुरू कर देनी चाहिए । कुछ ऐसे खर्च होते हैं जिन पर महिलाएं रोक लगा सकती हैं । अतः उनकी सलाह बजट बनाने में जरूर लेनी चाहिए । बजट चाहे सरकारी हो या फिर एक परिवार का ही क्यों ना हो , इसे बनाना आसान नहीं है । जिस तरह सरकार को बजट पेश करने से पूर्व महीनों मनन - चिंतन करना पड़ता है, ठीक उसी तरह एक परिवार का बजट भी गंभीर चिंता के साथ ही बनाया जा सकता है । यह हर परिवार की जिम्मेदारी है कि सभी सदस्यों का पेट कैसे भरा जाए ? इसके साथ ही बच्चों की शिक्षा उनका स्वास्थ्य भी प्राथमिकता में शामिल है । सवाल यह उठता है कि महीने की स्थाई इनकम के साथ सारे खर्चों का सामंजस्य कैसे हो ? समस्या के आगे हथियार डाल देने या फिर हाथ पर हाथ धरे बैठे रहने से कुछ होने वाला नहीं है ! घरेलू बजट ही इन समस्याओं का बेहतर समाधान हो सकता है । प्रत्येक परिवार में सबसे पहले प्रतिदिन के सारे खर्चों की सूची तैयार की जानी चाहिए । सूची के अनुसार खर्च के बाद महीने के अंत में यह जरूर देखें कि किस मद पर कितना खर्च हुआ है । इसके लिए जरूरी होगा कि हमारी डायरी में खर्चों के कालम अलग-अलग हों । मसलन - जरूरी खाद्य पदार्थ , बच्चों की पढ़ाई का खर्च , स्वास्थ्य के लिए जरूरी फंड , कपड़ों पर होने वाला खर्च , यातायात पर होने वाला व्यय आदि । इस तरह हम हर माह अलग-अलग मदों पर होने वाले खर्च को आसानी से जान पाएंगे । वर्तमान समय में एक अतिरिक्त खर्च भी हमें परेशानी में डाल रहा है । वह है मोबाइल और उस पर हर माह लगने वाला रिचार्ज । यह हमारे जीवन का आवश्यक अंग बन चुका है। जब हम अपने मासिक बजट का अध्ययन करें , तो एक और विधि को अमल में लाएं और अत्यंत जरूरी मदो पर पहले राइट का निशान लगाते चलें । साथ ही उन मदों पर क्रॉस का चिन्ह लगाएं जो काटे जा सकते हैं । इसके अलावा उन मदो पर भी गंभीरता पूर्वक विचार करें , जिन पर नियमित खर्च हो रहा है , किंतु उन्हें नियंत्रित किया जा सकता है । कुछ खर्च ऐसे भी होते हैं जो नियमित तो नहीं होते, किंतु माह में कई बार हो जाते हैं । यह संभव है कि इस तरह का अध्ययन एक माह में सफल ना हो 3 से 4 माह के बजट की ऐसी ही तैयारी हमें उस स्थिति में जरूर ला सकती है , जब हम खुद को सुकून की हालत में पाएं । घरेलू बजट किसी सर्वे से कम नहीं माना जाना चाहिए । कारण यह कि कुछ ऐसी मदें होंगी जिन्हें किसी भी दशा में नियंत्रित नहीं किया जा सकता है , और ना ही कटौती संभव है । साथ ही गैर - जरूरी खर्च वाली मदो को एकदम बाहर करने के कड़े फैसले भी जरूरी होंगे ।

जहां तक मैंने आम - परिवारों में खर्चों से लड़ने वाली जंग को समझा है , उसे समाप्त करना बहुत बड़ी चुनौती नहीं है । जरूरत है एक साथ बैठकर सद्भावना पूर्ण माहौल में विचार करने की । आजकल महानगरों की तर्ज पर छोटे-छोटे शहरों और गांवों में यह परंपरा बन चुकी है कि महीने में 3 से 4 दिन परिवार में घर से बाहर का भोजन मंगाया जाता है या फिर शानदार होटल में जाकर जायका लिया जाता है । केवल स्वाद के वशीभूत हम अपना पैर चादर के बाहर फैलाने विवश हो रहे हैं । इन तीन से चार दिनों का खर्च चार से पांच हजार होता है । यदि हम घर पर ही भोजन बनाएं और करें तो कितने रुपयों में महीने भर का खर्च चल सकता है । इसके दो फायदे होंगे - घर का शुद्ध भोजन हमारे स्वास्थ्य को मजबूती देगा , दूसरा हमारी जेबें हल्की नहीं होंगी । एक और फिजूल - खर्ची रोकी जा सकती है ,वह है शॉपिंग पर जाते समय सारे सामानों की सूची साथ रखें । बार-बार आने - जाने में लगने वाला ईंधन का खर्च रोका जा सकता है । एक और संस्कृति ने हमारे जीवन में जन्म लिया है वह है मॉल- कल्चर । घर से दूर कई किलोमीटर खरीदी करने जाना और जो जरूरी नहीं है उसे भी खरीद लाना हमारी परिपाटी बन गई है । ज्यादा अच्छा हो घर के समीप ही सामानों की खरीदी करें और अनावश्यक ईंधन खर्च से बचें । साथ ही मॉल में केवल खरीदी ही नहीं की जाती बल्कि लप - लपाती जुबान स्वाद के लिए तड़प उठती है और चाट आदि के साथ अन्य तरह के स्वादिष्ट व्यंजन भी हमारा बजट बिगाड़ जाते हैं ।

जहां सर्वत्र अनैतिकता है, वहां राष्ट्रीय चरित्र कैसे बने?

चिंतन

ललित गर्ग

किसी वकील, डॉक्टर या राजनेता को ढूंढना कठिन नहीं, जो अपने विषय के विशेषज्ञ हों और ख्याति प्राप्त हों, पर ऐसे मनुष्य को खोज पाना कठिन है जो वकील, डॉक्टर या राजनेता से पहले मनुष्य हो, नैतिक हो, ईमानदार हो, विश्वस्त हो। पर राष्ट्र केवल व्यवस्था से ही नहीं जी सकता। उसका सिद्धांत पक्ष यानी नैतिकता भी सशक्त होनी चाहिए। किसी भी राष्ट्र की ऊंचाई वहां की इमारतों की ऊंचाई से नहीं मापी जाती बल्कि वहां के नागरिकों के चरित्र से मापी जाती है। उनके काम करने के तरीके से मापी जाती है। हमारी सबसे बड़ी असफलता है कि आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के बाद भी राष्ट्रीय चरित्र नहीं बन पाया। सशक्त भारत-नया भारत को निर्मित करते हुए भी राष्ट्रीय चरित्र का दिन-प्रतिदिन नैतिक ह्रस हो रहा है। हर गलत-सही तरीके से हम सब कुछ पा लेना चाहते हैं। अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए कर्तृत्व्य को गौण कर दिया है। इस तरह से जन्मे हर स्तर पर भ्रष्टाचार, बेईमानी एवं चरित्रहीनता ने राष्ट्रीय जीवन में एक विकृति पैदा कर दी है। इस विकृति के दो ताजा एवं ज्वलंत उदाहरण हैं आम आदमी पार्टी के उपमुख्यमंत्री-शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया की शराब घोटाले में गिरफ्तारी, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ देश में चले अन्ना आन्दोलन की निष्पत्ति है। दूसरा उदाहरण है जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले गुरुग्राम के सौंदर्यीकरण के लिए रखे गये गमलों की समृद्ध लोगों द्वारा शर्मनाक चोरी का मामला।

आज प्रबुद्ध मत है कि गांधीजी ने नैतिकता दी, पर व्यवस्था नहीं। जो नैतिकता दी वह एक महान् राष्ट्रीय मुक्ति के संघर्ष की नैतिकता थी, लेकिन नैतिक एवं चरित्रसम्पन्न राष्ट्र बनाने की नहीं। हालांकि गांधीजी ने उस नैतिकता को स्थायी जीवन मूल्य बनाया था। पर सत्ता प्राप्त होते ही वह नैतिकता खिसक गई। जो व्यवस्था आई उसने विपरीत मूल्य चला दिये। हमारी आजादी की लड़ाई सिर्फ आजादी के लिए थी--व्यवस्था के लिए नहीं थी, चरित्र एवं नैतिकता सम्पन्नता राष्ट्र बनाने के लिये नहीं। यह बात मनीष सिसोदिया के शराब घोटाले से स्पष्ट सामने आती है। भ्रष्टाचार मिटाने का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी कितनी अधिक भ्रष्टाचार में डूबी है, मनीष सिसोदिया एवं सतेन्द्र जैन की गिरफ्तारी से साफ उजागर होता है। बिना आग के कहीं धुआं नहीं उठता। सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरोध में आप के कार्यकर्ता एवं नेताओं द्वारा जिस तरह का आक्रामक रूख अपनाया हुआ है, वे जनजीवन को अस्त-व्यस्त करने पर तूले हैं, ईमानदार है तो यह विरोध क्यों? दूध का दूध, और पानी का पानी हो जाने दें। मोदी सरकार पर केन्द्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया जा रहा है, जबकि लंबी पूछताछ, जांच और साक्ष्य जुटाने के बाद ही कोई एजेंसी इस प्रकार का कड़ा निर्णय ले पाती है। खासकर मामला किसी कुर्सी पर विराजित बड़े नेता का हो, बड़ी राजनीतिक हस्ती का हो। यदि सिसोदिया बेगुनाह हैं, तो उनमें न डर होना चाहिए एवं न ही बौखलाहट। क्रांति करने एवं क्रांतिकारी भ्रष्ट मूल्यों पर शराब घोटाला करने में जमीन-आसमान का अंतर है, जो जनता भलीभांति समझती है।

आज हमारी व्यवस्था चाहे राजनीति की हो, सामाजिक हो, पारिवारिक हो, धार्मिक हो, औद्योगिक हो, शैक्षणिक हो, चरमरा गई है। दोषग्रस्त हो गई है। उसमें दुराग्रही इतना तेज चलने लगे हैं कि गांधी रूपी नैतिक मूल्य बहुत पीछे रह जाते हैं। जो सद्प्रयास किए जा रहे हैं, वे निष्फल हो रहे हैं। प्रगतिशील कदम उठाने वालों ने और समाज सुधारकों ने अगर व्यवस्था सुधारने में मुक्त मन से सहयोग नहीं दिया तो ....कहीं हम अपने स्वार्थी उन्माद में कोई ऐसा धागा नहीं खींच बैठें, जिससे पूरा कपड़ा ही उधड़ जाए। यह पूरा कपड़ा उघाड़ने का ही, सम्पूर्ण पीढ़ी को भ्रष्ट बनाने का जरिया। वरना तीन दिन से जेल के शिकंजों में जकड़े व्यक्ति के नाम पर दिनभर रेडिया पर सन्देश प्रसारित करते हुए परीक्षा दे रहे बच्चों को प्रेरणा देने की कुचेष्टा न होती। बात सिसोदिया या जैन तक ही सीमित नहीं है, यह भ्रष्टाचार एवं अनैतिकता का जहर नीचे तक पहुंच रहा है। मुख्य बात है राष्ट्रीय चरित्र केवल शिक्षा एवं प्रतीकों के माध्यम से नहीं बनाया जा सकता बल्कि समाज और राष्ट्र के नेतृत्व वर्ग की कथनी और करनी एक होनी चाहिये, नीति एवं नीयत एक होनी चाहिए, तभी राष्ट्रीय जीवन में आदर्शों के मूल्य स्थापित होंगे और आदर्श सदैव ऊपर से आता है। आज के युग में सभी क्षेत्रों में ऐसे व्यक्तियों की आवश्यकता है जो सत्य की रेखा से कभी दाएं या बाएं नहीं चले। जो अपने कार्य की पूर्णता के लिए छलकपट,

चोरी एवं बेईमानी का सहारा न लें।

वैसे तो चोरी बहुत घृणित अपराध है, लेकिन जब कोई अमीर या पैसे वाला छोटी चोरी करते देखा जाता है तो चर्चा ऐसे होती है कि मानो बिल्ली ने कुत्ते को काट लिया है। वैसे समाज में चोरी बहुत सामान्य बात है, जगह-जगह सरकार स्वयं लिखती है कि अपने सामान की रक्षा स्वयं करें। लोग तो अपने सामान की रक्षा के लिए हर पल सजग रहते हैं, लेकिन सरकार सार्वजनिक सामान के लिए कहां-कहां सतर्कता बरत सकती है? चोरों एवं बेईमानों के रहते नया भारत- सशक्त भारत कैसे बनेगा? गुरुग्राम में इतना बड़ा आयोजन हो रहा है, सबको पता है, दुनिया से एक से बढ़कर एक बड़े एवं शक्तिशाली राष्ट्रों के प्रतिनिधि आएंगे तो अतिरिक्त सजावट स्वाभाविक है लेकिन अगर कोई पैसे वाला व्यक्ति सजावटी गमलों को चुन-चुनकर उठा ले जाए तो इससे निंदनीय, विडम्बनापूर्ण एवं त्रासद और क्या हो सकता है? भला हो किसी ने इस कृत्य का वीडियो बना लिया जिसमें बहुत आराम से दो शख्स फूल वाले गमले चुनकर लाखों के वाहन में रखते दिख रहे हैं। चोरी करते हुए भी उन्हें लग ही नहीं रहा था कि वे कुछ गलत कर रहे हैं।

क्या ऐसी चोरी को नजरअंदाज कर दिया जाए? क्या इसका मतलब यह निकाला जाए कि जो जरूरतमंद है उसे भी चोरी करने का हक दिया जाए और जो सक्षम है, उसे भी सार्वजनिक वस्तुओं में से अपनी पसंद का चुन लेने दिया जाए? शायद ऐसी चोरियां बढ़ी ही इसीलिए हैं क्योंकि लंबे समय तक उन्हें नजरंदाज किया गया है। क्या छोटे-छोटे बड़े चोरों की ऐसी जमात देश में मजबूत हो गई, जो सरकारी सामान या धन को निजी मानकर चलती है? कुछ सरकारी सामान की चोरी करते है तो कुछ सरकार के नियमों को धत्ता बताते हुए नियमों की चोरी करते हैं। ऐसे चोरों के नाम पर मत जाइए, उनकी बुनियादी मानसिकता को समझने की कोशिश कीजिए। अमीर गमला चोर को पुलिस ने पकड़ लिया है और कानून अपना काम करेगा, पर यह मनोवैज्ञानिक रूप से भी अध्ययन का विषय है कि ऐसे लोग आखिर कैसे और क्या सोचते हैं? रोटी के लिए बहुत मजबूरी में चोरी करते गरीबों के प्रति कुछ सहानुभूति हो सकती है हालांकि कानून में ऐसी किसी सहानुभूति के लिए कोई गुंजाइश नहीं है। अगर हमारा संविधान गरीबों को भी कोई सामान उठा ले जाने की इजाजत नहीं देता है, तो भी अमीर सार्वजनिक सामान उठा ले जाते हैं, उन्हें तो कतई नहीं छोड़ा जाना चाहिए। अब देश विकसित और समृद्ध हो रहा है तो सार्वजनिक सामान की चोरी अक्षम्य अपराध माना जाना चाहिए।

अभी पिछले दिनों आगरा में भी जी-20 के आयोजन के लिए लगाए गए गमले भी चोरी हुए थे तो पुलिस का पहरा बिठाना पड़ा था। पूर्व में दिल्ली में शीला दीक्षित ने मुख्यमंत्री रहते बस स्टैण्ड पर स्टील के चमचमाते बैठने एवं सिर ढंकने की छतो को निर्मित किया था। लेकिन गरीब के साथ-साथ समृद्ध लोगों ने उन स्टैण्ड को भी उखाड़े डाले एवं स्टील बेच खायी। वास्तव में सरकारी या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की विकृति एवं चोरी की मानसिकता सरकारी कार्यालयों से लेकर स्कूलों तक पसरी है। बच्चों के दोपहर के भोजन की शिक्षकों के द्वारा चोरी की अनेक घटनाएं है, अब उनका शिक्षामंत्री स्कूल-भवनों एवं शराब के घोटालों में लिप्त पाया जाये तो कौनसा बड़ा आश्चर्य है। ऐसे शिक्षक एवं शिक्षामंत्री भला बच्चों को कैसी शिक्षा एवं प्रेरणा दे सकते हैं? गुरुग्राम में गमलों की सुरक्षा के लिए 100 सुरक्षा गार्ड लगा देना ही प्र्याप्त नहीं है।

नैतिकता का देश का एकमात्र अणुव्रत आन्दोलन संचालित करने वाले आचार्यश्री तुलसी कहते रहे हैं, आज के मनुष्य को पद, यश और स्वार्थ की भूख नहीं, व्याधि लग गई है, जो बहुत कुछ बटोर लेने के बाद भी शांत नहीं होती। यह स्थिति एक संयम एवं नैतिकताविहीन समाज की रचना करती है, जहां नीचे से ऊपर तक सभी कुछ अमर्यादित एवं अनैतिक होता है। पद, यश और स्वार्थ की लालसा की व्याधि से पीड़ित है राष्ट्रीय जीवन। अब समय आ गया है कि सोच को सुनियोजित ढंग से बदला जाए, नैतिकता एवं ईमानदारी को बल दिया जाये। निजी व सार्वजनिक संपत्ति, दोनों की चोरी को एक जैसा समझा जाए। सरकार यह न बताए कि अपने सामान की रक्षा स्वयं करें, सरकार यह कहे कि आइए, मिलकर नैतिक एवं ईमानदार समाज की संरचना करें।

चोचलों की दुनिया

व्यंग्य

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

आजकल फेसबुकिया निठल्लों पर कपल चैलेंज का भूत सिर चढ़कर बोल रहा है। बोल नहीं नाच रहा है। एंगल-बेएंगल थोपड़ा लिये फेसबुक पर अपनी किस्मत की कव्वाली करने पर तुले हैं। अब कौन समझाए कि कव्वाली और घरवाली में क्या फर्क है? कव्वाली में एक बार के लिए जुगलबंदी हो सकती है, लेकिन घरवाली के सामने जुबानबंदी के सिवाय कुछ नहीं। जुबान खुली कि नहीं बंदा जान से अनजान, नाम से गुमनाम और पल में शमशान तक पहुँचने में देर नहीं लगती। बावजूद इसके बहुत सारे फेसबुकिया शूर-वीरों में लाइककिंग बनने की ऐसी मराड़ मची है कि न उन्हें दिन का होश है और न रात का। जब देखो तब एक ही भूत सवार है- कपल चैलेंज। कपल चैलेंज न हुआ ऑस्कर अवार्ड हो गया। नौकर से लेकर तस्कर तक, जोकर से लेकर ब्रोकर तक और छुटकर से बड़कन तक सब में नाशपिटिया ससुरा फेसबुकिया का हव्वा सवार है। जो देखो वही मुँह उठाए चला आता है। मानो गैरों की शादी में अब्दुल्ला की जगह कपल को दीवाना बनना है।

*एक दिन अचानक फेसबुकिया के मुँह पर लड़की के नाम से किसी लड़के ने कपल चैलेंज का पोस्टर चेप दिया। लिखा था- जो कोई माई का लाल है, उससे यह सवाल है कि आ जाना फलाना तारीख और टाइम को फेसबुकिया चैलेंज लेने। फेसबुकिया बाँकुरों के बीच सवाल ने ऐसा बवाल मचाया कि सबकी चाल बदली-बदली सी लगने लगी। सभी बताए तारीख और टाइम को फेसबुकिया अखाड़े में पहुँचे। कमाल की बात यह थी कि सबके सब चेहरे पर मुखौटा लगाए पहुँचे थे। कोई अपना चेहरा दिखाना नहीं चाहता था उन्हें डर था कि कोई उनको नकल न कर ले। सभी अपने-अपने कपल के साथ कैट, डॉग, बुल वॉक करते हुए अपनी तस्वीरें चेपने लगे। चूँकि कोरोना काल था इसलिए कपल चैलेंज पर इसका असर साफ-साफ दिखायी दे रहा था। पहले एक कपल ने अपनी तस्वीर ऐसे चेपी जैसे उसे अमेरिका में प्रचार प्रसार के लिए बुलाया गया हो। तस्वीर में युवक अपनी पत्नी के पैर दबा रहा था और पत्नी रिमोट से चैनल। यह कपल तस्वीर कोरोना काल की आधी आबादी की सच्चाई बयान कर रही थी। तस्वीर चेपने वाले की जमकर तारीफ की जा रही थी, लेकिन पैरदबाऊ महाराज दबे पैर वहाँ से गायब नजर आए। किसी ने सब्जी के आगे पब्जी के लिए उदास लड़के की

एक नजर

प्रवासी पक्षियों के लिए बनाया जायेगा बर्ड सेंचुरी पार्क

दंतेवाड़ा, 4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार आज जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर पर स्थित कुम्हारारास डेम पहुंचे जहाँ कलेक्टर ने आला अधिकारियों के साथ पहुँच स्थल का अवलोकन करते हुए पक्षी विहार बनाने के निर्देश दिए। कुम्हारारास डेम ऐसा क्षेत्र है जहाँ प्रवासी पक्षियों के साथ अन्य पक्षी भी पहुंचते हैं। क्षेत्र भी पक्षियों के लिए महत्वपूर्ण है जहाँ वन्य जीवों और प्रवासी पक्षियों को पानी उपलब्ध होने से प्रवासी पक्षियां उन्मुक्त विचरण कर सकते हैं। कलेक्टर ने प्रवासी पक्षियों को सुरक्षित क्षेत्र मुहैया करवाने के लिए प्रवासी पक्षियों के लिए पक्षी विहार बनाने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री सुरेंद्र ठाकुर, जनपद सीईओ कुआकोंडा श्री मोहनीश देवांगन मौजूद रहे। गौरतलब है की पर्यटक दंतेवाड़ा जिले में स्थित ऐतिहासिक स्थल, जलप्रपात इत्यादि जैसे अन्य स्थल दंतेवाड़ा जिले की ओर आकर्षित होते है अब पहाड़ियों के बीच में स्थित पार्क बनने से पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा साथ ही इस पार्क के निर्माण से निश्चित ही अधिक से अधिक पर्यटक हमारे शहर की ओर आकर्षित होंगे।

लोगों को दी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

दंतेवाड़ा, 4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जनसम्पर्क विभाग द्वारा जिले के कटेकल्याण विकासखंड के साप्ताहिक हाट-बाजार में सूचना शिविर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें हाट-बाजार करने आए ग्रामीणों ने जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। ग्रामीणों ने ऐसे शिविरों का आयोजन को एक सराहनीय पहल बताया। उन्होंने कहा की सभी विभागों की प्रमुख उपलब्धि एवं योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर मिल रही है। गौरतलब है कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाने और अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से सनबोर्ड के माध्यम से राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना. सुराजी गांव योजना. छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, वनोपज, छत्तीसगढ़ मंडल, बिजली बिल हाफ, कृष्ण कुंज, श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर, राजीव युवा मितान क्लब, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों को छायाचित्र के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। जनमन सहित अन्य प्रचार सामग्रियों का निःशुल्क वितरण, प्रदर्शनी में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका जनमन सहित अन्य प्रचार सामग्री का निःशुल्क वितरण किया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना से मिला पक्का आशियाना

दंतेवाड़ा,4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। अपने सपनों को पूरा होते देखना किसी चमत्कार से कम नहीं है। ये

कहानी है श्रीमती सुंदरा एक मध्यम वर्गीय कृषक परिवार जो कि जनपद पंचायत गीदम के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुमड़ा के पटेलपारा की निवासी है सुंदरा अपने परिवार की जीवन यापन के लिए कृषि एवं मजदूरी पर निर्भर रहती है। कुछ समय पूर्व पति की असमय मृत्यु होने हो जाने से घर एवं एकमात्र पुत्री की संपूर्ण जिम्मेदारी सुंदरा के कंधे पर आ गयी। घर में अन्य पुरुष सदस्य न होने एवं खेती से जीवन यापन सही तरीके से नहीं चलने के कारण सुंदरा के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर थी, जिससे उसकी अपने स्वर्गीय पति के साथ संजोये स्वयं के पक्के आवास का सपना पूर्ण करना असंभव प्रतीत हो रहा था तथा वह जर्जर कच्चा एवं घास फूस से बने घर में निवास करने में विवश थी। इसी बीच केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के बारे में पता चला योजना तहत 2018-19 में सुंदरा को आवास की स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त उसे उसके पक्के मकान का सपना साकार होने की उम्मीद जगी। जिसे पूरा करने में सुंदरा के पिता एवं भाइयों में भी हरसंभव सहायता प्रदान की। योजना के तहत सुंदरा को मकान निर्माण के लिए 130000, शौचालय के लिए 12000 तथा मनरेगा के तहत 95 दिवस की मजदूरी भी शासन द्वारा सुंदरा के बैंक खाते में स्थानांतरित की गयी साथ ही उज्जवला योजना अंतर्गत रसोई गैस भी शासन द्वारा प्रदान किया गया।

कृषि विज्ञान केन्द्र में बना हर्बल गुलाल

बीजापुर के सी-मार्ट में मिलेगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर4 मार्च। कृषि विज्ञान केंद्र बीजापुर मे हर्बल गुलाल बनाने की कला स्व.सहायता समूह की महिलाओं ने सीखी। जिसमें पालक भाजी से हरा, लाल भाजी से लाल, चुकंदर से कत्था, पलाश व हल्दी से फीका व गाढ़ा पीला रंग का गुलाल बनाना सिखाया गया। आगामी होली के त्यौहार को देखते हुए, कृषि विज्ञान केन्द्र, बीजापुर के द्वारा स्व. सहायता की महिलाओं को हर्बल गुलाल बनाने की ट्रेनिंग दी गई। इस प्रशिक्षण में बीजापुर की 30 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं के द्वारा गुलाल निर्माण का कार्य शुरू किया गया। कार्यक्रम में केन्द्र के विषेषज्ञ श्री एके आयम द्वारा महिलाओं को हर्बल गुलाल निर्माण की प्रक्रिया बताते हुए उनके द्वारा आरारोट एवं चुकंदर, सेम की पत्ती, हल्दी से पीला, गुलाबी तथा हरा रंग का हर्बल गुलाल तैयार कराया गया। साथ खुशबू के लिए लेमन ग्रास ऐसेज व नींबु की पत्तियों का उपयोग किया गया। हर्बल गुलाल की कीमत बाजार में 200-250 रू. प्रति किलो है। इस प्रशिक्षण में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री बीके ठाकुर ने बताया कि वर्तमान में बाजारों में अलग-अलग रंगों में उपलब्ध रासायनिक गुलाल मानव शरीर के लिये अधिक हानिकारक है। रासायनिक गुलाल आमतौर पर विषैले धातु एवं एस्बेस्टोस या सिलिकॉन के एक संयोजक का इस्तेमाल किया जाता है। जो मानव शरीर के लिए हानिकारक है।

केन्द्र के वैज्ञानिक श्री भीरेन्द्र कुमार पालेकर ने बताया कि गुलाल का उपयोग होली के त्यौहार अलावा कई धार्मिक त्यौहारों एवं विभिन्न समारोह में अपने खुशी को प्रकट करने में किया जाता है। केन्द्र के द्वारा बताया गया कि हर्बल गुलाल जिले के सी-मार्ट में उपलब्ध कराया कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा को समूह की महिलाओं ने हर्बल गुलाल भेंट कर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी कलेक्टर ने महिलाओं को उनके प्रयास और मेहनत की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दी और उनका उत्साहवर्धन किया कलेक्टर श्री कटारा के निर्देश पर महिला समूह द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल सी-मार्ट के माध्यम से विक्रय किया जा रहा है वहीं कलेक्टर ने जिलेवासियों को भी होली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित त्यौहार मनाने एवं केमिकल युक्त गुलाल की जगह हर्बल गुलाल उपयोग में लाने की अपील की।

मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक के माध्यम से हो रहा मरीजों का उपचार

बीजापुर 4 मार्च। उसूर ब्लॉक के बासागुड़ा हाट बाजार मे मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक से मरीजों का बेहतर उपचार एवं आवश्यक जांच की जा रही है। 3 मार्च 2023 दिन शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बासागुड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उसूर जिला बीजापुर खण्ड चिकित्सा अधिकारी उसूर डॉ विकास गवेल के निर्देशन व बासागुडा सेक्टर प्रभारी डा.तरूण कुमार गोटे के मार्गदर्शन में ग्रामीण क्षेत्रों के पहुंच विहीन और सुदूर अंचलों चल कर बाजार पहुंचते हैं और ग्रामीण क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए शासन के मंशा अनुरूप जनसमुदाय के लोगों को ईलाज के लिए आधारभूत स्वास्थ्य सेवाएं निचले स्तर से सेवाओं को मुहैया कराई जाती है प्रत्येक सप्ताह के एक दिन हाट बाजार क्लिनीक योजना बनाई गई है हाट बाजार टीम डॉ शिवा प्रसाद चिकित्सा अधिकारी, श्री संजय भण्डारी आर एच ओ , सुरेश कुमार ककेम आर एच ओ श्रीमती मालती कड़ियाम आर एच ओ , श्रीमती अनसूर्या राव आर एच ओ , कुमारी निर्मला मोडियम फील्ड कॉर्डिनेटर नीरज सरकार वाहन चालक सुशीला गोल्ला वार्ड आया इत्यादि की

मौजूदगी में विभिन्न गतिविधियों का संपादन किया जाता है जिसमें उच्च रक्तचाप ,मधुमेह, एनीमिया एएनसी, पीएनसी जांच बच्चों का टीका करण नेत्र जांच, टीबी, कुष्ठ सैंपल और पहचान परामर्श कुपोषण,एनआरसी के लिए सलाह मलेरिया डेंगू सिकलसेल,टायफाइड परिवार नियोजन कडोम, एलटीटी, विधियां अपनाने बताई जाती है बुखार सर्दी खांसी, उल्टी दस्त खुजली दाद सामान्य चर्म रोग सामान्य मौसमी बीमारियों बदन दर्द, सिर दर्द, गैस्ट्रिक, कमजोरी, छाला, दर्द निवारक इत्यादि के परामर्श और सलाह दिया जाता है ।आज के शिविर मे कुल 110 मरीजों का सर्दी-खासी,बुखार, मलेरिया,टाईफाइड, सिकलसेल, टीबी, बीपी ,शुगर सहित विभिन्न बीमारियों का जांच एवं उपचार किया गया।

सेवानिवृत्त होने पर शिक्षिका काजल को शाला परिवार ने दी भावभीनी विदाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 4 मार्च। जनपद प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका काजल चक्रवर्ती के सेवानिवृत्त होने पर शाला परिवार की ओर भावभीनी विदाई दी गई। शिक्षिका काजल चक्रवर्ती जनपद शाला में विगत 20 वर्षों से लगातार कार्यरत रही है। अपने कार्यकाल में काजल चक्रवर्ती ने विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक नवाचार से बच्चों को प्रेरित करने के ,साथ ही संस्था में बच्चों के प्रति उनका लगाव तथा बच्चों के पढ़ाई के प्रति समर्पित रहती थी। उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने पर जिला स्तरीय सम्मान भी प्राप्त हुआ था । सेवानिवृत्त होने पर संस्था में शाला परिवार की ओर से काजल चक्रवर्ती को स्मृति चिन्ह के अलावा शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। विदाई अवसर पर सेवानिवत प्र.अ.डी. नागेश्वर ने कहा कि काजल चक्रवर्ती एक कर्मठ व कर्तव्यनिष्ठ रहकर संस्था में सेवा दी है, जो प्रेरणादायक है। सेवानिवृत्त प्र.अ.अय्यूब खान ने कहा कि काजल चक्रवर्ती ने संस्था में रहकर हमेशा बच्चों के प्रति समर्पित रहती थी, इनके नये नये नवाचार से बच्चें भी हमेशा खुश रहते थे। विदाई अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल शिक्षक शिक्षिकाओं ने काजल चक्रवर्ती के कार्यो की प्रशंसा की। सेवानिवृत्त शिक्षिका काजल चक्रवर्ती ने अपने भावुक भाषण में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं से दिये गये सहयोग के लिए आभार जताया। जनपद शाला में आयोजित विदाई कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्र.अ. आशीष चक्रवर्ती,शिक्षक इकबाल खान, यास्मीन खान, रजनी लता सिंह, अश्वनी धनकर, रजिया सुल्ताना, रफीक खान, शबाना परवीन, सत्यवती मंडावी, मीना सागर, सीएसी एम गटैया,सुनीता हाई, कैलाश रामटेके, पूनम चौहान, कमल रंजीता तथा संस्था के बच्चे उपस्थिति रहे ।

आकांक्षी जिला के डेल्टा रैंकिंग में कांकेर जिला प्रथम

उत्तर बस्तर कांकेर 4 मार्च। प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) अंतर्गत आवास निर्माण में उल्लेखनीय प्रगति हुई, जिसके परिणाम स्वरूप नीति आयोग द्वारा जारी आकांक्षी जिलों के डेल्टा रैंकिंग में ''बेसिक इनफ्रास्ट्रक्चर'' में कांकेर जिला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि योजना में प्रगति लाने के लिए उच्चाधिकारियों द्वारा लगातार समीक्षा की गई, मैदानी कर्मचारियों के बैठक लिये गये तथा क्षेत्र भ्रमण किये गये। इसके अलावा जिले के जनप्रतिनिधियों द्वारा 'हमर विधायक हमर गावं' तथा विधायक जनचौपाल जैसे कार्यक्रमों में हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए प्रेरित किया गया। भारत सरकार के नीति आयोग जारी डेल्टा रैंकिंग में कांकेर जिले को प्रथम स्थान प्राप्त होना अत्यंत हर्ष का विषय है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) योजनांगंत वर्ष 2016-17 से 2019-20 तक 18 हजार 580 आवास स्वीकृत किया गया, जिसमें से 16 हजार 628 आवास पूर्ण हो चुके हैं तथा शेष आवास का निर्माण प्रगतिरत है। प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ किश्त की राशि आवास निर्माण स्तर के आधार पर राशि जारी की जाती रही है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत 95 दिवस का मजदूरी भुगतान भी प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को किया जाता है।

समाचार संक्षेप

शासकीय भूमि के अतिक्रमण पर राजस्व अधिकारी सख्ती से करें कार्रवाई : कलेक्टर

बीजापुर 4 मार्च । कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने

राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जिसमें नामांतरण, अविवादित बंटवारा, विवादित बंटवारा विगत वर्षो के बकाया आरसीसी बसूली, आरबीसी 6-4 के तहत प्रकरणों की स्थिति एवं लंबित मुआवजा के प्रकरणों की जानकारी ई-कोर्ट में लंबित प्रकरणों सहित राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना अर्न्तगत पंजीयन की स्थिति, बैगा-गुनिया पंजीयन, मसाहती ग्रामों के राजस्व सर्वेक्षण, अभिलेख शुद्धता, आनलाईन नामांतरण, शासकीय भूमि का चिन्हांकन कर अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई करने, छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहित 1959 की धारा 170 (ख) के अर्न्तगत प्रकरणों की स्थिति, मातागुड़ी, पेनगुड़ी (देवगुड़ी) का चिन्हांकन एवं अभिलेख संबंध में जानकारी, प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल मैदान सुरक्षित करने, क्यूकिगत वनाधिकार पत्र के नए प्रकरण की स्थिति, जाति प्रमाण पत्र के प्राप्त आवेदनों का शीघ्रता से निराकरण कर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने सहित मतदाताओं की आधार सीडींग के बारे में विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, एसडीएम बीजापुर श्री पवन कुमार प्रेमी, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सुमन राज, एसडीएम उसूर श्री मनोज बंजारे सहित समस्त अनुभाग के एसडीएम, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

शांति समिति की बैठक सम्पन्न

जगदलपुर, 4 मार्च। होली पर्व के लिए शांति समिति की बैठक कलेक्टर श्री चंदन कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र मीणा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित की गयी। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि त्यौहार सभी के लिए है, सभी आपसी सामंजस्य, समन्वय के साथ पर्व को उमंग उत्साह के साथ मनायें। प्रशासन द्वारा हुड़दंगियों को नियंत्रण के लिए आवश्यक व्यवस्था की गयी है। साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर नियंत्रण के भी प्रयास किये जायेंगे। होलिका दहन के लिए वन विभाग द्वारा लकड़ी और नगर निगम द्वारा गोबर के कंडे व लकड़ी की व्यवस्था भी की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री मीणा ने कहा कि गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी वार्ड पार्षदों और ग्राम सरपंचो का आवश्यक सहयोग अपेक्षित है। असामाजिक तत्वों को नियंत्रण के लिए पुलिस के द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। रंगों के त्यौहार में विघ्न डालने वाले मुखौटो, पेंट, ग्रीस आदि की बिक्री पर रोक लगाने में सभी का सहयोग आवश्यक है। शहर की गरिमा के अनुसार सभी मिलकर होली त्यौहार मनायेंगें। बैठक को महापौर श्रीमती सफीरा साहू ने भी संबोधित किया। होलिका दहन के दिन शब -ए-बारात और रंग पंचमी के दिन रविवार को ईसाइ समुदाय के प्रार्थना दिवस में शांति और सौहाद्र बनाने की अपील प्रशासन के अधिकारियों ने की। शांति समिति के सदस्यों ने पूर्व वर्ष के अनुभव के आधार पर प्रशासन के समक्ष ध्वनि प्रदूषण, अनावश्यक हुड़दंग करने वाले व्यक्तियों पर नियंत्रण, अप्रत्याशित घटना-दुर्घटना की रोकथाम, स्लम एरिया में गश्ती दल बढ़ाने, विद्युत व्यवस्था, पानी की सप्लाई का समय बढ़ाने, अस्पतालों में एमरजेंसी ड्यूटी के संबंध में भी संज्ञान लाए। इस अवसर पर शांति समिति के सदस्य, पार्षद, विभिन्न समाजों के प्रमुख, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती कविता साहू, अपर कलेक्टर श्री हरेश मंडावी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पॉल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

संभाग स्तरीय वरिष्ठ नागरिकों का मूल्यांकन एवं परीक्षण शिविर संपन्न

जगदलपुर, 4 मार्च। समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय वरिष्ठजनों का मूल्यांकन एवं परीक्षण शिविर जगदलपुर के लालबाग मैदान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बस्तर श्री दीपक बैज ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की सोच है कि समाज के हर वर्ग के वृद्ध, बेसहारा और दिव्यांगजन को पेंशन मिले। इसी सोच को सार्थक करते हुए जिला प्रशासन एवं विभाग गांव-गांव जाकर पेंशन हेतु पात्र हितग्राहियों से आवेदन पत्र लेकर उन्हें पेंशन योजनाओं का लाभ दिला रहे हैं। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था या किसी प्रकार की दिव्यांगता के कारण आने वाले परेशानियों का सामना करने में सहारा देने का काम सरकार कर रही है। शिविर में लगभग 7 हजार वृद्धजनों का मूल्यांकन एवं परीक्षण किया गया है।

सांसद श्री बैज ने कहा कि प्रदेश में 12 पेंशन योजनाएं संचालित है, जो हर वर्ग को ध्यान में रखकर बनायी गयी है। उन्होंने इन सभी योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह उपस्थित वृद्धजनों से किया। सांसद ने कहा कि पेंशन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए सरकार ने हितग्राही के खाते में सीधे राशि अंतरण करने की व्यवस्था की है, जो कि सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आप सभी विभिन्न जिलों से यहां अपनी-अपनी समस्याएं लेकर आये है, इस शिविर में लगाए गए विभिन्न स्टालों नेत्र, दंत, अस्थि आदि में जाकर जांच जरूर करायें। सांसद श्री बैज ने कहा कि जिले की विषम भौगोलिक परिस्थिति के बावजूद प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी अंतिम छोर के व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ दिला रहे है, वह सराहनीय है।

कलेक्टर एवं एसपी ने किया भैरमगढ़ ब्लाक के सुदूर क्षेत्रों का दौरा

बीजापुर 4 मार्च। कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा, पुलिस अधिक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय एवं सीईओ जिला पंचायत श्री रवि कुमार साहू ने भैरमगढ़ ब्लाक के सुदूर क्षेत्रों का आकस्मिक दौरा कर विभिन्न विकास कार्यो का जायजा लिया इस दौरान सुदूर क्षेत्र तिमेनार में स्थापित नवीन सुरक्षा कैम्प का अवलोकन किया। वहीं ग्रामीणों से सौजन्य मुलाकात कर उनके मांगो और समस्याओं से अवगत हुए जहां ग्रामीणों ने स्कूल, आंगनबाड़ी, राशन दुकान सहित पेयजल हेतु हैण्डपंप की मांग करने पर त्वरित बुनियादि सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही ज्ञात हो कि यह अत्यंत सुदूर एवं दुर्गम क्षेत्र है जहां नवीन सुरक्षा कैम्प के स्थापना एवं सुरक्षा के साथ गंगालूर, पुसनार, बुरजी से होते हुए बेचापाल तक महत्वपूर्ण सड़क बन रही है जिसका हजारों ग्रामीणों को यातायात परिवहन, स्कूल, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि जैसे विभिन्न क्षेत्रों से प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। वहीं सुदूर क्षेत्रों के इन गावों में प्रशासन की पहुंच सुनिश्चित होने पर स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, राशन दुकान जैसे बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराना आसान होगा।

लंबित डीए सहित विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम सौंपा संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन

बीजापुर 4 फरवरी। छ्ग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर आज प्रदेश के समस्त जिलों मे माननीय मुख्यमंत्री वा श्रीमान मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया।बीजापुर जिले मे जिला संयोजक के डी राय ,जिलाध्यक्ष मो जाकिर खान वा जिला सचिव कैलाश रामटेके के नेतृत्व मे ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर श्रीमति सुमन राज को सौंपा गया। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला सचिव कैलाश रामटेके ने विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि सौंपे गये ज्ञापन मे मांग की गई है कि लिपिक संवर्ग के वेतन विसंगति का निराकरण साथ ही सहायक शिक्षक एवं समस्त एल बी संवर्ग की पूर्व सेवा गणना वेतन विसंगति एवं समस्त लाभ,स्वास्थ विभाग संवर्ग,महिला बाल विकास विभाग,वन विभाग,पशुपालन सहित अन्य कर्मचारी संवर्ग का वेतन विसंगति सहित 14 सूत्रीय मांगो के लिए दिनाँक 17 सितंबर 2021 को गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सरकार को तत्काल सौंपी जाये।प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को लंबित 5 प्रतिशत मंहगाई भत्ता एवं सातवें वेतनमान अनुसार गृह भाड़ा भत्ता स्वीकृति आदेश जारी किया जावे।जन घोषणा पत्र मे उल्लेखित अन्य माँगो को पूरा किया जावे वा चार स्तरीय पदोन्नत वेतनमान जारी किया जावे।कर्मचारी संगठनों द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से अपनी माँगों को शासन के समक्ष रखने हेतु पंडरी पुराना बस स्टेण्ड को धरना स्थल घोषित किया जावे।अनुरोध किया गया है कि यथाशीघ्र समुचित आदेश जारी करें।ज्ञापन सौंपने वाले संगठनों मे छ्ग शिक्षक संघ के ईश्वर झाड़ी,एस के समरथ एन के सोरी,पटवारी संघ के वीरा राजा बाबु ,ग्रामीण स्वास्थ संयोजक संघ के महेश दुर्गम,आयुर्वेद चिकित्सा संघ के सी वेंकटश्वर,सहायक शिक्षक फेडरेशन के किशोर दुर्गम,दिलीप दुर्गम ,वाहन चालक संघ के बालेन्द्र राठौर ,छ्ग शालेय शिक्षक संघ सहित सदस्य मौजूद रहे।ज्ञात हो कि यह आंदोलन का प्रथम चरण है।

बासागुडा के हाट-बाजार में लगा जनसंपर्क विभाग का सूचना शिविर

शासन की योजनाओं को जानने लोगों में उत्सुकता

■ पाकेला की 70 वर्षीय बुज़ुर्ग महिला कोरसा लच्छी ने ली छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं की जानकारी

बीजापुर 4 मार्च। जनसंपर्क विभाग बीजापुर द्वारा जिला एवं विभिन्न ब्लाक मुख्यालय के हाट-बाजारों में राज्य शासन के चार वर्ष की उपलब्धि एवं महत्वपूर्ण योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। जिसमें जिला जनसंपर्क कार्यालय के टीम द्वारा लोगों को योजनाओं से लाभ लेने के लिए प्रेरित कर योजनाओं से जुड़े विभिन्न प्रकार के प्रचार-प्रसार ब्रोसर, पाम्पलेट, मासिक पत्रिका जनमन, कैलेंडर, सहित विभिन्न प्रचार सामग्री का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। 03 मार्च दिन शुक्रवार को उसूर ब्लॉक के बासागुडा हाट बाजार में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ सरकार के महत्वाकांक्षी योजना राजीव गांधी किसान न्याय योजना, बिजली बिल हाफ

योजना, गोधन न्याय योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन वनाधिकार पत्र सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी सनबोर्ड एवं प्रचार सामग्री के माध्यम से दी गई,जिसमें दिनभर लोगो का शिविर में आना-जाना लगा रहा लोगों ने बढ़-चढ़कर शासन की योजनाओं की जानकारी लेने मे उत्सुकता दिखाई, जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित शिविर की प्रशंसा भी किए कि बड़ी आसानी से सूचना बोर्ड एवं प्रचार सामग्री से सभी विभागों की जानकारी मिल रही है बासागुडा हाट बाजार में शिविर का प्रशंसा करते हुए ग्राम पाकेला की बुजुर्ग महिला कोरसा लच्छी ने कहा कि इस तरह का शिविर बहुत ही जरूरी और फायदेमंद है जिससे आम नागरिक कुछ समय शिविर में बिता कर छत्तीसगढ़ शासन की समस्त योजनाओं की जानकारी ले सकता है। वही प्रचार सामग्री को पढ़कर अपने आस-पास के लोगो को भी शासन की योजनाओं से लाभ लेने प्रेरित कर सकता है इसी तरह तरेंम पंचायत के ओयम मंगली, लिंगागिरी से चंदा लक्ष्मी, चिपुरभट्टी से लक्ष्मी वेको, चित्रागेलूर से पूनेम मासा,बासागुडा पंचायत से शहीद खान ,मज्जी पवन , रम्मना चापडी मुरदंडा जैसे कई गणमान्य नागरिको ने शिविर को आवश्यक और महत्वपूर्ण बताया एवं बासागुडा के सरपंच मल्लिका ताज बेग व सचिव कृष्णा झाडी सूचना शिविर में उपस्थित थे।

कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए लगाई गई मजिस्ट्रियल ड्यूटी

उत्तर बस्तर कांकेर4 मार्च । होलिका दहन, होली पर्व एवं रंग पंचमी त्यौहार को कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा अधिकारियों की मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाई गई है। डिप्टी कलेक्टर विश्वार कुमार को तहसील कांकेर, नायब तहसीलदार अखिलेश ध्रुव को तहसील नरहरपुर, तहसीलदार यशवंत कुमार को तहसील चारामा, तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार उर्वशा को तहसील भानुप्रतापपुर, तहसीलदार आर.के. बंजारे को तहसील अंतागढ़ तहसीलदार परमानंद बंजारे को दुर्गूकोंदल और तहसीलदार कुलदीप ठाकुर को तहसील पखांजूर के लिए मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाई गई है।

एक नजर

श्रवण बाधित 112 बच्चे चिन्हित किये गए

गरियाबंद, 4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला गरियाबंद में स्कूली विद्यार्थियों के परीक्षा फल में अपेक्षा अनुरूप प्रगति नहीं होने का प्रमुख कारण बच्चों में कमजोर श्रवण शक्ति, कमजोर ध्यान केन्द्रित करने की शक्ति, कमजोर तर्कशक्ति के वजह से अनेक बच्चे समाज के समान विकासधारा से नही जुड पाते। बच्चों में समय पर कान की जांच तथा सुनने की शक्ति की वैज्ञानिक जांच के लिए जिला चिकित्सालय गरियाबंद से विशेषज्ञ ई.एन.टी. चिकित्सक की टीम द्वारा विभिन्न स्कूलों में जाकर कान की बीमारी, कमजोर सुनने की बीमारी, इत्यादि से पीड़ित बच्चों के जांच में 112 बच्चों को चिन्हित किया गया। सीएमएचओ डॉ. के.सी. उरांव ने बताया कि विकासखण्ड छुरा, देवभोग, फिंगेश्वर, गरियाबंद एवं मैनपुर में टीम द्वारा चिन्हांकित 84 स्कूली बच्चों को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया।

विश्व श्रवण दिवस के उपलक्ष्य पर 3 मार्च को आयोजित रैली को जिला चिकित्सालय गरियाबंद से कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली जिला चिकित्सालय से गरियाबंद शहर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से डॉ. अमन कुमार हुमने, डॉ के.के. सहारे, डॉ. मुकेश हेला, श्री एन कुमार साहू, श्री विष्णु निषाद, समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी, समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी का विशेष सहयोग रहा।

नाबालिग की होने वाली शादी पर रोक लगाई गई

गरियाबंद, 4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले के देवभोग विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बरबाहली में एक बाल विवाह होने की तैयारी चल रही थी। जिला बाल संरक्षण इकाई (मबाबि) एवं चाईल्ड लाईन की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल पर पहुंच कर बालिका की आयु संबंधी दस्तावेज 5वीं की अंकसूची के आधार पर बालिका की आयु सत्यापन किया गया। जिसमें उसकी आयु 17 वर्ष 04 माह होना पाया गया। बालिका का विवाह 24 फरवरी 2023 को तय किया गया था।

जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम के अधिकारियों ने बताया कि विवाह के लिये बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार बालिका की आयु 18 वर्ष एवं लड़के की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। निर्धारित आयु से कम आयु में महिला/पुरुष का विवाह करने या करवाने की स्थिति में सम्मिलित व सहयोगी सभी लोग अपराध की श्रेणी में आते है। जिन्हें 02 वर्ष तक का कठोर कारावास एवं 01 लाख रूपये का जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है।

जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम द्वारा अग्रिम कार्यवाही करते हुए बालिका के माता-पिता व परिवार वालों एवं ग्रामीणजनों को समझाईश दिया कि बालिका की आयु 18 वर्ष पूर्ण होने पश्चात् ही विवाह करें। सभी लोग बाल विवाह रोकथाम टीम की समझाईश पर सहमति जताई। टीम द्वारा उपस्थित ग्रामीण जनों से आग्रह किया कि निर्धारित आयु सीमा के पश्चात् ही विवाह करें। जिससे बालक-बालिका के शिक्षा, स्वास्थ्य, कुपोषण, परिवार नियोजन आदि में बेहतर सुधार में योगदान दिया जा सके।

सड़क हादसे में युवक की मौत

गरियाबंद,4 मार्च। गरियाबंद मैनपुर। नेशनल हाइये मार्ग 130 सी में आज शुक्रवार देर शाम 7:30 बजे के आसपास दर्दनाक सड़क हादसा में एक युवक की मौत हो गई। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 8 किमी दूर गरियाबंद मार्ग में चांवल से भरा ट्रक सड़क किनारे खड़ा था कि धवलपुर की तरफ से तेज रफ्तार मोटरसायकल में आ रहे एक युवक अनियंत्रित होकर ट्रक के पीछे मोटरसायकल के साथ घुस गया जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आने से और सिर से भारी खून बहने से मौके पर ही युवक की दर्दनाक मौत हो गई।

भूपेश सरकार छीन रही गरीबों का आशियाना:भाजपा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

महासमुन्द ,4 मार्च। भाजपा प्रदेश संगठन के आह्वान पर भाजपा जिला महासमुन्द द्वारा जिलाध्यक्ष रूपकमारी चौधरी जी के नेतृत्व में ,प्रदेश की कांग्रेस सरकार के गलत नीतियों के चलते प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हितग्राहियों और भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भुपेश सरकार के खिलाफ जिला स्तरीय मशाल रैली पश्चात एसडीएम को ज्ञापन सौपा गया। मशाल रैली के अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित महासमुन्द लोकसभा के सांसद श्री चुन्नीलाल साहू ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार की नीतियों का विरोध करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के मुखिया यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी की महत्वाकांक्षी,प्रधानमंत्री आवास निर्माण योजना को लेकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार संवेदनशील नही है । मोर आवास मोर अधिकार प्रदेश की गरीब जरूरतमंद जनता की आवश्यकता है । प्रदेश की कांग्रेस सरकार की उदासीनता के चलते लाखो गरीब परिवारो को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के आवास निर्माण की योजना से वंचित होना पड़ा है । राजनैतिक दुर्भावना के चलते भुपेश सरकार जानबूझकर गरीब जनता के हितों की बलि चढ़ा रही है । केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा दिये गए केंद्रीय अंशदान से लाखो जरूरत मंद हितग्राहियों को राज्य की कांग्रेस सरकार का अंशदान नही दिए जाने के कारण आवास योजना के लाभ से वंचित होना पड़ा है ?भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती रूपकमारी चौधरी ने प्रधानमंत्री आवास योजना में कांग्रेस सरकार द्वारा बरती जा रही लापरवाही पर भुपेश सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि पूर्व में प्रदेश की डॉ रमनसिंह जी के सरकार के कार्यकाल में केंद्र की भाजपा सरकार के सहयोग से यशश्वी प्रधानमंत्री की आवास निर्माण की महती योजनाओ पर सक्रियता से कार्य किया गया था । प्राथमिकता के आधार पर योग्य जरूरतमंद गरीब परिवारों को आवास निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर उन्हें लाभांश दिया गया । परन्तु प्रदेश की जनता को बरगलाकर झूठे वायदों से सत्ता में आई कांग्रेस सरकार ने इस योजना को जारी रखने में कोई प्रयास ही नही किया है । आवास योजना से वंचित हितग्राहियों सहित आम नागरिकों में भी भुपेश सरकार की वादाखिलाफी को लेकर आक्रोश पनप रहा है । जनहित के मुद्दे पर भाजपा के कार्यकर्ता सदैव जनता के सहयोग से हरसम्भव लड़ाई लड़ने संकल्पित है । आवास योजना से वंचित सैकड़ो की संख्या में हितग्राहियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्थानीय लोहिया चौक से मशाल रैली निकालकर एसडीएम को मुख्यमंत्री भुपेश बघेल के नाम ज्ञापन सौपा है । इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्रहास चंद्राकर,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूर्व विधायक परेश बागबाहरा, भाजपा पदाधिकारी योगेश्वर राजू सिन्हा, जितेंद्र त्रिपाठी, स्मिता हितेश चंद्राकर,मोनिका साहू,धरम साहू,गोपाल वर्मा, मण्डल अध्यक्षगण सतपाल सिंघ पाली,पप्पू पटेल,धरम पटेल,माधव साव,श्याम साकरकर ,प्रेम साहू ,पिलेश्वर पटेल,धरम दिवान ,मशाल रैली प्रभारी पार्षद देवीचंद राठी,मण्डल महामंत्री प्रकाश शर्मा,रंजन साहु,गौरव प्रधान,संजय प्रधान,नरहरि पोर्ते,सुधा साहू,पवन साहू,गोपा साहू,महेंद्र सिका, लाल विजय सिंहदेव पार्वती साहू,उत्तरा प्रहरे,डिम्पल ध्रुव,एम आर विश्वनाथन,अरविंद प्रहरे,सीता डोडेकर,लक्ष्मी साहू,शुभ्रा शर्मा,अमन वर्मा,विक्की गुरुदत्ता, जतिन रूपरेला,नईम खान,महेश चौहान,फगवा पटेल,रेखा देवार, भगवती करकसे,हेमकांति सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण और भाजपा ,मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

दृष्टिबाधित छात्र-छात्राओं के साथ होली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुई क्षीरसागर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

महासमुंद। समाज कल्याण विभाग से मान्यता एवं अनुदान प्राप्त फॉर्चून फाऊण्डेशन समाज सेवी संस्था ग्राम-प्रेतनडीह, पोस्ट - केन्दुढार, विकासखण्ड - सरायपाली द्वारा संचालित विकासखण्ड बागबाहरा के फॉर्चून नेत्रहीन उच्च माध्यमिक विद्यालय ग्राम करमापटपर बागबाहरा खुर्द में कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर की धर्म पत्नि श्रीमती पल्लवी क्षीरसागर संस्था के दृष्टिबाधित छात्र-छात्राओं के साथ शुक्रवार को होली मिलन कार्यक्रम के तहत शामिल हुई। उन्होंने विगत दिनों संस्था के छात्र-छात्राओं द्वारा पैरा एथलेटीक्स में मेडल प्राप्त करने पर बधाई दी और बच्चों को रंग-गुलाल लगाया। श्रीमती क्षीरसागर ने बच्चों के साथ फूलों की होली खेली, दृष्टि बाधित बच्चों को उपहार एवं मिठाई खिलाकर होली पर्व की बहुत-बहुत बधाई दी तथा बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। संस्था के अध्यक्ष नए वर्तमान गतिविधियों से उन्हें अवगत कराया गया। उन्होंने छात्रों के स्पेशल लर्निंग कम्प्यूटर कक्ष का अवलोकन भी किया। संस्था में संचालित गतिविधियों की उन्होंने सराहना की । इस अवसर पर उनके साथ श्रीमती मनोरमा पाण्डेय, श्रीमती रेखा छवई एडिशनल एस.पी., श्रीमती निवेदिता शर्मा, श्रीमती कस्तुरी सारथी, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ऋतु हेमनानी, उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती संगीता सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती नेहा भेडिया, श्रीमती मिशा कोसले, जिला सांख्यिकी अधिकारी श्रीमती मधु साहू, तहसीलदार कोमाखान श्रीमती ममता ठाकुर, नायब तहसीलदार तुमगांव श्रीमती शशि नर्मदा, नायब तहसीलदार श्री कमलेश सिदार, पटवारी कामिनी बरिहा, अध्यक्ष फॉर्चून फाउण्डेशन श्री निरंजन साहू , श्री अमित सक्सेना एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी / कर्मचारिगण एवं फॉर्चून फाउण्डेशन संस्था के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। संस्था की गतिविधियाँ जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में सम्पन्न किया जा रहा है।

लंबित प्रकरण पर कलेक्टर ने अधिकारियों को लगाई फटकार

गरियाबंद, 4 मार्च। कलेक्टर प्रभात मलिक ने राजस्व विभाग के अधिकारियों और संबंधित कार्यालयीन रीडर की संयुक्त बैठक लेकर लंबित राजस्व प्रकरणों की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रकरण पंजीबद्ध करने एवं इसके निराकरण प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी राजस्व प्रकरणों का निराकरण गंभीरतापूर्वक करना सुनिश्चित करें। प्रकरण समय-सीमा के बाहर लंबित होने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी। कलेक्टर ने तहसील एवं अनुविभागवार प्रकरणों की समीक्षा करते हुए प्रकरण लंबित होने पर अधिकारियों को फटकार लगाई। वहीं अच्छे कार्य पर सराहना भी की। कलेक्टर ने विवादित नामांतरण, निपटाने के लिए तहसीलदारों के लिए 10 मार्च व नायब तहसीलदारों के लिए 15 मार्च तक की तिथि निर्धारित की है।

नगर सरकार तुहंर द्वार: नपाध्यक्ष राशि ने वार्ड 25 और 26 का किया भ्रमण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

महासमुंद,4 मार्च। नगर सरकार तुहंर द्वार यात्रा के तीसरे दिन नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने सुभाष नगर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 25 एवं पंचशील वार्ड क्रमांक 26 का भ्रमण किया। इस दौरान नपाध्यक्ष को कही फूलों का गुलदस्ता भेंट किया, तो कही आरती और कुमकुम लगा कर महिलाओं ने स्वागत किया।

नगर सरकार तुहंर द्वार यात्रा के तीसरे दिन शुक्रवार को नपाध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने वार्ड क्रमांक 25 और 26 का भ्रमण किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती महिलांग का जगह जगह गुलदस्ता और आरती कुमकुम लगा कर महिलाओं ने स्वागत किया। भ्रमण में नपाध्यक्ष के साथ वार्ड पार्षद संदीप घोष, मनीष शर्मा, पार्षद व पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल, शोभना यादव, लता कैलाश चंद्राकर, सीएमओ डी एल वर्मन, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी दिलीप चंद्राकर, लोक निर्माण विभाग के उप अभियंता दिलीप कश्यप, खाद्य प्रभारी जितेंद्र महंती, जल प्रभारी अनुराग गुप्ता, मिशन क्लीन सिटी प्रभारी नौशाद बक्श, लोकरंजन साहू, ममता बग्गा, राखी ठाकुर, प्रेमशीला बघेल, यशवंत ठाकुर सहित तमाम कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान अलग अलग नागरिकों ने लोक निर्माण विभाग से जुड़े 30 आवेदन दिए हैं। वार्ड क्रमांक 25 स्थित श्रीराम कॉलोनी के नागरिकों ने नपाध्यक्ष से नई सड़क और नाली निर्माण की मांग की। इस पर नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग लोक निर्माण विभाग को जल्द ही प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए। नपाध्यक्ष के भ्रमण के दौरान दो नागरिकों ने खाद्य शाखा से जुड़े दो आवेदन दिया है। जिसमें राशन कार्ड बनाने और दूसरा संयुक्त राशन कार्ड से अपना नाम काटने का आवेदन मिले हैं। नपाध्यक्ष ने जल विभाग को इसका निराकरण करने के निर्देश दिए। ऐसे ही सफाई और कचरा से संबंधित दो लोगों ने नपाध्यक्ष से शिकायत की। उन्होने स्वास्थ्य प्रभारी को तत्काल इसका निपटारा करने को कहा। विद्युत विभाग को 6 आवेदन मिले हैं। इनमें नये विद्युत पोल लगाना, पांच स्थानों में लाइट लगाने की मांग नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती महिलांग से की। उन्होंने नागरिकों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही लाइट लगाने का काम कर दिया जाएगा।

हर्बल गुलाल से मनेगी होली

- सब्जी और फूलों के प्राकृतिक रंगों से मनेगी होली
- समूह की महिलाएं तैयार कर रहीं हर्बल गुलाल
- चुकंदर, पालक, धनिया, लाल भाजी, पलाश, गुलाब, गेंदा से हर्बल रंग तैयार किया जा रहा है।

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद,4 मार्च। होली के उल्लास भरे पर्व पर बिहान की स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए हर्बल गुलाल की छटा बिखरेगी। जिले के गरियाबंद विकासखण्ड अंतर्गत वंसुधरा महिला संकुल संगठन ग्राम मदनपुर में स्व सहायता समूह की महिलाएं विभिन्न प्राकृतिक रंगों से हर्बल गुलाल बना रहीं हैं। महिलाओं द्वारा चुकदर, पालक, धनिया, लाल भाजी, फूलों जैसे-पलाश, गुलाब, गेंदा से हर्बल रंग तैयार किया जा रहा है। एक ओर जहां बाजार में रासायनिक रंग-गुलाल उपलब्ध हैं, वहीं समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित इको फ्रेंडली हर्बल गुलाल का निर्माण कर बिक्री की जा रही है। स्व-सहायता समूह महिलाओं ने अब तक 50 किलों से अधिक हर्बल गुलाल का निर्माण कर चुकी हैं और 01 क्विंटल हर्बल गुलाल का आर्डर भी मिल चुका है। महिलाओं को हर्बल गुलाल की बिक्री हेतु समुचित बाजार दिलाने का कार्य जिला प्रशासन के द्वारा किया गया है। इस बार होली पर्व को लेकर बिहान समूह से जुड़ी महिलाएँ हर्बल गुलाल की तैयारी में दिन रात जुटी हुई हैं। हर्बल गुलाल की खासियत ये है कि ये पूरी तरह से केमिकल रहित होता है और इसके इस्तेमाल से कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होता है। हर्बल गुलाल में रंग और महक के लिए प्राकृतिक फूलों का ही इस्तेमाल किया जाता है। बिहान समूह की महिलाओं के द्वारा स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए हर्बल गुलाल का निर्माण किया जा रहा है। इस संबंध में समूह की सदस्यों ने बताया कि यह हर्बल एवं प्राकृतिक गुलाल को 150 रूपये प्रति किलों की दर से बेचते हैं। इसके साथ ही कम मूल्य के छोटे पैकेट भी तैयार किये गये हैं। महिलाएं आगे बताती है कि बिहान से जुड़कर हम स्वरोजगार का अवसर उपलब्ध हो रहे हैं और आर्थिक स्वावलंबन की तरफ अग्रसर हो रहे हैं। उन्होंने अपील किया है कि इस बार की होली प्राकृतिक रंगों से बनी हर्बल गुलाल खरीदकर मनाये।

शौच के लिए निकली महिला को दंतैल हाथी ने कुचलकर मारा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम,4 मार्च। फिंगेश्वर वन परिक्षेत्र के ग्राम बोरिद में दतैल हाथी ने महिला को कुचलकर मार डाला है। महिला सुबह 5 बजे शौच के लिए घर से बाहर निकली थी। घटना की सूचना पाकर वनकर्मी और पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए भिजवा दिया है।

जानकारी के मुताबिक वन परिक्षेत्र फिंगेश्वर के ग्राम बोरिद में आज तड़के सुबह 5 बजे दंतैल हाथी के हमले से शौच के लिए घर से बाहर निकली 50 वर्षीय महिला खोरबहारिन सोनकर की मौत हो गयी। आपको बता दे कि पैरी नदी क्रॉस कर बुधवार की सुबह से दंतैल हाथी धमतरी जिले से राजिम क्षेत्र पहुंचा हुवा है जो रिहायशी इलाकों में घूम रहा है।इस घटना से वन विभाग की लापरवाही सामने आयी है, हाथी के आने की सूचना व उसके गतिविधि की मुनादी वन विभाग को आसपास के ग्रामो में करानी होती है लेकिन वह विभाग के द्वारा किसी भी प्रकार की सूचना नही दी गयी थी जिसके चलते यह पूरी घटना सामने आई है। यदि समय रहते विभाग द्वारा गांव में मुनादी करा दिया होता, तो महिला घर से बाहर ही नहीं निकली और उसकी जान बच जाती। पूरी घटना को लेकर ग्रामीणों व परिजनों में काफी आक्रोश है और वे इसके लिये वन विभाग को ही जिम्मेदार ठहरा रहे है।वही ग्राम के सरपंच ने लोगो से अपील की है कि उनका पंचायत ओडीएफ पंचायत है ऐसे में लोग शौच के लिये अपने शौचालय का ही उपयोग करे, ताकि भविष्य में ऐसी घटना फिर घटित ना हो।

नवोदय विद्यालय में चयन परीक्षा के लिए पंचपारा में खुला मार्गदर्शन केन्द्र

रायगढ़, 4 मार्च। जिला शिक्षा अधिकारी श्री.बी.बाखला के निर्देशन एवं सहायक विकास खंड शिक्षा पुसौर श्री मनीष सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में आज शासकीय प्राथमिक/माध्यमिक शाला पंचपारा में छठवीं कक्षा में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिये कक्षा पांचवी के बच्चों हेतु मार्गदर्शन केन्द्र खोला गया। इस मौके पर संकुल शैक्षिक समन्वयक श्री भुवनेश्वर चौहान एवं श्री सालिक राम नायक द्वारा नवोदय विद्यालय के महत्व के बारे में बताया गया। संकुल प्राचार्य एवं सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को शुभकामना प्रेषित करते हुये नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में सफलता हेतु अग्रिम शुभकामनाएँ देकर बच्चों को प्रोत्साहित किये। पालकों ने इस प्रकार बच्चों के लिये मार्गदर्शन केन्द्र खोलने पर प्रसन्नता व्यक्त किया तथा इस केन्द्र में प्रति दिवस अपने बच्चों को भेजने के लिये दृढ़ और कृत संकल्पित होकर अपनी भावनाएं अभिव्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन श्री दुरेन्द्र नायक शिक्षक मा.शाला पंचपारा द्वारा किया गया।

समाचार संक्षेप

सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाएं होली सामाजिक समरसता का करें पालन

सुकमा, 4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री देवनारायण कश्यप की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष मे आयोजित की गई। सीईओ श्री कश्यप ने कहा कि सामाजिक सद्भाव एवं आपसी भाईचारा सुकमा जिले की गौरवशाली परंपरा रही है, हमें इसे आगे भी कायम रखना है। बैठक में सुकमा एस.डी.एम. सुश्री प्रीति दुर्गम, डिप्टी कलेक्टर, पुलिस विभाग से डीसपी श्री परमेश्वर तिलकवार सहित शांति समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

श्री कश्यप ने जिलेवासियों को सौहाद्रपूर्ण माहौल में होली त्योहार को शांति पूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। उन्होंने खासकर युवाओं को नशे का सेवन ना करने और तेज रफ्तार में वाहन ना चलाने पर बल दिया। इसके साथ ही रंग त्योहार के दिन पर नदी तट एवं अन्य स्थानों पर डूबने से दुर्घटना की आशंका को देखते हुए नगर सेनानी के जवानों की तैनाती के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस बलों की तैनाती की जाए और कानून व्यवस्था को भंग करने वालों पर सख्त कार्यवाही करें। इसके साथ ही अस्तताल में पूरे समय चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा।होलिका दहन सुरक्षित रुप से मनाने के लिए होलिका दहन हेतु चयनित स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा रंग त्योहार के दिन पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। रंग त्योहार के दिन नशे की हालात में गाड़ी चलाने वाले और हुड़दंग करने वाले लोगों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जिले के समस्त चौक चौराहों एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस बल के विशेष दस्ते की तैनाती करने के निर्देश थाना प्रभारियों को दिए है।

अमृत सरोवर योजना के तहत लक्ष्य से अधिक 78 नए पुराने तालाबों का निर्माण कार्य प्रगति पर

सुकमा, 4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। आजादी के अमृत महोत्सव अन्तर्गत जिले में मिशन अमृत सरोवर योजना के अधीन नवीन तालाबों का निर्माण तथा पुराने तालाबों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। अमृत सरोवर योजना के तहत् जिले के 75 नवीन तालाबों का निर्माण तथा पुराने तालाबों का जीर्णोद्धार करने का लक्ष्य रखा गया है। सुकमा विकासखण्ड के बड़ेसट्टी छिन्दगढ़ विकासखण्ड के कुन्ना, चितलनार, मेखावाया, टांगरास, तालनार, डोलेरास और कोण्टा के कोर्रापाड़, भेज्जी, दुब्बाटोटा, मुलाकिसोली, चिंतागुफा, मनिकोटा सहित आदि ग्रामों में अमृत सरोवर के कार्य को मनरेगा योजना से जोड़कर किया जा रहा है। साथ ही लगभग चार हजार मानव दिवस श्रृजन कर पंजीकृत श्रमिकों को रोजगार का अवसर प्रदान किया जा रहा है। वर्तमान में इस योजना के तहत् जिले में लक्ष्य से अधिक 78 अमृत सरोवर का कार्य प्रगतिरत है। विदित हो कि कलेक्टर ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में अमृत सरोवर के तहत् नवीन एवं पुराने तालाबों के निर्माण कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

रंग-गुलाल लगाकर मनाया जन्मदिन

सुकमा, 4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। रंग गुलाल एवं आतिशबाजी के साथ सुकमा बस स्टैण्ड परिसर में केक काटकर मनाया गया भाई राजेन्द्र कुलदीप जी का जन्म दिवस। इस अवसर में , नुपुर वैदिक जी,विवेक यादव, डमरू राम नाग , संजय सोढ़ी, राजकुमार श्रीवाने,राजकुमार कश्य ,डी. राजेश चौधरी जी, श्री उपेन्द्र सोनू नायक, सत्यनारायण बाबू , राजू मजूमदार , प्रशांत, मैकू निषाद जी सहित मैं स्वयं महेन्द्र सिंह भदौरिया उपस्थित रहे।

चोरी हुई मोटरसाइकिल को मैनपुर पुलिस ने किया बरामद

गरियाबंद, 4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। थाना मैनपुर पहुंच प्रार्थी साकेत कुमार पटेल साकिन मैनपुर ने रिपोट दर्ज कराया कि इसका मोटर सायकल एच.एफ. डीलक्स क्रमांक सीजी 04 एलएफ-9164 दिन के 11.30 बजे घर के सामने गली से अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले के निर्देशन तथा अति. पुलिस अधीक्षक चन्द्रेश ठाकुर के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मैनपुर अनुज कुमार के दिशा निर्देशन पर विवेचना कार्यवाही में लिया गया, विवेचना दौरान संदेही हेमंत ध्रुव से पुछताछ करने पर उक्त मोटर सायकल को चोरी करना स्वीकार करने पर उक्त मोटर सायकल एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 04 एलएफ-9164 को ग्राम बाजाघाटी जंगल से आरोपी हेमंत ध्रुव उम्र 20 साल साकिन जाड़ापदर थाना मैनपुर के कब्जे से जप्त कर मैनपुर पुलिस ने कब्जा मे लिया । प्रकरण के आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना मैनपुर प्रभारी सचिन गुमास्ता, म0पु0आ0 499 माधुरी यादव, प्र0आर0111 खिलेश्वर कश्यप, 105 विनोद नरेटी, आर0 214 जयकिशन यादव, आर0 348 संजय सूर्यवंशी, आर0 12 पुष्पेन्द्र साहू, आर0 747 कोमल घृतलहरे का कार्य सराहनीय योगदान रहा।

एक नजर

होली सौहार्द्रपूर्ण ढंग से मनाने शांति समिति की बैठक

सिमगा, 4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। थाना सिमगा में शांति समिति की बैठक रखी गई। एसडीओपी आशीष अरोरा तहसीलदार प्रियंका बंजारा थाना प्रभारी अमित शर्मा शर्मा के निर्देश में जिसमें दिनांक 6 मार्च होलिका दहन एवं 7 मार्च को रंग उत्सव मनाया जाएगा इसमें जनता हेतु अनेक निर्देश दिए गए जिसमें तीन सवारी गाड़ी चलाना व हुल्लड़ करना वर्जित किया गया है एवं नागरिकों से सहयोग कर नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपील की गई शांति समिति की बैठक में उच्च अधिकारी व प्रतिष्ठित नागरिक गण पहुंचे अध्यक्ष भागवत सोनकर उपाध्यक्ष अविनाश दास पार्षद सूर्यकांत ताम्रकार पार्षद अभिजीत अवस्थी पार्षद लखन लाल देवांगन ताम्रकार गजानंद सेन डॉक्टर फ़रुख़ मेमन बशीर खान पार्षद अब्दुल खान एक रहमान फ़रुख खान यूनुस खान दीनबंधु शर्मा गणेश देवांगन रमेश सोनी नीरज शर्मा ओम प्रकाश शर्मा रिंकू लाल योगेश ताम्रकार लल्लू पाटकर राजू चतुर्वेदी व अमृत पंजवानी शामिल थे। 6 मार्च को महामाया मंदिर पुराना बस स्टैंड व संकर नगर में होलिका दहन होगी वह 7 मार्च को रंग उत्सव व 7 मार्च को ही शबे बरात भी मनाया जाएगा।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर खुशहाल महिला-खुशहाल परिवार कार्यक्रम

भाटापारा, 4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित खुशहाल महिला खुशहाल परिवार कार्यक्रम प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय भाटापारा के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में खुशहाल महिला खुशहाल परिवार विषय पर स्थानीय संस्था भाग्य विधाता भवन एलआईसी ऑफिस के पीछे नरसिंह विहार कॉलोनी गांधी मंदिर वार्ड भाटापारा में दिनांक 5 मार्च 2023 रविवार को सायंकाल 4:45 बजे से कार्यक्रम आयोजित है। उक्त कार्यक्रम में दिव्य गीत, प्रेरणादायी उद्बोधन, मेडिटेशन आदि की प्रस्तुति होगी। वर्तमान विश्व में भौतिक विकास अपने चरम पर है, लेकिन मनुष्य का जीवन अनेक तनाव, उलझनों, चिंताओं, परेशानियों से युक्त है। घर परिवार में आज सुख के साधन अधिक संख्या में मौजूद है, पर सच्चा सुख, खुशी नहीं है। महिला परिवार की धुरी है उसकी मनः स्थिति घर परिवार के वातावरण को अधिक प्रभावित करती है। समस्याएं तो जीवन में आती रहती है, समस्या मुक्त जीवन संभव नहीं, पर इनके बीच रहते हुए भी खुशनुभ: जीवन जीना एक कला है, यदि महिलाएं स्वयं इस कला में पारंगत हो जाए तो परिवार को खुशहाल रख सकती है। अतः अपने परिवार को सुंदर खुशहाल बनाने एवं जीवन में सच्ची सुख शांति की प्राप्ति हेतु कार्यक्रम का लाभ उठाने हेतु सपरिवार अवश्य पधारें। क्षेत्रवासियों से विनम्र निवेदन है कि 5 मार्च रविवार को संध्या 4:45 तक बजे से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित खुशहाल महिला खुशहाल परिवार कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार पधारने की अपील राज योग शिक्षिका बी.के. मंजू बहन ने की है।

नरधा में 9 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा जिला के सभी थाना प्रभारी को अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही के निर्देश पर गिधौरी पुलिस द्वारा शराब कोचियों पर कार्यवाही कर अवैध रूप से शराब बेचने हेतु रखे आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से 1800 कीमत मूल्य का कुल 09 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को जेल भेजा गया है। आरोपी का नाम मनीष साहू पिता रामाधार साहू उम्र 22 साल साकिन नरधा थाना गिधौरी टुण्डरा जिला बलौदा बाजार भाटापारा है।

तेंदूपत्ता संग्रहण केंद्र के प्रबंधक ने छात्रवृत्ति दिलाने के नाम पर छात्रों से की धोखाधड़ी

- शिकायत के बावजूद प्रबंधक पर नहीं की जा रही किसी प्रकार की कार्रवाई
- मामला बलौदाबाजार जिला कसडोल विकासखंड से 25 किमी दूर वन परिक्षेत्र अर्जुनी के तेंदूपत्ता संग्रहण केंद्र का

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कसडोल, 4 मार्च। आपने ठगी के कई मामले सुने होंगे, लेकिन गरीब वनवासियों को छात्रवृत्ति दिलाने के नाम पर ठगने का मामला पहली बार सुना होगा। बलौदाबाज़ार जिला कसडोल विकासखंड वनमंडल के वन परिक्षेत्र के ग्राम अर्जुनी के तेंदूपत्ता संग्रहण केंद्र समिति गनियारी के प्रबंधक लक्ष्मीनारायण भोई ने वर्ष 2020- 21 में समिति क्षेत्र में आने वाले स्कूली छात्रों से छात्रवृत्ति दिलाने के नाम पर 34 छात्रों से आठ सौ रूपये से बारह सौ रुपये प्रति छात्र की दर से राशि वसूल किया और छात्रवृत्ति दिलाने का वादा किया। किंतु छात्रों से रूपये लेने के दो वर्ष बाद भी आज तक समिति प्रबंधक द्वारा इन छात्रों को वर्ष 2020- 21 की छात्रवृत्ति नहीं दिला पाए। और ना ही छात्रों से लिए गए रूपयों को वापस किया। जो कि पालकों की खून पसीने की गाढ़ी कमाई का हिस्सा था। जबकि वर्ष 2022 की छात्रवृत्ति छात्रों को मिल चुकी है। तेंदूपत्ता संग्रहण केंद्र गनियारी समिति प्रबंधक लक्ष्मीनारायण भोई के भ्रष्टाचार की कहानी बेहद लंबी है। जबकि छात्रा- छात्राओं के द्वारा ज्ञापन सौंपने के बाद भी नहीं हो रही है कोई कार्यवाही।

छात्रा-छात्राओं ने जाकर वन परिक्षेत्र अर्जुनी रेंजर ऑफिस में ज्ञापन दिया था फिर भी प्रबंधक लक्ष्मीनारायण भोई पर नहीं हो रही है कोई कार्यवाही। छात्र -छात्राओं का कहना है कि प्रबंधक लक्ष्मीनारायण भोई द्वारा छात्रा -छात्राओं पर दबाव डाला जा रहा है कि अपना शिकायत वापस ले लो करके। फिर भी छात्र -छात्राओं ने कहा कि हम अपना शिकायत वापस नहीं लेंगे और वन परिक्षेत्र अर्जुनी रेंजर ऑफिस में जाकर छात्रा-छात्राओं ने ज्ञापन सौंपा और कहा कि जब तक प्रबंधक लक्ष्मीनारायण भोई पर कोई कार्यवाही नहीं होगी तब तक हम सभी छात्रा-छात्राएँ चुप नहीं रहेंगे। अगर कोई कार्यवाही नहीं होगी तो हम सभी छात्रा-छात्राएँ एवं पालककगण, रेंजर ऑफिस वन परिक्षेत्र अर्जुनी के बाहर धरना-प्रदर्शन और भूख हड़ताल, पर बैठेंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। फिलहाल मामला गरीब छात्र - छात्राओं से ठगी का है। वह गरीब छात्र जो वन क्षेत्र में रहते हैं एवं बेहद कठिनाई से अपना जीवन यापन मां बाप के भरोसे रहकर पढ़ाई लिखाई करते हैं। सूत्रों ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि समिति प्रबंधक लक्ष्मीनारायण भोई ने अलग-अलग स्कूलों में छात्रवृत्ति दिलाने के नाम पर छात्रों से आठ सौ रुपये से लेकर हजार बारह सौ रूपए तक की वसूली की है और छात्रवृत्ति दिलाने की बात कही गई , लेकिन वह छात्रवृत्ति नहीं दिला पाए।

इस संबंध में समिति प्रबंधक लक्ष्मीनारायण भोई का कथन लेने का प्रयास किया गया। किंतु उनसे संपर्क नहीं हो पाया। इसी तरह इस संबंध में जानकारी लेने के लिए वन परिक्षेत्र अधिकारी संतोष चौहान से संपर्क करने की कोशिश की गई। किंतु वह दौरे पर होने के कारण उनका पक्ष नहीं लिया जा सका। उनका पक्ष जानने के लिए संवाददाता ने बाकायदा उनके कार्यालय में जाकर कार्यालय में मौजूद बीट गार्ड एवं एक अन्य डिप्टी रेंजर को जानकारी दी गई थी। किंतु वन परिक्षेत्र अधिकारी की ओर से कोई जवाब संवाददाता तक नहीं आया। अतः संबंधित ठगों का पक्ष जाने बिना समाचार प्रकाशित किया जा रहा है।आने वाले दिनों में समिति का आडिट न करवाने एवं उसके पीछे छिपे रहस्य को भी उजागर किया जाएगा।

समाचार संक्षेप

केन्द्रीय भण्डारण निगम का स्थापना दिवस मनाया गया

भाटापारा, 4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 2 मार्च को केंद्रीय भंडारण निगम का 67 वा स्थापना दिवस, केंद्रीय भण्डारगृह क्र.2 भाटापारा में बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर सर्वप्रथम पधारे अतिथियों का स्वागत किया गया पशचात मां सरस्वती का पूजन/दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण किया गया तथा कु सुमन सोरेन द्वारा मां सरस्वती वंदना का गायन किया गया। उक्त कार्यक्रम में भारतीय खाद्य निगम से अजीत सिंह, श्रुति चंदेल, प्रभात, नागरिक आपूर्ति निगम से अमृतांशु शुक्ला, सुनीता चौधरी, से.वे. भाटापारा - 1 के प्रबंधक एस.के. यादव वी स्टाफ निगम से सेवानिवृत्त हुए किशोर रजक, मालाकर, परिवहन ठेकेदार , ट्रक एसोसिएशन के संरक्षक राधेश्याम शर्मा, सभी हमाल साथी, राइस मिल एसोशियेशन बलौदाबाजार भाटापारा के जिलाध्यक्ष देवेंद्र भगु, नरेंद्र भूषाणिया, सपन केशरवानी, तरुण केशवानी एवं अन्य सभी सम्मानियो की उपस्थिति रही। इस अवसर पर सभी के द्वारा केंद्रीय भंडारण निगम की कार्यप्रणाली व 67 वर्षो की विकास यात्रा से अवगत कराया गया। तत्पश्चात आए अतिथियों के द्वारा परिसर में वृक्षारोपण किया गया साथ ही के.भ. भाटापारा-दो के रजनी कांत अग्रवाल व अभिषेक गुप्ता के द्वारा निगम के 67 वे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान कर लोगो में जागरूकता बढ़ाने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया गया। अंत में राकेश डडसेना, वेयरहाउस प्रबंधक द्वारा पधारे अतिथियों को स्मृति-चिन्ह प्रदान कर निगम के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

शहर थाना मे शांति समिति की बैठक हुई

भाटापारा, 4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। शहर थाना परिसर मे 3 मार्च को अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा आशिष आरोरा की अध्यक्षता एवं थाना प्रभारी भाटापारा शहर अरूण साहू, नायाब तहसीलदार भाटापारा कावेरी मुखर्जी, नगर पालिका उपाध्यक्ष त्रिलोक सलूजा नगर पालिका अधिकारी आर0आई0 अजय नायडु एवं पार्षदगण नगर पालिका भाटापारा की उपस्थिति में होली पर्व के सबंध में शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में भाटापारा शहर के पत्रकार बंधुगण, जनप्रतिनिधि गण, शहर के गणमान्य नागरिक, एवं डी.जे. संचालकगण उपस्थित हुए जिन्हें होलिका दहन सुरक्षित स्थान पर करने, होली शांतिपूर्ण ढंग से भाईचारे से मनाने हानिकारक केमिकल ग्रीस कीचड़ से होली नहीं खेलने डीजे पर पूर्णता प्रतिबंध मुखौटा एवं भीपू पर पूर्णता प्रतिबंध जबरदस्ती चंदा वसूली ना करने अपील की गई एवं पुलिस को सहयोग करने अपील किया गया।

सम्मान

तिल्दा-नेवरा, 4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। एकता महिला ग्राम संगठन सिलपट्टी में एक दिवसीय अधिवेशन का शुभारंभ हुआ जिसमें उत्कृष्ट महिला स्व सहायता समूह को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष टंकराम वर्मा सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

बाइक सवार युवक की दुर्घटना में मौत

डोंगरगढ़, 4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। अंडरब्रिज के पार मंदिर जाने वाले रोड पर बाइक सवार युवक की दुर्घटना होने से मौके पर ही मौत हो गई. पुलिस से मिली जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ समीपस्थ ग्राम राजकट्टा निवासी भोजराम मंडावी पिता शेखर मंडावी उम्र लगभग 25 वर्ष घरेलु कार्य से डोंगरगढ़ आ रहा था कि अंडरब्रिज के पास वाली सीसी रोड में मोटर साइकल अनियंत्रित हो गिर गई व सिर पर गंभीर चोट आने की वजह से युवक की मौकास्थल पर ही मौत हो गई. बताया जा रहा था कि युवक की मोटर साइकल में घरेलू कुत्ता भी सवार था और हादसे में उसकी भी मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर जाँच कर रही है।

भाजपा युवा मोर्चा ने गृहमंत्री का किया पुतला दहन

प्रदेश में बढ़ रही अराजकता के खिलाफ कार्रवाई की मांग, पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़, 4 मार्च। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत के आदेशानुसार मंडल स्तरीय छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री तामध्वज साहू का पुतला दहन किया गया. प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के निर्देशानुसार डोंगरगढ़ भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने गोल बाजार में गृहमंत्री का पुतला दहन करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है. ज्ञापन में उल्लेख है कि दिनांक 28 फरवरी 2023 को जिला सूरजपुर के भैयाथान मण्डल के भारतीय जनता युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्षअमन प्रताप सिंह के उपर रेत माफ्रिाओं द्वारा जानलेवा हमला किया गया, उनके दोनो पैरो पर गाड़ी चला दी गई जिससे उनके दोनों पैर पूरी तरह से क्षतीग्रस्त हो चुके है। इस कांग्रेस सरकार में लगातार कानूनी हालात बिगड़ते जा रहे हैं, जैसा कि बस्तर में भारतीय जनता पार्टी के बड़े पदाधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को चिन्हीत कर उनकी हत्या करवाई जा रही है। महिलाओं, युवतियों के उपर खुलेआम वार करना, अत्याचार करना, बलात्कार, लूटपाट आम घटना हो गई है।चोरी, डकैती, लूटपाट, चाकूबाजी, एवं सामान्य बात पर हथियार निकालकर हत्या और मारपीट के प्रकरण प्रदेशभर में इस सरकार के संरक्षण में बढ़ती जा रही है। सामाजिक राजनितिक कार्यकर्ताओं पर कांग्रेस के असामाजिक गुंडो द्वारा लगातार हमले, उठाईगिरी एवं अपहरण जैसी घटनाएं भी लगातार सामने आ रही है। वनवासी क्षेत्रों में भोले-भाले आदिवासियों को फर्जी एफआई.आर. एवं धारा लगाकर गिरफ्तारिया की जा रही है। इत्यादि अनेको असामाजिक अलोकतात्रिक कृत्य भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार में हो रहे हैं. पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया गया है कि अमन प्रताप सिंह पर हमला करने वालो पर एफआई.आर. दर्ज कर जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो और प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था में सुधार लाया जाये अन्यथा युवा मोर्चा के द्वारा उग्र आन्दोलन की चेतावनी दी गई है. इस अवसर पर पूर्व विधायक विनोद खांडेकर,शहर मंडल अध्यक्ष अमित जैन, नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा, वरिष्ठ नेता सुरेन्द्रसिंग बन्नोआना,युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमीत मिश्रा, महामंत्री विजेंद्र सिंह ठाकुर,मुकेश रामटेके सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202302094500057/202302094500057

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2022 2023
लालबहादुरन प.ह.न. 00015 [(है.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-श्रीमती कुमारी साहू,
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कुमारी साहू पति अमरदास साहू, जाति तेली, निवासी ग्राम व तहसील लाल बहादुर नगर, जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश कर निवेदन किया गया है कि, आवेदिका की माता विरम बाई पति स्व. होमा दास साहू, जाति तेली की मृत्यु दिनांक 04.09.2015 को स्थान लाल बहादुर नगर में हुआ है, जो कि भूलवश ग्राम पंचायत लाल बहादुर नगर में संधारित मृत्यु पंजी रजिस्टार में दर्ज नही हो पाया है। आवेदिका को अपनी माता विरम बाई पति स्व. होमा दास साहू, जाति तेली की मृत्यु तिथि ग्राम पंचायत लाल बहादुर नगर में संधारित मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहती है। अतः आवेदिका द्वारा ग्राम पंचायत लाल बहादुर नगर में संधारित मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 06.03.2023 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.02.2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/02/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, लाल बहादुर नगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202302094500058/202302094500058

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन् 2022-2023
लालबहादुरन प.ह.न. 00015 [(है.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार भागवत राम पटेल,
अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भागवत राम पटेल पिता स्व. श्री कंवल राम पटेल, जाति मरार, निवासी ग्राम व तहसील लाल बहादुर नगर, जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश कर निवेदन किया गया है कि, आवेदक की माता सुशीला बाई पति कंवल राम पटेल, जाति मरार की मृत्यु दिनांक 25.03.2008 को स्थान लाल बहादुर नगर में हुआ है, जो कि भूलवश ग्राम पंचायत लाल बहादुर नगर में संधारित मृत्यु पंजी रजिस्टार में दर्ज नही हो पाया है। आवेदक को अपनी माता सुशीला बाई पति कंवल राम पटेल, जाति मरार की मृत्यु तिथि ग्राम पंचायत लाल बहादुर नगर में संधारित मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता है। अतः आवेदक द्वारा ग्राम पंचायत लाल बहादुर नगर में संधारित मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 06.03.2023 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/02/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, लाल बहादुर नगर (छ.ग.)

प्रभा साहू और नरेन्द्र वर्मा ने किया नवीन शीतला भवन का लोकार्पण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़, 4 मार्च। रेंगाकठेरा प्रभा साहू जिला पंचायत सदस्य एवं जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा को डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम रेंगाकठेरा के ग्रामीणों द्वारा गांव के शीतला भवन निर्माण के लिए मांग की गई थी जिसे संज्ञान में लेते हुए जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा क्षेत्रीय जनपद सदस्य जयचंद वर्मा अथक प्रयास से सुकृति प्रदान की गई जिसे सरपंच नरसिंग वर्मा के द्वारा भव्य सुसज्जित शीतला भवन के निर्माण कराया गया जिसका आज 2 मार्च को शीतला माता भवन का लोकार्पण जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू एवं जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा के हाथों मां शीतला की पूजा अर्चना कर किया गया साथ में जनपद सदस्य भाई जयचंद वर्मा सरपंच नरसिंह वर्मा ग्राम प्रमुख उपसरपंच सतबाई निषाद पंच मंशा वर्मा दिनेश साहू सुमेंद साहू बलराम कांवर भानु निषाद डामेश्वरी साहू सरस्वती निषाद गोमती यादव निर्मला साहू त्रिलोका कंवर मिलॉतिन निषाद सरिता कंवर रजनी टेंभुरकेर परगन कंवर-ग्राम प्रमुख गोविंद वर्मा प्रेमलाल वर्मा निलकंठ कंवर बड़ी संख्या में ग्राम वासी की उपस्थिति रही।

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया, (छत्तीसगढ़)

स.प्र.क्र.202302211900023
ध.: 121 वर्ष 2021-22
ग्राम का नाम- बगवड़ुवा

ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती पुसनबाई ध्रुव पिता श्री तुलसीराम ध्रुव जाति गोंड़ निवासी ग्राम धौराभांठा प.ह.नं.22 रा.नि.मं. निपनिया तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ने अपनी माता श्रीमती रामकुंवर ध्रुव पति श्री तुलसीराम ध्रुव माता का नाम श्रीमती केजाबाई ध्रुव की मृत्यु दिनांक 11.05.1969 को (स्थान) ग्राम बगवड़ुवा का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत कोनी तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सरपंच प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 10/03/23 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 10/03/23 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 21/02/23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया।

मुहर — कार्यपालन दण्डाधिकारी, निपनिया (छत्तीसगढ़)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ/6
क्रमांक 202303100700021
वर्ष-2022-23

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक डॉ. ज्योति धारकर w/o राजेश धारकर साकिन बोरसी द्वारा ग्राम पोटियाकला प.ह.नं. 23(0) रा.नि.मं. कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 150/2 का टु. रकबा 1650 वर्गफुट को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता घनश्याम सिंह आ. सुन्दरलाल साहू से क्रय किया गया है को नामान्तरण किये के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन हैं ।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 17/3/2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 2/3/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

Tel.No 07727-223138
E-mail: cmobalodabazar@rediffmail.com
& cmobalodabazar@ymail.com

क्रमांक/3042 रा.वि./न.पा./2022
बलौदाबाजार, दिनांक 03/03/2023

-:भवन/भूमि दावा आपत्ति:-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बलौदाबाजार नगरीय सीमाक्षेत्र के वार्ड के 21 स्थित भवन जिसका खसरा नं. 1183/ 20 रकबा 0.0380 कुल क्षेत्रफल 4090 वर्गफीट जो कि नगर पालिका परिषद के सीमा अंतर्गत खुला प्लाट क्रय कर नाम दर्ज करने हेतु दस्तावेज प्राप्त हुआ है। जिसको श्री सुधीर कुमार जैन पिता श्री कपूर चंद जैन द्वारा पारिवारिक नामांतरण से प्राप्त कर नामांतरण हेतु आवेदन मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किया किया गया है।

छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 धारा 150 अंतर्गत नगर पालिका मांग पंजी में स्वामित्व के रूप में नामांतरण हेतु संबंधित प्रकाशन दिनांक से 30 दिन के भीतर लिखित आपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं, तत् संबंध में अध्यक्ष/मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा विचार किया जा सकता है, प्रकाशन के समयावधि पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा एवं आवेदक श्री सुधीर कुमार जैन पिता श्री कपूर चंद जैन के नाम से दर्ज किया जावेगा। सूचनार्थ प्रकाशन किया जाता हैं।

मुहर — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार

कार्यालय कलेक्टर/अध्यक्ष, जिला निर्माण समिति सुकमा जिला-सुकमा (छ.ग.)

मैनुअल पद्धति द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक/459/NIT No 53/जि.नि.स./2022-23 सुकमा, दिनांक-28/02/2023

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	ठेकेदार की श्रेणी	निविदा का प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	6
4	हाई स्कूल भवन पाकेला का नवीनीकरण कार्य (विद्युतीकरण सहित)	30.04	'ट' वर्ग से उच्च वर्ग तक	10/03/2023

उपरोक्त कार्यों की निविदा से संबंधित आवश्यक शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस पर कार्यालय से प्राप्त की जा सकेगी:-

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

सहा. नोडल अधिकारी
(कार्य.अभि.प्र.स.वि.अभि.)
जिला निर्माण समिति सुकमा (छ.ग.)

जी-99017/3

एक नजर

भक्त प्रहलाद की मूर्ति पूजा से मिलता है संतान सुख

रायपुर 4 मार्च। राजधानी के हृदय स्थल भक्त प्रहलाद धाम जोरापारा में बड़े ही अनूठे ढंग से होली मनायी जाती है। ऐसी मान्यता है कि निःसंतान दंपत्ति यदि होली के दिन भक्त प्रहलाद की पूजा-अर्चना करते हैं तो उनकी सूनी गोद अवश्य भरती है। भक्त प्रहलाद धाम समिति एवं आजाद सोशल एवं स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक विमल गुप्ता, अध्यक्ष राजेन्द्र कोल्हारकर और कार्यकर्ता सुशील नागदेव ने बताया कि लगभग 96 वर्ष से होलिका दहन कार्यक्रम विधवत रूप से किया जा रहा है। होलिका की गोद में प्रहलाद की मूर्ति को बैठाया जाता है और दहन होते समय भक्त निःसंतान दंपत्ति बारी-बारी से भक्त प्रहलाद की मूर्ति को अपने घर ले जाते हैं और लगभग पंद्रह दिन या एक माह तक पूजा अर्चना करने के बाद मूर्ति को अपने घर ले जाती है। यह काम पूरा एक वर्ष तक चलते रहता है।

छग को मिले छह आईपीएस, इशु अग्रवाल और हर्षित मेहर को मिला होम कैडर

रायपुर , 4 मार्च। भारतीय पुलिस सेवा 2021 बैच के अधिकारियों को कैडर प्रदान कर दिया गया है. छत्तीसगढ़ के इशु अग्रवाल को छत्तीसगढ़ का होम कैडर मिला है, वहीं 376वीं रैंक हर्षित मेहर को भी होम कैडर मिला है. इनके अलावा 228वीं रैंक प्राप्त मध्य प्रदेश के मयंक मिश्रा को 354वीं रैंक प्राप्त यूपी के विमल कुमार पाठक, 377वीं रैंक प्राप्त राजस्थान के राहुल बंसल और 482वां रैंक प्राप्त कर्नाटक की तहसीनबान दवादी को छत्तीसगढ़ कैडर प्रदान किया गया है।

स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश की घोषणा

रायपुर 4 मार्च। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, बेंगलुरु ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप संरचित अपने नए चार-वर्षीय स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश की घोषणा की है। कार्यक्रमों का उद्देश्य सामाजिक रूप से सजग, आत्म-शिक्षण में सक्षम, जागरूक और चिंतनशील युवा नागरिकों को तैयार करना और उन्हें प्रोत्साहन देना है। कार्यक्रमों में चार एकीकृत तत्व शामिल हैं - एक प्रबल मुख्य या मेजर विषय, गहन इंटर्नशिप के साथ व्यावसायिक तैयारी पर केंद्रित एक अंतःविषय घटक, दुनिया के साथ मिल जुल कर प्रभावी ढंग से कार्य करने एवं क्षमताओं को विकसित करने के लिए डिजाइन किए गए मूलभूत पाठ्यक्रमों का एक सेट और लचीले क्रेडिट की एक पूरी श्रृंखला है, जिससे छात्रों को अपनी रुचियों की व्यापक पड़ताल का अवसर मिल सकें। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, भोपाल शैक्षणिक वर्ष जुलाई 2023 से आरंभ होगा और इसी तरह के स्नातक कार्यक्रम और स्नातकोत्तर कार्यक्रम पेश करेगा। परिसर के पहले चरण का निर्माण-कार्य पूर्ण हो चुका है। बेंगलुरु में विश्वविद्यालय में पेश किए जाने वाले स्नातक कार्यक्रम हैं - अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, इतिहास, दर्शनशास्त्र, समाज विज्ञान में चार वर्ष का बीए ऑनर्स । जीव विज्ञान, रसायन शास्त्र, गणित, भौतिकी और पर्यावरण विज्ञान एवं सस्टेनेबिलिटी में चार वर्ष का बीएससी ऑनर्स । जीव विज्ञान, रसायन शास्त्र, गणित, भौतिकी में चार वर्ष का बी.एससी, बी.एड. ।

महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की तैयारी

रायपुर 4 मार्च। महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का इंतजार कर रहे सरकारी कर्मचारियों को होली से पहले बड़ी सौगात मिलने वाली है। दरअसल प्रदेश की भूपेश सरकार होली से पहले सरकारी कर्मचारियों को होली का गिफ्ट देने की तैयारी कर रही है। ऐसा माना जा रहा है कि होली से पहले सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की जा सकती है। इतना ही नहीं कयास ये भी लगाया जा रहा है कि 6 मार्च को प्रदेश का बजट पेश किया जाएगा, जिसमें भूपेश सरकार अनियमित कर्मचारियों को रेगुलर करने का भी ऐलान कर सकती है। हालांकि अभी सरकार की ओर से इस संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। वहीं दूसरी ओर कल यानि 3 मार्च को पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने मीडिया से बात करते हुए कर्मचारियों के लिए बड़ा संदेश दिया था। मोहन मरकाम ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सरकारी कर्माचारियों के लिए भूपेश सरकार 6 मार्च को खुशियों का पिटारा खोलेगी। उन्होंने बताया कि सरकार होली पर कर्मचारियों को बड़ी सौगात देने की तैयारी कर रही है और इसका जल्द ही ऐलान किया जा सकता है। बता दें कि छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है। सत्र के दौरान लगातार विपक्ष सरकारी और अनियमित कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों को उठा रही है।

सफाई में रायपुर जिले को दूसरा स्थान

रायपुर 4 मार्च। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 में जिला रायपुर ने तिमाही अक्टूबर से दिसंबर 2022 के मध्य क्वार्टरली प्रोग्रेस रैंकिंग में सर्वोत्तम प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर के रैंकिंग में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा सर्वेक्षण किया गया है। जिसमें कर्नाटक के हावेरी जिला को प्रथम तथा कर्नाटक के ही बेंगलुरू अर्बन डिस्ट्रीक्ट को तीसरा स्थान मिला है। वही छत्तीसगढ़ के रायपुर जिला को फर्स्ट स्टार केटेगरी में दूसरा स्थान मिला है। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने जिले की जनता एवं स्वच्छ भारत मिशन की टीम को बधाई देते हुए कहा कि सभी के प्रयास से ही संभव हुआ है। कलेक्टर डॉ भुरे ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर के रैंकिग हेतु डेल्टा अचीवमेंट स्कोर के अनुसार गणना किया जाता है। उन्होंने बताया कि ओडीएफ ग्राम घोषित किए जाने हेतु आवश्यक मापदंड में ओ डी एफ प्लस उदीयमान अंतर्गत- ग्राम के सभी परिवारों एवं संस्थानों में शौचालय, एवं गांव में ठोस अथवा तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था करना तथा ओडीएफ प्लस उज्जवल अंतर्गत- ग्राम के सभी परिवारों एवं संस्थानों में शौचालय तथा गांव में

ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था और ओ.डी.एफ. प्लस उत्कृष्ट अंतर्गत- ग्राम के सभी परिवार एवं संस्थानों में शौचालय, गांव में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, कम कूड़ा, कम जमा पानी, और प्लास्टिक अपशिष्ट जमा न हो एवं पांच प्रकार की आई ई सी पेंटिंग शामिल है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश छिकारा ने बताया कि ग्राम को ओ.डी.एफ. प्लस घोषित करने हेतु 478 ग्राम से 264 ग्राम ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और 356 ग्रामों को तरल अपशिष्ट प्रबंधन में चिन्हित कर दिया गया है। जिसमें उदीयमान में कुल 193 गांव, उज्जवल में कुल 111 गांव एवं उत्कृष्ट में 86 गांव घोषित करते हुए कुल 390 ग्राम को ओ.डी.एफ. ग्राम घोषित किया गया है। कुल ग्राम से 81.58 प्रतिशत ग्राम को ओडीएफ प्लस ग्राम घोषित किया गया है तथा ओ.डी.एफ. प्लस फेस-2 अंतर्गत कुल 296 सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया गया है जिसका सामुदायिक स्तर पर उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ओडीएफ प्लस फेस-2 अंतर्गत कुल 319 ग्राम में ठोस कचरा पृथक्करण शेड के साथ वर्मी एवं नाडेप का निर्माण कर इन ग्रामों में स्वच्छता ग्राही दीदियों को संलग्न कर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य पंचायत स्तर में किया जा रहा है। ओडीएफ प्लस फेस 2 अंतर्गत सभी ग्राम पंचायत एवं ग्रामों में ओडीएफ के स्थायित्व को बनाए रखने हेतु शिक्षा ग्राही द्वारा ग्राम/ ग्राम पंचायत स्तर में विभिन्न गतिविधियां जैसे- सामूहिक श्रमदान, नारा लेखन, दीवाल लेखन, रात्रि चौपाल एवं सामूहिक बैठक अन्य कार्य किया जा रहा है।

अतिक्रमण...

रायपुर 4 मार्च। चौबे कालोनी स्थित करबला तालाब पर भी अवैध कब्जाधारियों की नजर लग गई है। तालाब को पाटकर अतिक्रमण किया जा रहा है। तत्काल इस पर कार्रवाई नहीं की गई तो यहां कुछ दिनों बाद पक्के मकान नजर आने लगेंगे।

जांजगीर में खुलेगा मेडिकल कॉलेज: चंदेल

रायपुर 4 मार्च। छत्तीसगढ़ विधान सभा के बजट सत्र में आज नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने जांजगीर-चाम्पा जिले के जिला मुख्यालय जांजगीर में मेडिकल कॉलेज खोलने का अशासकीय संकल्प प्रस्तुत किया तथा उस संकल्प के पक्ष में तथ्य व तर्क प्रस्तुत किये तथा इसे मेडिकल काऊंसलिंग भारत सरकार को भेजने का आग्रह किया। नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने अपने भाषण में उल्लेख किया कि मुख्यमंत्री ने 5 जनवरी 2021 को जांजगीर की एक जनसभा में घोषणा की थी, लेकिन दुर्भाग्य है कि अभी तक मेडिकल कॉलेज का प्रस्ताव भारत सरकार को नहीं भेजा गया है। नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने इसे जोर- शोर से विधान सभा में उठाते हुए सदन से आग्रह किया कि सर्वसम्मति से इसे पारित किया जाये। संकल्प के समर्थन में वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल, अजय चंद्राकर, पुन्नूलाल मोहले, कृष्णमूर्ति बांधी, केशव चंद्रा, सहित अनेक विधायकों ने समर्थन किया। भारी गहमा-गहमी के बाद तथा नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल द्वारा बार-बार तथ्य रखने के उपरांत मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री सहमत हुए। सभी की सहमति से जिला मुख्यालय जांजगीर में मेडिकल कॉलेज खोलने का अशासकीय संकल्प का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ।

चेम्बर की मांग पर प्रशासन ने मंडी एवं कृषक कल्याण शुल्क में छूट प्रदान की

रायपुर 4 मार्च। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उतमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेंबर की मांग पर प्रशासन ने मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क में प्रदान की जिसके लिए चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी ने प्रदेश के समस्त व्यापारियों और किसानों की ओर से प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी का धन्यवाद ज्ञापित किया। चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने बताया कि मंडी शुल्क और कृषक कल्याण शुल्क में छूट को लेकर चेंबर द्वारा पूर्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी एवं कृषि मंत्री माननीय रविंद्र चैबे जी को ज्ञापन सौंपा गया था। पारवानी ने आगे कहा कि पोहा-मुरमुरा उद्योग, किराना एवं दलहन-तिलहनों पर बढ़ी हुई दर से लगने वाले मंडी शुल्क को लेकर चेंबर ने माननीय मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री जी से यह निवेदन किया था कि मंडी शुल्क में छूट प्रदान की जाए जिसके परिपेक्ष्य में आज प्रशासन द्वारा मंडी क्षेत्र में प्रदेश के बाहर से लायी गई अधिसूचित कृषि उपज (धान को छोड़कर) पर प्रति 100 रु. के मूल्य पर .50 पैसे की दर से तथा .25 पैसे की दर से कृषक कल्याण शुल्क निर्धारित की गई। श्री पारवानी ने मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क में छूट प्रदान करने हेतु प्रदेश के समस्त व्यापारी और किसानों की ओर से प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी एवं कृषिमंत्री माननीय रविंद्र चैबे जी का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि इस महत्वपूर्ण निर्णय से प्रदेश के समस्त व्यापारी और किसानों को अत्यधिक लाभ पहुंचेगा।

आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट भूपेश बघेल सरकार के सुशासन और छत्तीसगढ़ की समृद्धि का प्रमाण: कांग्रेस

रायपुर 4 मार्च। विधानसभा में प्रस्तुत छत्तीसगढ़ आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट, 2022-23 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भूपेश बघेल सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता आम जनता की समृद्धि है। वित्तीय अनुशासन, कुशल प्रबंधन और समावेशी विकास के जनहितकारी योजनाओं की प्राथमिकता का छत्तीसगढ़ मॉडल विगत चार वर्षों में देश दुनिया में स्थापित हुआ है। विगत 4 वर्षों में भूपेश सरकार ने अनेकों प्रतिमान स्थापित किए हैं जिसमें अर्थव्यवस्था की समृद्धि भी शामिल है। आज प्रस्तुत रिपोर्ट में स्पष्ट है कि जीडीपी के घटकों की विकास दर स्थिर भाव पर देश की तुलना में अर्थव्यवस्था के तीनों सेक्टर में बेहतर स्थिति में है। कृषि के क्षेत्र में राष्ट्रीय विकास दर जहां 3.45 है, वहीं छत्तीसगढ़ का कृषि क्षेत्र में विकास दर 5.93 है जो राष्ट्रीय औसत की तुलना में 2.48 अधिक है। उद्योग या कहें उत्पादन के क्षेत्र में जहां राष्ट्रीय औसत 4.11 है वही छत्तीसगढ़ का उत्पादन में विकास दर स्थिर भाव में 7.83 है अर्थात राष्ट्रीय औसत से 3.72 अधिक है। यही नहीं सेवा के क्षेत्र में भी छत्तीसगढ़ का औसत राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। अर्थव्यवस्था के तीनों प्रमुख सेक्टर कृषि, उत्पादन और सेवा में विगत 4 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने लगातार कीर्तिमान स्थापित किए हैं। केंद्र और अनेको राज्यों से छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन विगत चार वर्षों में लगातार बेहतर हुआ है। जीडीपी विकास दर स्थिर भाव में, जहां देश में 7 प्रतिशत है, वहीं छत्तीसगढ़ का वर्ष 2022-23 में 8 प्रतिशत अनुमानित है। प्रचलित भाव में राज्य का जीडीपी विकास दर 12.60 प्रतिशत होना अनुमानित है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भाजपा और कांग्रेस के नीति और नियत का मूल अंतर यही है कि भाजपा केवल चंद पूंजीपतियों के मुनाफे के लिए काम करती है और कांग्रेस का फोकस आम जनता की समृद्धि पर होता है। भूपेश सरकार में हर वर्ग के साथ न्याय सुनिश्चित किया है। किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, भूमिहीन कृषि श्रमिक न्याय योजना के साथ ही सामाजिक न्याय भी भूपेश सरकार की प्रतिबद्धता है। एक तरफ जहां मोदी सरकार के बजट में कुल प्राप्तियों में से 34 परसेंट कर्ज से प्राप्त किया जा रहा है, केंद्रीय बजट में कुल व्यय का सबसे बड़ा हिस्सा लगभग 20 प्रतिशत लिएगए ऋण पर ब्याज के रूप में चुकाया जा रहे हैं। विगत 8 वर्षों में देश पर कुल कर्ज का भार 3 गुना बढ़ गए। मोदी राज में बैंक फ्रॉड की घटनाएं लगातार बढ़ी है।

छत्तीसगढ़ बना अपराधगढ़ : केदार

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ अपराधियों का गढ़ बन गया है और अपराधी गिरोह बना कर अपराध कर रहे हैं। कांग्रेस के राज में अपराधियों ने प्रदेश भर में आतंक मचा रखा है। प्रदेश की जनता सट्टेबाजी से पहले ही परेशान थी, युवा नशे के आदी हो रहे हैं, अब नौनिहाल सूदखोरों के चंगुल में फंस कर जान गवा रहे हैं। छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया है और राजधानी रायपुर चाकूपुर। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा कि जिस तरह से रायपुर में 2000 रुपए के लिए कैंची मारकर किसी की हत्या कर दी जाती है, किसी घर का चिराग बुझा दिया जाता है। अपराधी यह सब पुलिस की नाक के नीचे संगठित गिरोह बनाकर कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता ने पुलिस और प्रशासन पर सवाल करते हुए कहा कि रायपुर में दो-दो आईजी काम कर रहे हैं, इसके बाद भी राजधानी रायपुर में अपराध करने में अपराधी जरा भी नहीं घबरा रहे हैं। अपनी सरकार को चूड़ियां भेजने की बजाय कांग्रेस नेता भ्रष्टाचारियों पर कार्यवाही करने वाली ईडी को चूड़ी भेजकर उसका अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेसियों को अगर चूड़ी भेजने का इतना ही शौक है तो प्रदेश की कानून व्यवस्था को दुरुस्त नहीं कर पाने वाले पुलिस अधिकारियों को भेजें। प्रदेश सरकार के मुखिया को चूड़ी भेंट करें। प्रदेश की कानून व्यवस्था दुरुस्त करने और बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने में विफल कांग्रेस सरकार केवल खानापूर्ति के लिए कार्यवाही करती है। अगर अपराधियों पर कठोर कार्रवाई की जाती तो इस तरह की वारदातें नहीं होतीं।

होली पर चीनी सामानों का व्यापारियों ने किया बहिष्कार

रायपुर 4 मार्च। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मीड़िया प्रभारी संजय चौबे ने बताया कि इस वर्ष होली के त्यौहार से प्रदेश सहित देश भर के व्यापारियों में एक नई उमंग और उत्साह का संचार हुआ है और व्यापार के भविष्य को लेकर

एक बार फिर नई आशा जगी है। पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष होली के त्योहारी सीजन में प्रदेश सहित देश भर के व्यापार में लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है जिसके कारण देश भर में 25 हजार करोड़ से ज्यादा का व्यापार होने की उम्मीद है। पिछले वर्षों की तरह चीनी सामान का न केवल व्यापारियों ने बल्कि आम लोगों ने भी पूर्ण बहिष्कार किया। होली से जुड़े सामान का देश में आयात लगभग 10 हजार करोड़ का होता है जो इस बार बिल्कुल नगण्य रहा । कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने कहा की इस बार होली की त्यौहारी बिक्री में चीन का बने हुए सामान का व्यापारियों एवं ग्राहकों ने बहिष्कार किया और केवल भारत में ही निर्मित हर्बल रंग एवं गुलाल, पिचकारी, गुब्बारे, चंदन, पूजा सामग्री, परिधान सहित अन्य सामानों की जमकर बिक्री हो रही है वहीं मिठाइयां, ड्राई फ्रूट, गिफ्ट आइटम्स, फूल एवं फल, कपड़े , फर्निशिंग फैब्रिक, किराना, एफएमसीजी प्रोडक्ट, कंज्यूमर ड्युरेबल्स सहित अन्य अनेकों उत्पादों की भी जबरदस्त माँग बाजारों में दिखाई दे रही है पारवानी एवं दोशी ने बताया की इस वर्ष प्रदेश सहित देश भर में भर में बड़े पैमाने पर होली समारोहों का आयोजन हो रहा है जिसके चलते बैंक्वेट हाल, फार्म हाउस, होटलों , रेस्टोरेंट एवं सार्वजनिक पार्कों में

रायपुर 4 मार्च। डंगनिया सब्जी बाजार के पास आज दोपहर इंडिगो कार में अचानक आग लग गई। बताया जाता है कि कार में पहले धुआं उठा इसके बाद कार ट्रांसफार्मर तक अपने आप चली गई फिर उसमे आग की लपटें उठने लगी। गनीमत है कि कार में कोई बैठा नहीं था। मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंच गया था।

पीडीएस के तहत माह मार्च के लिए 7,416 किलोलीटर केरोसिन का आबंटन

रायपुर, 4 मार्च । खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा गैर अनुसूचित क्षेत्रों के गैस कनेक्शनधारी राशन कार्डों में भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अंतर्गत केरोसिन प्रदाय किए जाने निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय नई दिल्ली से वर्ष 2023 के चतुर्थ तिमाही के लिए प्राप्त केरोसिन आबंटन में से 7416 किलोलीटर केरोसीन का छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत प्रचलित राशनकार्ड एवं हाकर्स के लिए माह मार्च 2023 के लिए उचित मूल्य दुकानवार आनलाईन आबंट जारी कर दिया गया है। इसमें पीडीएस के लिए 7367 और हाकर्स के लिए 49 किलोलीटर केरोसिन सामिल है। इस आशय का पत्र खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टरों और ऑयल उद्योग के राज्य स्तरीय समन्वयकों को भेज दिया गया है।

खाद्य विभाग द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि पीडीएस के तहत प्रचलित सभी अंत्योदय एवं प्राथमिकता वाले राशन कार्डो को पात्रता होगी। नगरीय क्षेत्रों के राशनकार्ड धारियों के लिए अधिकतम 2 लीटर केरोसीन तथा ग्रामीण क्षेत्रों के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्रों के राशनकार्ड धारियों को अधिकतम 3 लीटर तथा गैर अनुसूचित क्षेत्रों के राशनकार्ड धारियों को अधिकतम 2 लीटर की पात्रता होगी। वहीं हॉकर्स को 85 लीटर के मान से पृथक आबंटन जारी किया गया है। हॉकर्स को निर्धारित उचित मूल्य दुकान के समक्ष खड़े होकर हॉकर्स से राशन कार्डधारियों को केरोसिन वितरित कराने को कहा गया है।

माह मार्च के लिए जिलेवार केरोसीन आबंटन इस प्रकार है। बस्तर जिले के लिए 336 किलोलीटर केरोसीन का आबंटन जारी किया गया है। इसी प्रकार बीजापुर जिले के लिए 120 किलोलीटर, दन्तेवाड़ा जिले के लिए 120 किलोलीटर, कांकेर जिले के लिए 300 किलोलीटर, कोंडागांव जिले के लिए 252 किलोलीटर, नारयणपुर जिले के लिए 60 किलोलीटर, सुकमा जिले के लिए 144 किलोलीटर, बिलासपुर जिले के लिए 408 किलोलीटर, गौरला-पेंड्रा-मरवाही जिले के लिए 96 किलोलीटर, जांजगीर-चांपा जिले के लिए 252 किलोलीटर, कोरबा जिले के लिए 240 किलोलीटर, मुंगेली जिले के लिए 204 किलोलीटर, रायगढ़ जिले के लिए 252 किलोलीटर, बालोद जिले के लिए 168 किलोलीटर, बेमेतरा जिले के लिए 216 किलोलीटर, दुर्ग जिले के लिए 228 किलोलीटर, कवर्धा जिले के लिए 240 किलोलीटर, राजनांदगांव जिले के जिए 168 किलोलीटर, बलौदा बाजार भाटापारा 288 किलोलीटर, धमतरी जिले के लिए 192 किलोलीटर, गरियाबंद जिले के लिए 348 किलोलीटर, महासमुंद जिले के लिए 264 किलोलीटर, रायपुर जिले के लिए 348 किलोलीटर, बलरामपुर जिले के लिए 288 किलोलीटर, जशपुर जिले के लिए 420 किलोलीटर, कोरिया जिले के लिए 132 किलोलीटर, सरगुजा जिले के लिए 360 किलोलीटर, सूरजपुर जिले के लिए 324 किलोलीटर, सक्ती जिले के लिए 180 किलोलीटर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के लिए 144 किलोलीटर, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के लिए 180 किलोलीटर, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के लिए 84 किलोलीटर और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के लिए 60 किलोलीटर केरोसिन का आबंटन जारी किया गया है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23